
रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 25 जनवरी 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 157 मूल्य 3.00 ₹

# बघेल आज बस्तरवासियों को 109 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात

## अमृत मिशन योजनांतर्गत सिवरेज मास्टर प्लांट समेत कई योजनाओं का करेंगे लोकार्पण



पायनियर संवाददाता | रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बघेल बस्तरवासियों को आज लगभग 109 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री जगदलपुर प्रवास के दौरान बालीकोंटा में स्थित अमृत मिशन योजनातंर्गत निर्मित सिवरेज मास्टर प्लांट लोकार्पण सहित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इनमें 41.31 करोड़ रुपए से अधिक के 21 कार्यों का लोकार्पण और 68.10 करोड़ रुपए से अधिक के 08 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। बघेल जिन कार्यों का लोकर्पण करेंगे उनमें लगभग 3.14 करोड़ रूपए की लागत से सोनपुर, सिमोड़ा, उड़ियापाल और फरसीगांव मार्ग, 1.70 करोड़ रूपए की लागत से कुम्हली से बोदामुण्डा मार्ग, 1.11 करोड़ रूपए की लागत से पोटियापाल से बेंगलूर पहुंच मार्ग, 2.25 करोड़ रूपए की लागत से रायकोट गुडरापारा, सोड़ीपारा मार्ग, लगभग 1.99 करोड़ रूपए की लागत से दलपत सागर के समुंद चौक का चौड़ीकरण और पार्किंग निर्माण, 97 लाख रूपए की लागत से शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय जगदलपुर में कर्मशाला भवन में नवीनीकरण कार्य और 65 लाख रूपए की लागत से इलेक्ट्रो मशीन लैब एवं पॉवर प्रोटेक्शन रूम निर्माण का कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार 7.82 करोड़ लाख रूपए की लागत से बास्तानार के एन.एच. से तुरांगुर लालागुड़ा मूतनपाल मार्ग, 2.72 करोड़ रूपए की लागत से लामकेर टीकनपाल बालेंगा मार्ग, 02 करोड़ 66 लाख की लागत से मुडागांव से राजपुर मार्ग, 2.08 करोड़ रूपए की लागत से लोहण्डीगुड़ा के नरीपानी से मिचनार, 1.85 करोड़ रूपए की लागत से केशरपाल सोरगांव मार्ग, 1.68 करोड़ रूपए की लागत से घाटपाली से मोहपालबरई (टोटागुड़ापारा) मार्ग, 3.70 करोड़ रूपए की लागत से उरमीगुड़ा से टेकामेटा होते हुए भड़िसगांव तक और 1.72 करोड़ रूपए की लागत से बाजारपारा धराउर से मेंदरी होते हुए डूमरगुड़ा तक पक्की सड़क निर्माण शामिल हैं। इसके अलावा 14.51 लाख रूपए की लागत से छिंदगांव में दो और 5.95 लाख रूपए की लागत से कुम्हली में एक सामूहिक उद्वहन सिंचाई योजना, 3.52 करोड़ रूपए की लागत से ट्रांजिट हास्टल भवन निर्माण, 75 लाख रूपए की लागत से सुधापाल से कंडोपानी के बीच में पुलिया निर्माण, 73 लाख रूपए की लागत से सुदर्शन पारा मुनगाबहार नाला में पुलिया सहित लगभग 41 करोड़ 31 लाख रूपए के 21 कार्यों का लोकार्पण करेंगे। जिन कार्यों का भूमिपूजन करेंगे उनमें 42.82 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले जगदलपुर बायपास मार्ग, 15.87 करोड़ रूपए जगदलपुर से बम्हनी होते हुए आमागुड़ा तक मार्ग का उन्नयन एवं नवीनीकरण कार्य, 6.15 करोड़ रूपए की लागत से जगदलपुर के विभिन्न मार्गो पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य, नगर पंचायत बस्तर में 27 लाख की लागत से व्यवसायिक परिसर और 19 लाख से लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में समतलीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य, 93 लाख रूपए की लागत से सी.सी. सड़क सह नाली निर्माण मारेंगा मुख्यमार्ग से डोंगरीपारा तक सड़क निर्माण, 1.86 करोड़ की लागत से सी.सी. रोड सह नाली निर्माण सहित कुल 68 करोड़ 10 लाख 61 हजार के 08 शामिल हैं।

# भारत का मानव सहित अंतरिक्ष मिशन 'अब से कुछ समय बाद' : पीएम मोदी

वार्ता | नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत जल्दी ही अपने भरोसे अंतरिक्ष में मानव मिशन भेजने जा रहा है और इस अभियान में देश की युवा पीढ़ी लगन से जुटी है। मोदी ने राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2022 के विजेता बालक बालिकाओं से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा, ''अब से कुछ समय बाद, भारत अपने दमखम पर, पहली बार अंतरिक्ष में भारतीयों को भेजने वाला है। इस गगनयान मिशन का दारोमदार भी हमारे युवाओं के पर ही है। जो युवा इस मिशन के लिए चुने गए हैं, वो इस समय कड़ी मेहनत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने वैश्विक कंपनियों का नेतृत्व कर रहे भारतीय या भारतीय मूल के लोगों का उदाहरण देते हुए विजेताओं से कहा, 'आपकी ही पीढ़ी भारत ही नहीं, बल्कि भारत के बाहर भी इस नए दौर को नेतृत्व प्रदान कर रही है।'' उन्होंने कहा आज हमें गर्व होता है, जब हम देखते हैं कि भारत के युवा नए-नए इनोवेशन कर रहे हैं, देश को आगे बढ़ा रहे हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मानव मिशन के लिए शक्तिशाली अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण रॉकेट इंजन का पिछले दिनों सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। गगनयान/मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए विकसित किए जा रहे रॉकेट इंजन का परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स (आईपीआरसी) में किया गया। गौरतलब है कि भारत के राकेश शर्मा 1984 में अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय नागरिक है। तत्कालीन सोवियत संघ के अन्तरिक्ष यान में वह अन्तरिक्ष में गए थे।

# मोदी सरकार ने कोरोना में खोदी अमीर-गरीब के बीच खाईः राहुल

वार्ता | नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कोरोना महामारी के दौर में सरकार की नीतियों के कारण गरीब और अमीर के बीच का फासला बढा है और इस दौरान जो भी कदम उठाये गये, उसका फायदा सरकार के चंद चहेते पूंजीपतियों को ही मिला है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान सबसे ज्यादा मार गरीब को झेलनी पड़ी है और इस अवधि में उसकी आय 53 फीसदी घटी है, जबकि पैसे वालों की आय कई गुना बढ़ी है। गांधी ने ट्वीट किया, ÷कोविड महामारी पूरे देश ने झेली लेकिन ग़रीब वर्ग व मध्यम वर्ग मोदी सरकार की 'आर्थिक महामारी' के भी शिकार हैं। अमीर-ग़रीब के बीच बढ़ती ये खाई खोदने का श्रेय केंद्र सरकार को जाता है। इसके साथ ही उन्होंने एक अखबार में छपे आंकड़े देते हुए कहा कि अत्यधिक गरीब, मध्यम वर्ग तथा अपर मध्यम वर्ग की आमदनी 20 फीसदी घटी है जबकि सबसे ज्यादा अमीर लोगों की आय 20 फीसदी बढ़ी है।

# बेरोजगारों से 1 करोड़ से अधिक की ठगी का मामला, कलेक्टर ने बनाई जांच टीम






## एडीएम ठाकुर और 4 अधिकारी 15 दिनों में सौंपेंगे सूक्ष्म जांच रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता | जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार

बेरोजगारों से आदिवासी विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा नौकरी देने के नाम पर ठगी करने के मामले में पायनियर के द्वारा लगातार खुलासा किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और मामले की जांच के लिए संयुक्त कलेक्टर आईएल ठाकुर की अध्यक्षता में 4 अधिकारियों की एक जांच टीम गठित की है। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विभाग की ओर से जशपुर जिले में संचालित छात्रावास-आश्रमों में चतुर्थ वर्ग के पदों पर, कलेक्टर दर पर फर्जी नियुक्ति आदेश एवं मजदूरी दर पर रखे युवाओं से लेन-देन की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए मामले की जाँच के लिए जाँच समिति का गठन किया है। जांच समिति अपर कलेक्टर आई.एल ठाकुर की अध्यक्षता में बनाई गई हैं और डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी अधिकारी वित्त-स्था. योगेन्द्र श्रीवास, जिला कोषालय अधिकारी गणेशु प्रसाद धिदौड़े, जिला शिक्षा अधिकारी जे.के. प्रसाद को गठित जांच समिति के सदस्य में शामिल किए गए हैं। कलेक्टर ने मामले से संबंधित सभी पहलुओं पर सूक्ष्मता से जाँच कर तथ्यात्मक जाँच प्रतिवेदन, स्पष्ट अभिमत के साथ 15 दिवस के अन्दर प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है।

### भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

आदिवासी विकास विभाग की ओर से किए गए सुनियोजित भ्रष्टाचार के मामले को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी युर्वा मोर्चा की ओर से कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन सौंपा गया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन शर्मा, सरगुजा जिला प्रभारी नितिन राय और अन्य युवा कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल से मुलाकात कर बेरोजगारों के साथ की गई ठगी की शिकायत करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियो के खिलाफ अपराध दर्ज कराने की मांग की है। कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को जांच टीम का गठन करने की जानकारी देते हुए बताया कि मामले की जांच के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है और एक टीम गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।


## गोलवलकर व जिन्ना पर गरमाई राजनीति


# नरोत्तम मिश्रा ने साधा निशाना, दिग्विजय ने कांग्रेस को खत्म करने ली सुपारी

डॉ. शिशिर उपाध्याय | भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एकबार फिर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को निशाने पर लिया है। उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती पर गोलवलकर व मोहम्मद अली जिन्ना को लेकर टिप्पणी पर दिग्विजय सिंह के लिए कहा कि उन्होंने कांग्रेस को खत्म करने की सुपारी ली है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने सोमवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस के हिंदुत्व के विचारों को लेकर ट्वीट में टिप्पणी की है और कहा है कि उन्होंने उनके हिंदुत्व के विचार सुनें हैं। वे गोलवलकर और मोहम्मद अली जिन्ना के विचारों के विरोधी थे। दिग्विजय सिंह के इस ट्वीट को लेकर मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह मुस्तफा और पंजाब के डीजीपी पर कुछ नहीं बोलेंगे। इन मुद्दों पर कभी नहीं बोलेंगे।

### कांग्रेस के दो बड़े दिग्गजों के बीच अविश्वास





गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बीच परस्पर अविश्वास है। सीएम से उन्हें डेढ़ महीने बाद तो समय मिला और कमलनाथ ने उनके किए कराए पर पानी फेर दिया। उन्हें जैसे तैसे समय मिला था तो आप साथ हो लिए। वहीं, पूर्व मंत्री और विधायक उमंग सिंगार के ट्वीट पर भी मंत्री मिश्रा ने चुटकी ली है। सिंगार ने सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा दिग्विजय सिंह को समय नहीं दिए जाने और फिर रविवार को मुलाकात को हाई वोल्टेज ड्रामा बताते हुए शिवराजजी का नाम लिखकर मर्यादा व शिष्टाचार की राजनीति का बयान दिया है। इसको लेकर मिश्रा ने कहा कि सिंगार ने नाम किसी का भी लिखा हो लेकिन उनका निशाना कहीं और है। उन्होंने कहा कि सिंगार के दिग्विजय सिंह से संबंधों के बारे में सभी जानते हैं तो उनका ट्वीट में मर्यादा-शिष्टाचार की राजनीति का बयान किसके लिए दिया इसका अंदाज लगाया जा सकता है।

# कोरोना में सक्रिय मामलों की संख्या 22.5 लाख हुई

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस के नए मामलों की तुलना में इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या कम रही, जिसके कारण सक्रिय मामलों में 62,130 की वृद्धि हुई और ये 22.5 लाख हो गए। फिलहाल देश में 22 लाख 49 हजार335 सक्रिय मामले हैं। देश में पिछले 24 घंटो में 2,43,495, संक्रमण मुक्त हुए , जिसके बाद इस वायरस से निजात पाने वालों का आकड़ा 3. 68 करोड़ को पार कर गया।भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 3.06 लाख मामले सामने आए हैं और ये शनिवार की तुलना में करीब 27 हजार कम हैं। इससे पहले शनिवार कोरोना के 3.33 लाख मामले सामने आए थे। देश में दैनिक पॉजिविटी रेट अब 20. 75 फीसदी हो गया है। इस दौरान रविवार को 439 लोगों ने कोरोना से अपनी जान गंवा दी। देश में रविवार को 27,56, 364 लोगों को वैक्सीन की खुराक दी गयी और इसके बाद देश में अब तक तीन करोड़ 68 लाख चार हजार 145 लोगों को वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार सक्रिय मामलों की संख्या 22,49,335 पहुंच गई है।

नेशनल अस्पताल
भोपाल में
विश्व की आधुनिकतम और मध्य भारत की पहली
FFR/iFR, IVUS, OCT, Angiography
Integrated Cath Lab - Cardiac Services
माननीय मुख्यमंत्री
श्री शिवराज सिंह चौहान जी
द्वारा
शुभारंभ





संक्रमण से बचाव के लिए National Hospital का संपूर्ण Cardiac Unit (Cath Lab, Cardiac OT और Cardiac ICU) HEPA Filters युक्त HVAC System से लैस है, जो कोरोना Virus के संक्रमण से बचाव में भी अत्यंत प्रभावी है।

परंपरागत Angiography से Artery एवं उसके Blocks की पूरी जानकारी नहीं मिलती जो अब संभव है नेशनल अस्पताल की FFR/iFR, IVUS, OCT से Integrated Cath Lab में

| जाँच | जानकारी |
| --- | --- |
| FFR/iFR | Stent की वास्तव में आवश्यकता है या नहीं? एक से अधिक Blocks होने पर किस Block में Stent लगाने से फायदा होगा? जिन मरीजों की Bypass Surgery संभव नहीं है उनके Significant Block में Angioplasty/Stenting procedure का प्रभावी विकल्प के रूप में पहचान |
| IVUS | IVUS में हृदय धमनियों का अल्ट्रासाउण्ड किरणों द्वारा गहराई से परीक्षण किया जाता है। OCT में हृदय धमनियों का नियर इंफ्रारेड किरणों द्वारा सूक्ष्मता से परीक्षण किया जाता है। |
| OCT | Angioplasty/Stenting की सफलता एवं दूरगामी परिणाम, Coronary Artery एवं Blocks की सटीक जानकारी के आधार पर Stent के चयन और उसे Precision से लगाने की तकनीक पर निर्भर करते हैं। यह IVUS एवं OCT के Guidence से संभव है। Stenting के बाद IVUS/OCT परिणाम को बेहतर बनाने का एक आखिरी किन्तु महत्वपूर्ण मौका भी देता है। |

3D Rotational Angiography एवं DCR (Dynamic Coronary RoadMap) मरीज की जांच को न्यूनतम Radiation एवं कम Contrast (Dye) द्वारा संभव बनाते हैं। यह विशेषकर डायबिटीज, गुर्दे की बीमारी, हार्ट फेलियर एवं बुजुर्ग मरीजों के जोखिम को कम करता हैं।



अंतर्राष्ट्रीय मानको के अनुरुप Cardiac ऑपरेशन थियेटर
Advance Monitors और Ventilators से सुसज्जित ICU,
Doctors, Nurses एवं Paramedical Staff की समर्पित टीम;
यह हकीकत ही पहचान है नेशनल अस्पताल की...
" नेशनल अस्पताल की एकीकृत कैथ लैब सिर्फ़ नई Angiography मशीन ही नहीं, यह समाधान है उन सभी चुनौतियों का जिनका सामना डॉक्टर्स, अपने मरीज को सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने में करते हैं..."

हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम
डॉ. सुधांशु महाजन DM (Cardiology)
डॉ. पीयूष गोयनका DM (Cardiology)
डॉ. क्षितिज मावदे DM (Cardiology)

हार्ट सर्जन की टीम
डॉ. विवेक कान्हेरे MBBS, MS, M.Ch
डॉ. निखिल पेंडसे MBBS, MS, M.Ch
डॉ. सौरभ नंदा MBBS, DNB, M.Ch


PRIMARY / EMERGENCY ANGIOPLASTY 24 x 7
कोरोना संक्रमण के कारण सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं कर पाने पर विनम्र खेद !
नेशनल अस्पताल
करे दिल की देखभाल
हेल्पलाइन 810 909 0919
ई-3/61, अरेरा कॉलोनी, भोपाल 462016

# पीएम ग्राम सड़क योजना में सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर

## मंत्री टीएस सिंहदेव केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंस में हुए शामिल

■ प्रधानमंत्री आवास योजना और पीएमजीएसवाय की प्रगति की हुई समीक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ऑनलाइन बैठक में विभिन्न राज्यों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और साध्वी निरंजन ज्योति भी बैठक में शामिल हुईं। राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्लै, सचिव प्रसन्ना आर., प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के संचालक मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कटियार भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री सिंहदेव ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की प्रगति के बारे में बताया कि प्रदेश में योजना के पहले, दूसरे और तीसरे फेज के अंतर्गत कुल 42 हजार किलोमीटर से अधिक की 8547 सड़कें स्वीकृत हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में कुल 176 किलोमीटर लंबाई के 38 सड़कों के निर्माण के लिए निविदा स्वीकृत हो गई है। शेष 277 किलोमीटर के 54 सड़कों के लिए पुनर्निविदा की कार्यवाही निरंतर प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय-सीमा में सड़कों और पुलों का निर्माण पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। सड़कों की गुणवत्ता में छत्तीसगढ़ प्रथम स्थान पर है। राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूर्ण एवं प्रगतिरत सड़कों के 393 निरीक्षण किए गए हैं जिनमें कोई भी असंतोषप्रद श्रेणी में नहीं है। सिंहदेव ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे फेज में राज्य को 5612 किलोमीटर लंबाई की सड़क आबंटित थी। इन सभी सड़कों की स्वीकृति दो चरणों में प्राप्त कर राज्य प्रथम रहा है। इसके तहत स्वीकृत सभी सड़कों का निर्माण मार्च-2022 तक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने योजना के अंतर्गत कार्यों में तेजी को देखते हुए केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय से 2000 किलोमीटर लंबाई के अतिरिक्त सड़क मंजूर करने का आग्रह किया। उन्होंने जिस तरह निर्माण कार्यों में केन्द्रांश एवं राज्यांश 60.40 के अनुपात में आबंटन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है, उसी तरह सड़कों के नवीनीकरण और संधारण के कार्यों में भी 60.40 के अनुपात में आबंटन लागू करने का आग्रह किया। सिंहदेव ने बताया कि मार्च-2022 तक 20 और अगले वित्तीय वर्ष 2022-23 में 24 वृहद पुलों का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा।

# छत्तीसगढ़ में 'इलेक्ट्रिक व्हीकल' को प्रचलन में बढ़ावा देने के लिए पहल : अकबर



■ छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी' पर हुई चर्चा
■ अकबर ने कहा- इलेक्ट्रिक वाहन पार्क की स्थापना और इसके निर्माण इकाईयों को दी जाएगी हर संभव मदद

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा है कि वर्तमान में वायु प्रदूषण की वैश्विक समस्या के मद्देनजर अधिक से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों और सौर ऊर्जा के क्षेत्र संबंधी मिशन को राज्य सरकार द्वारा आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित हर संभव मदद दी जाएगी। परिवहन मंत्री अकबर राजधानी रायपुर के शंकर नगर स्थित अपने निवास कार्यालय में परिवहन विभाग के तत्वावधान में आयोजित अंर्तविभागीय समिति की बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक पॉलिसी बनाने के संबंध में अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे।

### अंतर्विभागीय समिति की बैठक

परिवहन मंत्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप छत्तीसगढ़ को 'इलेक्ट्रिक व्हीकल हब' तथा पर्यावरण प्रदूषण रहित राज्य के रूप में नई पहचान देना है। वायु प्रदूषण में कमी लाने तथा उर्जा की मांग को दृष्टिगत रखते हुए सौर उर्जा का उपयोग मुख्य विकल्प के रूप में परिलक्षित हो रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में वाहनों के संचालन हेतु पेट्रोल तथा डीजल का उपयोग किया जा रहा है। जिसकी पूर्ति के लिये अन्य देशों पर निर्भरता बनी हुई है तथा समय के साथ लगातार इसके मूल्यों में वृद्धि हो रही है। ऐसी स्थिति में इलेक्ट्रिक वाहन एक अच्छे विकल्प के रूप में उभरकर आया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक व्हीकल को प्रचलन में बढ़ावा देने के लिए हर संभव पहल की जा रही है। परिवहन मंत्री अकबर ने छत्तीसगढ़ स्टेट इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी के निर्माण के संबंध में कहा कि इलेक्ट्रिक व्हीकल पार्क तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के व्यवस्थित चालन तथा चार्जिंग के लिये चार्जिंग स्टेशन का निर्माण करना भी आवश्यक है। कुछ नगरीय निकायों एवं कपनियों ने अपने चार्जिंग स्टेशन बनाये है तथा इनकी संख्या में और वृद्धि करना आवश्यक होगा। जिससे आमजन को सुगमता से वाहन चार्जिंग की सुविधाए प्राप्त हो सके। छत्तीसगढ़ राज्य अपने भौगोलिक स्थिति के कारण सोलर उर्जा के लिये उत्तम है, जिससे सोलर उर्जा का उपयोग कर वाहनों के चार्जिंग हेतु सोलर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किये जा सकते है।

# मुख्यमंत्री आज दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 जनवरी को दंतेवाड़ा और जगदलपुर जिले के प्रवास पर रहेंगे, जहां वे विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे पुलिस ग्राउंड रायपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा प्रस्थान कर 11 बजे दंतेवाड़ा जिले के ग्राम छिंदनार (बारसूर) पहुंचेंगे और वहां छिंदनार ब्रिज सहित विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल छिंदनार से प्रस्थान कर दोपहर 12.50 बजे जगदलपुर जिले के बालीकोंटा पहुंचेंगे और वहां अमृत मिशन योजना के अंतर्गत निर्मित सिवरेज प्लांट का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद दोपहर 2.10 बजे धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में विभिन्न विकास कार्यो का अवलोकन करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5.15 बजे बस्तर चेम्बर ऑफ कामर्स के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 6.10 बजे दलपत सागर जाएंगे और वहां नवीनीकृत समुंद चौक का लोकार्पण और विभिन्न विकास कार्यो के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल होंगे।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी के अवसर पर राज्य स्तरीय समारोह का

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 'समावेशी, सुगम एवं सहभागी निर्वाचन की ओर अग्रसर' राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर 25 जनवरी को राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एम.के. राउत करेंगे। राज्य निर्वाचन आयुक्त छत्तीसगढ़ ठाकुर राम सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि यह कार्यक्रम न्यू सर्किट हाउस, रायपुर के प्रथम तल स्थित मिनी कॉन्फ्रेंस हॉल में सुबह 11 बजे से होगा। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचन से संबंधित विभिन्न एप्प तथा इ व्ही एम तथा व्ही व्ही पी ए टी पर केन्द्रित लघु फिल्मों का प्रदर्शन करने के साथ-साथ राज्य स्तरीय पुरस्कार और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2022 लकी ड्रा विजेताओं की घोषणा भी की जायेगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूर्ण, फायनल रिहर्सल में जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी रायपुर में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। माननीया राज्यपाल छत्तीसगढ़ अनुसुइया उइके मुख्य समारोह स्थल में ध्वजारोहण कर संयुक्त परेड की सलामी लेंगी। आज यहां पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित फायनल रिहर्सल में गार्ड आफ ऑनर द्वारा सलामी दी गई। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, अपर कलेक्टर एन.आर.साहू सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। परेड कमाण्डर, स्मृतिक राजनाला, भा.पु.से. परिवीक्षाधीन, जिला जगदलपुर और विकास कुमार भा.पु.से. परिवीक्षाधीन जिला बिलासपुर (रिजर्व) के नेतृत्व में सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, सशस्त्र सीमा बल, मध्यप्रदेश सशस्त्र बल (पुरुष), छ.ग. सशस्त्र बल (पुरुष), छत्तीसगढ़ पुलिस (पुरुष), छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला), नगर सेना(महिला) एवं बैण्ड के प्लाटून इस अवसर पर परेड में शामिल हुए।

**गणतंत्र दिवस पर राज्यपाल के हाथों होंगे सम्मानित :** गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों के विरूद्ध अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति का 'पुलिस वीरता पदक' से अलंकृत किया जाएगा। जिन अधिकारी-कर्मचारी को अलंकृत किया जाएगा उनमें कमलोचन कश्यप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सुरेश लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक, संजय पोटाम, निरीक्षक, लक्ष्मण केंवट, निरीक्षक, ओंकार सिंह दीवान, निरीक्षक, बीजाराम तामो, प्रधान आरक्षक, माशंकर राठौर, निरीक्षक, चेतन लाल बेलेन्द्र, प्रधान आरक्षक, मानिक लाल कोरेटी, प्रधान आरक्षक, मोहन लाल निषाद, निरीक्षक, बृजलाल भारद्वाज, निरीक्षक, कमलेश कुमार रात्रे, सहायक प्लाटून कमाण्डर, सोमारू राम यादव आरक्षक, आशीष सिंह राजपूत, निरीक्षक, इन्द्र कुमार शिवानी, कंपनी कमाण्डर, विन्टन कुमार साहू, निरीक्षक, अश्वनी राठौर, निरीक्षक,जीतेन्द्र कुमार डहरिया, उप निरीक्षक, दिनेश पुरेना, उप निरीक्षक, विरासत कुजूर, उप निरीक्षक,शहीद मुरली ताती, सहायक उप निरीक्षक की पत्नी मैनू ताती को पदक से अलंकृत किया जा रहा है।

इसी तरह उत्कृष्ट सेवा लिए राष्ट्रपति का 'विशिष्ट सेवा पदक' से उदयभान सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को अलंकृत किया जाएगा। इसी तरह 'सराहनीय सेवा पदक' से यदुराम तिर्की, उप पुलिस अधीक्षक, मनीष परमानंद, उप पुलिस अधीक्षक,श्रीराम वर्मा, सहायक सेनानी, डिलेश्वर प्रसाद साहू, उप निरीक्षक, अवधेश कुमार चैहान, उप निरीक्षक, प्रेमसाय भगत, सहायक उप निरीक्षक, दृगपाल प्रसाद तिवारी, प्रधान आरक्षक, प्रहलाद सिंह गागड़ा, प्रधान आरक्षक, मदन मोहन पटेल, प्रधान आरक्षक, अवकाश राम नरेटी, प्रधान आरक्षक को सम्मानित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस : बालिकाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले के सभी बाल विकास परियोजना में बालिका दिवस का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि बालिका सशक्तिकरण हेतु प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय स्तर पर बालिका दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका मूल उद्देश्य बालिकाओं के कन्या भ्रूण हत्या को रोकना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना तथा बालिकाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदाय करते हुए एनिमिया एवं कुपोषण को कम करना है।

जिले के सेक्टर एवं बालिकागृहों में बालिकाओं के विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य रूप से साईकिल रेस, मेंहदी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता शामिल है। नोनी सुरक्षा योजना के प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए। सुकन्या समृद्धि योजनांतर्गत् बैंक एवं पोस्ट ऑफिस में बालिकाओं के नाम से खाते खुलवाये जाने हेतु जागरूकता कार्य किया गया। उल्लेखनीय है कि राजीव गांधी बालिका सशक्तिकरण योजना (सबला योजना) अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जाता हैं तथा शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं को प्रतिमाह रेडी डू ईट प्रदाय किया जाता है।

# जन शिक्षण संस्थान रायपुर ने आयोजित किया 14वां राष्ट्रीय बालिका दिवस

■ कौशल विकास एवं उद्यम शीलता मंत्रालय भारत सरकार के प्रशिक्षण प्रदाता जन शिक्षण संस्थान

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर के तत्वावधान में राष्ट्रीय बालिका दिवस शहर के दो अलग-अलग जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण केन्द्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन शिक्षण संस्थान निदेशालय नई दिल्ली से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार 20 वर्ष तक की 75 बालिकाओं जिन्होंने गत वर्षों में किसी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए हों को सम्मानित कर जन शिक्षण संस्थान की उपलब्धियां बालिकाओं के सशक्ति करण हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा जनमानस तक पहुँचा कर उनको प्रेरित करना है।

रायपुर नगर निगम के जोन क्र. 01 क्षेत्र में खमतराई स्थित जन शिक्षण संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र में लगभग 30 उत्कृष्ट बालिकाओं का सम्मान मेडल पहनाकर क्षेत्रीय पार्षद गोदावरी साहू एवं जन शिक्षण संस्थान के निदेशक अतुल सिंह द्वारा किया गया।

निदेशक ने अपने उद्बोधन में कहा कि पहली बार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी 2009 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया गया एवं सुनिष्चित किया गया कि प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप म ेंमनाया जाए क्योंकि इसकी एक खास वजह पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी से जुड़ी हुई है, क्योंकि 24 जनवरी 1966 को ही इंदिरा गांधी पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की तथा प्रेम माथुर ने भी 24 जनवरी 1951 को भारत की प्रथम महिला कॉमर्शियल पायलेट बनी थी एवं 24 जनवरी 1950 को पहली बार भारत का राष्ट्रीय गान - जन गण मन को गाया एवं अपनाया गया था। उन्होंने बालिकाओं के उत्थान एवं सशक्तिकरण हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी। दूसरा कार्यक्रम रायपुर नगर निगम के जोन क्रं 05 के पुरानी बस्ती क्षेत्र में सतनामी भवन बंधवापारा में पार्षद जितेंद्र अग्रवाल एवं जन शिक्षण संस्थान रायपुर के कार्यक्रम अधिकारी गायत्री श्रीवास्तव के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें लगभग 45 उत्कृष्ट बालिकाओं का सम्मान मेडल पहना कर किया गया। कार्यक्रम में लोरी-लेखन एवं देश भक्ति गीत लेखन प्रतियोगिता भी रखा गया। जिसके अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बालिकाओं का भी सम्मान किया गया। पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल ने सभी बालिकाओं एवं उपस्थित महिलाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस की बधाई देते हुए उन्हें अपनी शक्ति को पहचानने एवं उसके अनुरूप अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचाते हुए अपनी प्रगति अपने परिवार की प्रगति का आह्वान किया।

## मनरेगा से 48.31 लाख रूपए की लागत से हो रहा नरवा उपचार, तीन गांवों के किसानों को फायदा

# पटपर नरवा के पुनर्जीवन से रबी फसल के लिए किसानों को मिल रहा पानी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

नरवा, गरवा, घुरवा, बारी कार्यक्रम के अंतर्गत नरवा उपचार की कोशिशें अब रंग ला रही हैं। राजनांदगांव जिले का ठाकुरटोला-गर्रा नरवा जिसे पटपर नरवा के नाम से भी जाना जाता है, अब जनवरी के महीने में भी नजर आ रहा है। ग्राम पंचायत और किसानों की मेहनत तथा मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) से 48 लाख 31 हजार रूपए की लागत से हो रहे नरवा उपचार के कार्यों ने इस नाले को पुनर्जीवित कर दिया है। नरवा उपचार के बाद वहां ठहरे पानी से पटपर गांव के 20 किसान 50 एकड़ में रबी की फसल ले रहे हैं। पटपर नरवा के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्ष-2019 में स्वीकृत 27 कार्यों में से 20 अब पूरे हो चुके हैं। इस दौरान गर्रा पंचायत के 521 मनरेगा श्रमिकों को 31 हजार 231 मानव दिवस का सीधा रोजगार भी मिला है। नरवा उपचार के लिए पटपर गांव में नया तालाब भी निर्माणाधीन है।







### पटपर नरवा के नाम से भी जाना जाता है

राजनांदगांव जिले के छुईखदान विकासखण्ड मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर की दूरी पर गर्रा ग्राम पंचायत है। इसके आश्रित गांव पटपर में कोहकाझोरी बांध के नजदीक की पहाड़ी से पटपर नरवा का उदगम होता है। गर्रा, पटपर और ग्राम पंचायत के एक अन्य आश्रित ग्राम जुझारा से होकर यह लगभग 7.77 किलोमीटर की यात्रा कर एक दूसरे नरवा मंडीपखोल में जाकर मिल जाता है। पटपर नरवा का कुल जलग्रहण क्षेत्र (कैचमेन्ट एरिया) करीब 1007 हेक्टेयर है। वन क्षेत्र में इसकी लम्बाई 3.62 किलोमीटर और राजस्व क्षेत्र में 4.15 किलोमीटर है, जबकि जलग्रहण क्षेत्र क्रमशः 394.89 हेक्टेयर और 611.61 हेक्टेयर है।

### लूज बोल्डर चेकडेम की छह और गेबियन की दो संरचनाएं बनाई गई हैं

पटपर नरवा में पानी को रोकने के लिए लूज बोल्डर चेकडेम की छह और गेबियन की दो संरचनाएं बनाई गई हैं। चार लाख 68 हजार रूपए की लागत के इन संरचनाओं के निर्माण से अब पहाड़ी से आने वाले पानी का बहाव धीमा हो गया है। इससे भू-जल स्तर में सुधार देखने को मिला है। नरवा में पानी रूकने से आसपास की जमीन में नमी की मात्रा बनी रहने लगी है, जिससे इसके दोनों ओर के 20 किसान लाभान्वित हुए हैं। नरवा उपचार के लिए जुझारा गांव में भी छह संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित है। इसके बनने से वहां के 12 किसान प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे और उनके कुल 30 एक? खेत तक पानी पहुंचेगा।

### जुझारा गांव में भी छह संरचनाओं का निर्माण प्रस्तावित

पटपर नरवा के कैचमेन्ट एरिया में जल-संचय व संवर्धन के लिए पटपर में श्मशान घाट के पास एक नए तालाब के निर्माण के साथ ही गिट्टी खदान के पास स्थित तालाब का गहरीकरण किया गया है। पटपर में नए तालाब की खुदाई भी प्रगतिरत है।

### किसानों के 28 एकड़ खेत में धान की भरपूर पैदावार हुई

नरवा पर बनाए गए विविध संरचनाओं का सीधा लाभ ग्रामीणों व किसानों को जल संग्रहण और सिंचाई सुविधा के रूप में मिल रहा है। किसान हरीराम पटपर नरवा के पुनरूद्धार से हो रहे फायदे के बारे में बताते हैं कि वे पहले अपने तीन एकड़ जमीन पर एक बोर के सहारे केवल सोयाबीन और चना की ही खेती करते थे। पर इस बार भूमि सुधार के बाद बोर के साथ ही नरवा में रूके पानी का उपयोग कर उन्होंने साढ़े चार एकड़ में चना, धान और गेहूं की फसल ली है। इससे खेती से होने वाली उसकी कमाई बढ़ी है। वह क्षेत्र में नरवा उपचार के कार्यों से बेहद खुश है।

# बेबसी का जीवन जी रही महिलाओं को देख दीपिका का छलक उठा दर्द

## धुरनक्सलगढ़ बुर्कापाल पहुंची दीपिका, परिवार के मुखिया के जेल जाने के बाद विधवा सी जिंदगी जी रही महिलाएं

■ बच्चों का जीवन भी अनाथों के जैसा

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com





बुर्कापाल में एक नक्सल अटैक हुआ जिसमें 74 वी बटालियन के 26 जवान शहीद हुए व 7 जवान घायल हुए इसके बाद इस इलाके से 117 लोगों पर नक्सल हमले के मामले पर कार्यवाही की गई जिसमें से बुर्कापाल के 39 लोगों पर इस नक्सल अटैक में शामिल होने का आरोप है व वो इस वक्त जेल में हैं इस घटना के बाद मानो यहां की महिलाओ की जिंदगी में एक भूचाल सा आ गया हो इनकी बेबसी से भरी जिंदगी से रूबरू होने भाजयूमो प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता दीपिका शोरी इनके गांव बुर्कापाल पहुंची दीपिका ने बताया कि जब उन्होंने इन महिलाओं से बात की तो इन महिलाओं ने बताया बुर्कापाल नक्सल अटैक के बाद सुरक्षा बल के जवानों का आरोप था कि उन्होंने ही माओवादियों को अपने घरों में पनाह दी थी. परन्तु इन गाँव की महिलाएं इन आरोपों का खंडन करती हैं. उनका कहना है कि जब इन क्षेत्रों में सैकड़ों की संख्या में जब हथियारबंद माओवादी किसी भी गाँव में घुसते थे तो गांव के लोग उनका विरोध भला कैसे कर सकते थे साथ ही दीपिका ने कहा कि जो आरोपी इस मामले में विचाराधीन हैं उनका फैसला तो न्यायपालिका करेगी ही पर इसमें इन महिलाओं का उनके बच्चों का उनके माता पिता का क्या दोष है।

### शासन की समस्त योजनाओं के हकदार


दीपिका ने कहा कि शासन ने जितनी भी योजनाएं संचालित कर रखी हैं उन सभी योजनाओं को पाने के हकदार हैं बुर्कापाल के रहवासी परन्तु इन ग्रामीणों को शासन की महती योजनाओं की जानकारी ही नहीं है क्योंकि यहाँ पर सुरक्षा बलों के बड़े अधिकारियों के अलावा किसी भी अन्य अधिकारी का कभी प्रवास ही नहीं होता है।

### एक भी पीएम आवास नहीं बने

दीपिका ने कहा कि बुर्कापाल में लगभग सभी ग्रामीण छोटी छोटी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं न तन ढंकने को ज्यादा वस्त्र हैं न रहने को एक अच्छा मकान वो भी बिना घर के मुखिया के यहाँ की महिलाएं कितनी विषम परिस्थितियों में अपना जीवन यापन कर रही हैं यह एक विचारणीय प्रश्न है। जिस दिन बुर्कापाल जैसे गाँव की तश्वीर बदलेगी तो अवश्य सुकमा की तश्वीर बदलेगी। दीपिका ने कहा कि यह कहानी सिर्फबुर्कापाल की ही नहीं है अपितु सुकमा जिले के सड़क से अंदर की ओर बसे गांव में जीवन यापन कर रहे हर परिवार की है जिस दिन बुर्कापाल जैसे गाँव की तश्वीर बदलेगी उस दिन किसी सफलता की कहानी गढ़ने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी अपने आप सुकमा की तश्वीर बदल जाएगी। बुर्कापाल के बच्चों को भी अधिकार है डीएवी व आत्मानंद जैसे संस्था में अध्ययन करने की दीपिका ने कहा कि अधनंगे बदन इस गाँव मे रहने वाले हर बच्चे का अधिकार है कि वो भी जिले की आत्मानंद एवं डीएवी जैसी संस्था में अध्ययन कर इस अंधकार से निकल कर अपने भविष्य को उजाले की ओर ले जाएं जिसके लिए निश्चित तौर पर जिला प्रशासन को ध्यान रखना चाहिए।



## गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस, किया गया अंतिम रिहर्सल



पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com

भारत का 73वां गणतंत्र दिवस जिले में गरिमामय ढंग से मनाया जायेगा। मुख्य अतिथि जिले के प्रभारी मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में प्रातः 09 बजे ध्वजारोहण कर सलामी ली जायेगी तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का ''जनता के नाम संदेश'' का वाचन किया जाएगा, तत्पश्चात कोरोना वारियर्स का सम्मान किया जावेगा। गणतंत्र दिवस समारोह का आज अंतिम रिहर्सल किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अपर कलेक्टर एस.पी. वैद्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जी.एन. बघेल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल, एसडीएम कांकेर डॉ. कल्पना ध्रुव, एसडीओपी चित्रा वर्मा, डीएसपी अमृत कूजूर, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.एल. मरकाम सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।



## सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं : शोरी

■ नेताजी के जयन्ती पर कांग्रेसजनों उनके व्यक्तित्व को याद किया

पायनियर संवाददाता ➤ कांकेर
www.dailypioneer.com



स्वाधीनता महासंग्राम के प्रमुख नायक आजाद हिंद फौज के संस्थापक महान क्रांतिकारी नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधायक निवास में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के देश में के प्रति दिये योगदान को याद कर उनके छायाचित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी ने नेताजी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा कि सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेता थे। सुभाष चंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। नेताजी ने देश की आजादी के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया था. देश को स्वाधीनता दिलाने के लिए उन्होंने देश वासियों में देश प्रेम का भाव जागृत करते हुए ÷ तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आज़ादी दूंगा..का नारा बुलंद किया । यही कारण है कि सुभाष चंद्र बोस आज भी लोगों के दिलों में बसते हैं। कांग्रेसजनों ने नेता जी की जयंती पर उन्हें शत शत नमन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं किसान राइस मिल के अध्यक्ष आशीष दत्ताराय, जिला कांग्रेस के महामंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी, ब्लॉंक कांग्रेस अध्यक्ष रोमनाथ जैन, मनोज जैन, याशीन कराणी, महेंद्र यादव, नरेश बिछिया, अजय भासवानी, विजय यादव, उदय बंटी शर्मा, श्रीचंद कोड़ोपी, प्रशान्त भास्कर सहित अन्य कांग्रेसजम उपस्थित थे।

## पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर



पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

जिले के भरण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की बीती रात लगभग 1ः30 बजे जिला मुख्यालय से 6 किमी. अंतागढ़ मुख्य मार्ग पर दक्षिण दिशा में पुल के पास डीआरजी जवानों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ पश्चात् घटना स्थल की सर्चिंग के दौरान 01 अज्ञात माओवादी का शव बरामद किया गया है साथ ही एक भरमार हत्यार के साथ भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। क्षेत्र में सर्चिंग जारी है। वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर ने बताया कि बीती रात नारायणपुर डीआरजी के जवान गस्त के लिए निकले थे कि भरण्डा के पास अचानक जंगलों से अंधाधुंध फायरिंग हुई जब डीआरजी जवानों ने जवाबी फायरिंग की तो नक्सली अपने आप कमजोर होता देख भाग खड़े हुए। मुठभेड़ खत्म होने के बाद एरिया सर्चिंग किया गया तो मौके से एक नक्सली का शव एवं दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बेटियों का हुआ सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर नारायणपुर भाजपा की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की टीम ने राजपूत क्षत्रिय समाज के भवन में ज़िले की अनेक बेटियों को मास्क, पेन व मिष्ठान का वितरण कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर ज़िला संयोजक जयप्रकाश शर्मा ने कहा की अभियान के माध्यम से बालिका के जन्म को जश्न के रूप में मनाने के साथ उसे शिक्षा ग्रहण करने में सक्षम बनाया जाएगा वही लड़कियों का जन्म,पोषण व शिक्षा बिना किसी भेदभाव के हो और सामान अधिकारो के साथ वे देश की सशक्त नागरिक बने।वही युग निर्माण में बेटियों के योगदान तथा आज किसी भी क्षेत्र में हमारी बिटिया किसी से कम नहीं है वे बेटों से आगे निकल गयी है ।इस दौरान भाजपा ज़िलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन,जागेश्वर सिंह ठाकुर, संजय तिवारी, भगवती हलधर, केसर निषाद, फूलमत कौर, शांति ठाकुर आदि मौजूद थे ।

## 'राष्ट्रीय मतदाता दिवस'आज




**कांकेर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार कोविड-19 के सुरक्षात्मक उपायों जैसे सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क पहनना इत्यादि के साथ 25 जनवरी को ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' मनाया जाएगा। इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे अपने कार्यालय/कक्ष में ''राष्ट्रीय मतदाता दिवस'' का शपथ लिया जाएगा।

### पुरुष और महिलाएं एक सिक्के के दो पहलुओं की तरह

## बेटियों के लिए शिक्षा ही अनमोल तोहफा : किरण भदौरिया

पायनियर संवाददाता ➤ बचेली
www.dailypioneer.com

शिक्षा जीवन जीने का एक अनिवार्य हिस्सा है चाहे वह लड़का हो या लड़की हो। महिला के अधिकारों की रक्षा में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह लिंग के आधार पर भेदभाव को रोकने में भी मदद करती है। शिक्षा महिलाओं को जीवन के मार्ग को चुनने का अधिकार देने का पहला कदम है जिस पर वह आगे बढ़ती है। एक शिक्षित महिला में कौशल, सूचना, प्रतिभा और आत्मविश्वास होता है जो उसे एक बेहतर मां, कर्मचारी और देश का निवासी बनाती है। महिलाएं हमारे देश की आबादी का लगभग आधा हिस्सा हैं। पुरुष और महिलाएं सिक्के के दो पहलूओं की तरह हैं और उन्हें देश के विकास में योगदान करने के समान अवसर की आवश्यकता होती है।

पहले समय में लड़कियों की शिक्षा को कभी भी आवश्यक नहीं माना गया था लेकिन समय गुजरने के साथ लोगों ने लड़कियों की शिक्षा का महत्व महसूस किया है। यह अब आधुनिक युग में लड़कियों के प्रोत्साहन के रूप में माना जाता है। अब महिलाएं जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रही हैं लेकिन फिर भी कुछ ऐसे लोग हैं जो लड़कियों की शिक्षा का विरोध करते हैं क्योंकि उनका मानना है कि लड़की का काम घर तक सीमित है और उन्हें लगता है कि लड़कियों की शिक्षा पर खर्च करना पैसा व्यर्थ करना है। यह विचार गलत है क्योंकि लड़कियों की शिक्षा समाज में बदलाव ला सकती है।

लड़कियों की शिक्षा में कई फायदे हैं। एक सुशिक्षित और सुशोभित लड़की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। एक शिक्षित लड़की विभिन्न क्षेत्रों में पुरुषों के काम और बोझ को साझा कर सकती है। एक शिक्षित लड़की की अगर कम उम्र में शादी नहीं की गई तो वह लेखक, शिक्षक, वकील, डॉक्टर और वैज्ञानिक के रूप में देश की सेवा कर सकती हैं। इसके अलावा वह अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शन कर सकती है।

आर्थिक संकट के इस युग में लड़कियों के लिए शिक्षा एक वरदान है। आज के समय में एक मध्यवर्गीय परिवार की जरूरतों को पूरा करना वास्तव में कठिन है। शादी के बाद अगर एक शिक्षित लड़की काम करती



है तो वह अपने पति के साथ परिवार के खर्चों को पूरा करने में मदद कर सकती है। अगर किसी महिला के पति की मृत्यु हो जाती है तो वह काम करके पैसा कमा सकती है।

शिक्षा महिलाओं के सोच के दायरे को भी बढ़ाती है जिससे वह अपने बच्चों की परवरिश अच्छे से कर सकती है। इससे वह यह भी तय कर सकती है कि उसके और उसके परिवार के लिए क्या सबसे अच्छा है।

शिक्षा एक लड़की को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में मदद करती है ताकि वह अपने अधिकारों और महिलाओं के सशक्तिकरण को पहचान सके जिससे उसे लिंग असमानता की समस्या से लड़ने में मदद मिले किसी भी राष्ट का सुधार लड़कियों की शिक्षा पर निर्भर करता है देश के उचित सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए लड़कियों की शिक्षा आवश्यक है। पुरुष और महिलाएं दोनों समाज में दो समान पहियों की तरह समानांतर चलते हैं। इसलिए दोनों देश के विकास और प्रगति के महत्वपूर्ण घटक हैं। इस प्रकार जब भी शिक्षा की बात आती है तो दोनों को बराबर अवसर की आवश्यकता होती है।

देश के भविष्य के लिए भारत में लड़कियों की शिक्षा आवश्यक है क्योंकि महिलायें अपने बच्चों की पहली शिक्षक हैं जो देश का भविष्य हैं। अशिक्षित महिलाएं परिवार के प्रबंधन में योगदान नहीं दे सकती और बच्चों की उचित देखभाल करने में नाकाम रहती हैं। इस प्रकार भविष्य की पीढ़ी कमजोर हो सकती है। लड़कियों की शिक्षा के कई फायदे हैं।

कुछ का उल्लेख निम्नानुसार है : शिक्षित महिला अपने भविष्य को सही आकार देने में अधिक सक्षम हैं। शिक्षित महिलाएं काम करने और आर्थिक रूप से मजबूत बनती है। शिक्षित महिलाओं ने भ्रष्टाचार को कम किया है और उन स्थितियों को बदल दिया है जो आतंकवाद को जन्म देती हैं। शिक्षित महिलाएं परिवार की आय में योगदान करने के लिए बेहतर संचालन कर रही हैं। शिक्षित महिलाएं स्वस्थ होती है और उनमें भरपूर आत्म सम्मान और आत्मविश्वास होता है। शिक्षित महिलाएं अपने समुदाय को योगदान देने और समृद्ध करने में मदद करती है। महिलाएं जो शिक्षित होती हैं वे दूसरों में शिक्षा को बढ़ावा देने की क्षमता रखती हैं। शिक्षित महिला बिना किसी संदेह के अपने परिवार को अधिक कुशलता से संभाल सकती हैं। वह बच्चों में अच्छे गुण प्रदान करके परिवार के प्रत्येक मेंबर को उत्तरदायी बना सकती हैं। शिक्षित महिला सामाजिक कार्यकलापों में भाग ले सकती हैं और यह सामाजिक-आर्थिक रूप से स्वस्थ राष्ट के लिए एक बड़ा योगदान हो सकता है। महिला को शिक्षित करके पूरे देश को शिक्षित किया जा सकता है। लड़कियों की शिक्षा की कमी ने समाज के शक्तिशाली भाग को कमजोर कर दिया है। इसलिए महिलाओं को शिक्षा का पूर्ण अधिकार होना चाहिए और उन्हें पुरुषों से कमजोर नहीं मानना चाहिए। भारत अब महिलाओं की शिक्षा के आधार पर एक प्रमुख देश है। भारतीय इतिहास प्रतिभाशाली महिलाओं से भरा हुआ है। इसमें महिला दार्शनिकों जैसे गार्गी, विसबाबरा और मैत्रेय आदि शामिल हैं। अन्य प्रसिद्ध महिलाओं में मिराबाई, दुर्गाबाटी, अहल्याबिया और लक्ष्मीबाई शामिल हैं। आज के समय में भारत की सभी महान और ऐतिहासिक महिलाएं प्रेरणा का स्त्रोत हैं। हम समाज और देश के लिए उनके योगदान को कभी भी नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता

# उपचुनाव : नवनिर्वाचित 6 सरपंचों का सम्पत अग्रवाल ने किया सम्मान

## सम्मान समारोह में सरपंचों ने ली नीलांचल सदस्यता, कहा- मिलकर करेंगे सेवा कार्य

पायनियर संवाददाता < बसना
www.dailypioneer.com



नीलांचल सेवा समिति द्वारा क्षेत्र के 6 नव निर्वाचित सरपंचो का नीलांचल भवन बसना में सम्मान किया गया। गौरतलब है कि हाल ही में हुए पंचायती उपचुनाव में बसना क्षेत्र अंतर्गत सरपंचों के आकस्मिक निधन एवं पदत्याग के कारण रिक्त पदों के लिए ग्राम पंचायत सागुनढाप, भोकलुडीह, सलडीह, गोडमर्रा, जबलपुर, लहरौद एवं जगदीशपुर (इस्तीफा) ग्राम पंचायत में उपचुनाव हुए है। जिसमे ग्राम पंचायत सागुनढाप से संजुक्ता हेमलाल भोई, ग्राम पंचायत भोकलूडीह से खीरसागर साहू, ग्राम पंचायत सलडीह से श्वेत प्रधान, ग्राम पंचायत गोडमर्रा से खेमराज प्रधान, ग्राम पंचायत जबलपुर से विक्रम प्रधान, ग्राम पंचायत जगदीशपुर से अर्चना टोप्पो विजयी रहीं। उपचुनाव में इन 6 सरपंचों को नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं बसना नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सम्पत अग्रवाल ने जीत की बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित सरपंचों को पुष्पहार से आत्मीय स्वागत कर साल-श्रीफल के साथ उपहार भेंटकर कर सम्मान किया। उक्त कार्यक्रम में नीलांचल सेवा समिति के विधिक सलाहकार एवं पार्षद शीत गुप्ता, मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, बसना सेक्टर प्रभारी कामेश बंजारा, सह प्रभारी द्वय विकास वाधवा, आकाश सिन्हा, सलडीह सेक्टर प्रभारी संतोष मांझी, पथरला सेक्टर प्रभारी वीरेंद्र प्रधान, सांकरा सेक्टर प्रभारी सोनू छाबड़ा, सह प्रभारी सलडीह ब्रजेंद्र प्रधान, सह प्रभारी पथरला द्वय गोपाल गड़तिया, अजय प्रधान, जोन प्रभारी जगदीशपुर मोहित प्रधान, जगदीशपुर सरपंच प्रतिनिधि अजय कुलदीप, फगुलाल साहू, त्रिविक्रम प्रधान, सोहित नायक, उजेश प्रधान, पदमलोचन बगर्ती , लक्ष्मीनारायण सिदार, अरुण भोई, जीवर्धन प्रधान, हेमलाल भोई, श्रीनिवास साहू, सुवर्धन प्रधान, नीलांचल के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित सरपंचों ने ली नीलांचल सदस्यता

नीलांचल के संस्थापक सम्पत अग्रवाल के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर सरपंचो ने नीलांचल सेवा समिति की सदस्यता ग्रहण की। अग्रवाल ने सभी नवनिर्वाचित सरपंचों को पंचायत कार्मिकों के साथ आपसी सामंजस्य के साथ निष्पक्ष एवं पूर्ण ईमानदारी से बिना भेदभाव के पंचायत क्षेत्र का विकास कार्य करने कहा। वही सरपंचों ने भी नीलांचल सदस्यता लेने के पश्चात श्री अग्रवाल के साथ मिलकर क्षेत्र में सेवा कार्य करने की बात कही।

# गरियाबंद पुलिस की कार्यवाही 30 किलो गांजा के साथ दो युवक-दो युवती चढ़े पुलिस के हत्थे

## पुलिस की सतर्कता से जनवरी में गांजा की लगातार तीसरी कार्यवाही



पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला क्षेत्रांन्तर्गत अवैध कारोबारियों हीरा, गांजा, शराब, जुआ, सट्टा एवं वन्य प्राणी तस्करों पर शिंकजा कसते हुये गांजा परिवहन करने वालों के ताक में पुलिस द्वारा निरंतर जागरूक होकर अवैध कार्यवाही रोकने हेतु पुलिस कप्तान जेआर ठाकुर के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद सत्येन्द्र सिंह श्याम द्वारा टीम गठित कर एवं स्पेशल टीम के द्वारा पेट्रोलिंग के दौरान संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कार्यवाही की जाती रही है। इसी क्रम में सोमवार को दो युवक एवं दो युवति जो बुलेरा वाहन क्रमांक ओआर 08 ई 2262 में उड़िसा से रायपुर ले जाने के दौरान उक्त जानकारी पर जिला गरियाबंद के स्पेशल टीम एवं थाना गरियाबंद पुलिस द्वारा रोककर पूछताछ करने पर आरोपी सहदेव गिरी पिता प्रकाश गिरी गोलपहाड़ी मेंहदीपाला सैयद पहाड़ी के निचे थाना घाटीगांव जिला ग्वालियर मप्र, सुभाष चन्द्र नायक पिता जयानंद नायक हुरियागढ़ थाना जुनागढ़ जिला कालाहाण्डी उड़िसा, आरबी सोनी पिता दुर्गा सोनी रिसगांव थाना राजाखड़ियार जिला नुवापाड़ा हाल परदेशी पारा बस स्टैण्ड के सामने भवानी पटना जिला कालाहाण्डी उड़िसा , रूबी सोनी उर्फ मन्नु शर्मा पिता गुलाब सोनी हाल परदेशी पारा बस स्टैण्ड के सामने भवानी पटना जिला कालाहाण्डी उड़िसा से 30 किलोग्राम गांजा को उड़िसा से खरीदकर लाना पकड़ने में सफलता हासिल हुई।

कार्यवाही पश्चात उक्त आरोपियो को रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस को इस प्रकार के अवैध कारोबारियो पर निरंतर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली गरियाबंद सत्येन्द्र सिंह श्याम, स.उ.नि. टीकाराम ध्रुव, प्रआर कुबेर बंजारे, आर. मुरारी यादव, स्पेशल टीम, प्रआर. अंगद राव, चुड़ामणी देवता, आर. यादराम, जयप्रकाश, रवि सिन्हा, सुशील पाठक, हरीश साहू, की सराहनीय भूमिका रही।

# तीन बाइक चोर गिरफ्तार, माल और रुपए बरामद

पायनियर संवाददाता < तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com



तिल्दा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अपचारी बालक के साथ उसके बड़े भाई और उसके एक साथी के पास से चोरी की एक बाइक और 20 हजार रुपए नकद बरामद किया है। तीनों ने मिलकर बीती रात जेडी राइस मिल में काम करने वाले फोरमैन के घर से रुपए और बाइक चोरी कर ली थी।पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्त में लेकर माल और रुपए बरामद कर लिए।

थाना प्रभारी मोहसिन खान से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी उज्वल कुमार सिह तुलसी स्थित जेडी राइस मिल में फोरमैन के पद पर कार्यरत है। मिल मालिक ने उसे मिल परिसर में ही रहने के लिए कमरा दिया है।मिल में और भी कई कमरे बने हुए हैं जहां मील में काम करने वाले कर्मी रहते हैं। कल रात वह रोज की तरह ड्यूटी पर आया था। उज्जवल कुमार के ड्यूटी जाते देख मिल में काम करने वाले कर्मचारी जो कि मिल परिसर में बने कमरों में रहते हैं ने अपने छोटे नाबालिग भाई और अन्य साथी को बुला लिया। तीनों ने मिलकर चोरी करने का प्लान बनाया और प्लानिंग के अनुसार कमरे के बाहर लगे ताले को तोड़कर वह अंदर गए और बैग में रखे 30 हजार रुपए चोरी कर बाहर रखी बाइक साइन को चुराकर फरार हो गए। सुबह बाइक को एक जगह छुपा कर चोरी के रुपयों को शराब और खाने पीने पर खर्च कर मौज करते रहे।उधर सुबह ड्यूटी से उज्ज्वल कुमार जब घर लौटे तो घर का दरवाजा खुला हुआ था घर के अंदर बेग में रखे रुपए गायब थे,बाहर रखी बाइक भी नही थी। इसकी जानकारी उन्होंने मिल परिसर में लोगो को देने के बाद वह रिपोर्ट दर्ज कराने तिल्दा थाने पहुंच गया। उनके बताए अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस आरोपियों को पकड़ने में जुट गई ।

कुछ लोगो से पूछताछ करने के बाद जब पुलिस ने मिल परिसर में लगे कैमरो को खंगाला तो आरोपी बाइक ले जाते हुए दिख गए। पुलिस कैमरे में दिखे चोरो की पहचान कर पहले पुलिस ने अपचारी बालक से पूछताछ की,पहले तो बालक पुलिस को इधर-उधर की बातें कर चोरी की बात से इंकार करता रहा। लेकिन जब पुलिस ने उसे बताया कि तुम बाइक ले जाते हुए कैमरे में दिख रहे हो तो उसने चोरी की बात को स्वीकार कर लिया और अपने आप सब कुछ बताने लग गया।

उन्होंने पुलिस को बताया कि भाई और उनके साथी के साथ मिलकर उन्होंने बाइक और रुपए चुराए हैं। उनके बताने पर पुलिस ने उनके भाई को हिरासत में ले लिया और उनके निशानदेही पर छुपा कर रखी बाइक को बरामद कर लिया। बाद में आरोपियों ने चोरी के रुपए भी पुलिस के सामने रख दिए। लेकिन तब तक 10 हजार से भी अधिक रुपए दोनों ने शराब और खाने-पीने के साथ सामान खरीद कर खर्च कर दिए थे।पुलिस ने पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की बाइक 20 हजार नगद रुपए जप्त कर बाल अपचारी के साथ उनके भाई सेवादास भारद्वाज 22 साल और पुरुषोत्तम रात्रे 19 साल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। अपचारी बालक को बाल सुधार ग्रह और बाकी दो आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

# गणतंत्र दिवस पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल फहराएंगे तिरंगा

■ कलेक्टर - एसपी ने किया अंतिम निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस मनाने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से जुटा हुआ है। जिला मुख्यालय स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाली पुलिस परेड का अंतिम रिहर्सल किया गया। इस दौरान कलेक्टर डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस की अंतिम तैयारियों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैठक व्यवस्था समते तमाम प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर सभी शासकीय कार्यालयों में लाइटिंग की व्यवस्था एवं सभी महत्वपूर्ण प्रतिमाओं,स्मारक स्थलों का साफ सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है।एसपी दीपक झा ने शहर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए रुट चार्ट तैयार कर जगह-जगह ट्रैफिक पुलिस की तैनाती तय करने के आदेश जारी किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था चुस्त करते हुए अतिरिक्त बल की तैनाती की है। इस वर्ष मुख्य अतिथि के रूप कैबिनेट मंत्री उमेश पटेल मौजूद रहैंगे। वह सुबह 9 बजे ध्वजारोहण करैंगे। गौरतलब है कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर केंद्र व राज्य सरकार ने कोविड गाइडलाइन जारी की है। जिसके चलते इस वर्ष किसी भी प्रकार की सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी,स्कूली छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम का आयोजन नही किया जाएगा। कार्यक्रम में आने वाले सभी नागरिकों एवं अतिथियों के लिए मास्क लगाना अनिवार्य है। बिना मास्क एवं थर्मल स्कैनिंग के कार्यक्रम में प्रवेश नही दिया जाएगा।

# महिला स्व सहायता समूहों ने किया बिहान गौठान मेला बाजार का आयोजन

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



रविवार को ग्राम पंचायत सांकरा में शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा घुरवा और बाड़ी के तहत मुख्य कार्य पालन अधिकारी राजेंद्र पांडे जनपद पंचायत तिल्दा के मार्ग दर्शन पर ग्राम के गौठान मे कार्यरत महिला स्वा सहायता समूहों के द्वारा बिहान गौठान मेला/ बाजार का आयोजन किया गया जिसमें गांव के आस पास के गौठान में बन रहे उत्पाद एवं जैविक सब्जियों का स्टाल लगाया गया जिसमें प्रमुख से सब्जियां, फ्रेश मशरूम ड्राई मशरूम, मशरूम आचार, फिनाईल, अगरबत्ती, धनियां, मिर्च, हल्दी पाउडर लिक्विड डिटर्जेंट, साबुन, बड़ी, पापड, आदि ईन्स्टाल में रखा गया जिसमे ग्राम प्रमुख प्रतिनिधि राजकुमार यदु ग्राम सचिव सुनील कुमार शर्मा, ब्लाक प्रोजेक्त मनेजर आनंद भारद्वाज, कृषि विस्तार अधिकारी विकास वर्मा, क्षेत्रीय समन्वयक रितेश तिवारी एवं गौठान एवं गांव की महिला समुह सदस्य उपस्थित रहे।

# पति और प्रेमिका के प्रताड़ना से तंग आकर सुनीता साहू ने की आत्महत्या

■ पति और शादीशुदा प्रेमिका को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नेवरा।पति और उसकी प्रेमिका के प्रताड़ना से तंग आकर 20 जनवरी को सुनीता साहू के द्वारा आत्महत्या कर लिए जाने के मामले में पुलिस ने उसके पति और शादीशुदा प्रेमिका को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी मोहसिन खान से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुनीता साहू और तोकेश्वर प्रसाद देवांगन का 16 साल पहले विवाह हुआ था। उसके बाद दोनों एक साथ एक किराए के मकान में रहते थे। सुनीता एक डॉक्टर के यहां नर्स का काम करती थी बाद में उन्होंने पास के गांव खपरी में खुद का दवाखाना खोल लिया। बताया जाता है शादी के 7-8 साल तक दोनों के बीच काफी अच्छे संबंध रहे। इस बीच सुनीता तीन बेटों की मां भी बन चुकी थी।बाद में तोकेश्वर बदल गया और पत्नी के साथ मारपीट करने लगा।बावजूद सुनीता ने उनका साथ नहीं छोड़ा।तीन बच्चों का पिता होने के बाद तोकेश्वर का एक और शादीशुदा युवती के साथ प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। इस बात की जानकारी जब उसकी पत्नी सुनीता को हुई तो उसने विरोध शुरू कर दिया। जिसका परिणाम यह रहा कि आए दिन सुनीता पति के हाथों से मार खाती रही। हद तो तब पार हो गई जब 20 जनवरी को उसका पति तोकेश्वर अपनी प्रेमिका प्रेमिन मानिकपुरी को साथ में घर ले आया इस बात को लेकर जब सुनीता ने उसका विरोध किया तो दोनों ने मिलकर सुनीता की बेरहमी के साथ पिटाई कर दी। तब सुनीता ने अपने बेटे के साथ थाने पहुंचकर दोनों के विरुद्ध पुलिस थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने इस मामले में है तोकेश्वर के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए धारा 151 तहत गिरफ्तार कर तहसील न्यायालय में पेश किया जहां से उसकी तत्काल जमानत हो गई।पति और प्रेमिका की मारपीट से क्षुब्ध होकर सुनीता ने 20 जनवरी को अपने डिस्पेंसरी में जाकर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी के पहले उन्होंने एक सुसाइड नोट भी लिखा जिसमें उसने पति और उसकी प्रेमिका प्रेमिन मानिकपुरी के द्वारा की गई मारपीट का उल्लेख करते हुए आत्महत्या का कारण बताया। मामले की विवेचना कर रहे उप निरीक्षक सुरेश विक्रांत ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की और सुसाइडल नोट की जांच के बाद टी आई मोहसिन खान के निर्देश पर सुनीता के पति और उसकी प्रेमिका के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की धारा 306, 34 के तहत अपराध दर्ज कर रविवार को दोनों को गिरफ्तार कर लिया।शाम को दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## सत्र की संख्या बढ़ाने के साथ निजी वेक्सीनेटरों की सेवाएं भी लेंगे

# कोरोना से जान बचाने का सबसे सस्ता विकल्प है टीका लगा लेना

■ कोरोना से चिंतित जिला प्रशासन ने संपूर्ण टीकाकरण में लगाई ताकत

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कोरोना से जान बचाने का सबसे सस्ता विकल्प है संपूर्ण टीकाकरण। यह सुविधा गांव-गांव में सरकार द्वारा निःशुल्क रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। कलेक्टर डोमनसिंह ने कोविड टीकाकरण की जिले में वर्तमान धीमी प्रगति पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने टीकाकरण सत्र की संख्या ब?ाते हुए निजी वेक्सीनेटर की सेवाएं भी अभियान में लेने को कहा है। श्री सिंह आज ऑनलाइन माध्यम से विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी एसडीएम को अभियान का लीडर घोषित करते हुए सबके सहयोग एवं समन्वय से शतप्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने टीकाकरण से छूटे आम लोगों को अपने स्वयं के एवं समाज की सुरक्षा के लिए टीका लगा लेने की अपील की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिले में लाखों लोगों को टीका लग चुका है। अब तक दोनों टीका लगा चुके एक भी व्यक्ति की मौत दर्ज नहीं हुई है। टीका लगा चुके लोगों को कोरोना हो जाने पर भी जल्दी स्वस्थ हो जा रहे हैं।

कलेक्टर सिंह ने लम्बी बैठक लेकर शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए अफसरों को टिप्स देते हुए प्राण-प्रण से जुट जाने को कहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल इससे बड़ी जनकल्याण एवं स्वास्थ्य की कोई योजना नहीं है। उन्होंने पूरी ताकत इस अभियान में लगाने को कहे हैं। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को समझाने और केन्द्र तक लाने की जिम्मेदारी प्रमुख रूप से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की है। पंचायत राज प्रतिनिधि इस अभियान में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। स्वास्थ्य विभाग आये हुये लोगों को टीका लगाना एवं डेटा अपडेट रखने की है। श्री सिंह ने पिछले कुछ दिनों में टीकाकरण की अपेक्षित प्रगति पर खुशी जाहिर की है। पिछले सप्ताह प्रतिदिन लगभग 5 हजार टीका लग रहे हैं। इसे इस सप्ताह तक प्रति सप्ताह 10 हजार एवं इसके अगले सप्ताह 20 हजार प्रति दिन तक ले जाकर संपूर्ण टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने हैं। प्रथम चरण के टीकाकरण में बिलाईग? एवं दूसरे चरण में कसडोल विकासखण्ड का प्रदर्शन कमजोर रहा है। कलेक्टर ने इस शिथिलता पर नाराजगी जाहिर की है। उल्लेखनीय है कि फिलहाल जिले में 1.75 लाख लोगों का टीकाकरण ड्यू है। कलेक्टर ने मैदानी अधिकारियों से इस अभियान में आ रही दिक्कतें भी सुनी और इनके समाधान के लिए सकारात्मक सुझाव भी दिये।

# कांग्रेसियों ने समीक्षा बैठक आहूत कर विधानसभा चुनाव में पार्टी का विधायक बनाने संकल्प लिया

**बलौदाबाजार।** भाठागांव स्थित भागवत भारती के निवास में ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण की बैठक आहूत की गई, जिसमें ठेलकी, पुरान, कोकड़ी, रिसदा, परसाभदेर सहित सभी बुथ कमेटी के अध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी भागवत भारती की हुई हार की समीक्षा की गई। बैठक के मुख्य अतिथि परमेष्वर यदु जिला पंचायत सदस्य ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के प्रत्याशी को जीताने हेतु कार्य करेंगे। उपचुनाव के परिणाम से किसी भी कार्यकर्ता को निराश नहीं होना है। हार जीत तो होता रहता है। हमें अपने कार्य से लोगों का दिल जीतकर अधिक से अधिक मतों से अपने प्रत्याशी को जीताने का प्रयास करना है। बैठक में मुख्य रूप से विक्रम गिरी, ब्लाक कांग्रेक कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री के.के.वर्मा, दानी वर्मा, जेठू यादव, कृश्णा यादव, शत्रुहन नेताम, रामचंद वर्मा, बी.के.वर्मा, लल्लन मनहरे, उत्तम वर्मा, प्रितम वर्मा, नीलकण्ठ वर्मा एवं कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी ब्लाक कांग्रेस कमेटी कार्यकारिणी सदस्य खिलावन जायसवाल द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया।

## किरन्दुल की एक महिला हुई लापता पति ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया



**किरन्दुल।** किरन्दुल वार्ड क्रमांक 02 उड़िया कैम्प निवासी कमला नामक महिला पिछले अचानक से लापता हो गई।जिसके बाद कमला के पति सुखराम कश्यप ने आज 24 जनवरी को किरन्दुल थाने में गुमशुदा की रिपोर्ट दर्ज करवाई है।सुखराम कश्यप के मुताबिक कमला 21 जनवरी शुक्रवार शाम मेरी पत्नी घर से निकली और वह वापस घर नहीं लौटी फिर मैंने उसके परिवार के ठिकानों पर भी पता किया लेकिन वह वहां भी नहीं पहुंची जिसके बाद आज मैंने पुलिस को इसकी सूचना दी।थाना प्रभारी डी के बरवा ने बताया जानकारी प्राप्त हुई है एवम उक्त महिला की तलाश की जाएगी।

## कोड़ेनार में आजादी के महानायक सुभाषचंद्र बोस जी की मनाई गई जयंती



**किरंदुल।** अंग्रेजों से अपना लोहा मनवाने वाले आजादी के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के 125वीं जयंती को कोड़ेनार के नेताजी चौक में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।बता दें रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष पादप औषधि बोर्ड छबिन्द्र कर्मा,किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय,कोड़ेनार सरपंच मीना मण्डावी ने नेताजी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों को पराक्रम दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि आजादी से पहले संचार के साधन नहीं होने के बावजूद नेताजी ने आज़ाद हिंद सेना का गठन किया और स्वतंत्रा संग्राम में उन्होंने अमिट छाप छोड़ी।इस अवसर पर कांग्रेस जिला महामंत्री तपन दास, उपसरपंच साबी दास,जोविन्स पापाचन,रोजगार सहायक राजकुमारी,नगरपालिका पार्षद गण,पंच गण,जनप्रतिनिधि गण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा ने ली विभागीय समिति के सदस्यों के साथ बैठक



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल के मार्गदर्शन में पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग प्रभारी श्रीमती सत्यवती वर्मा द्वारा आज विभागीय समिति की बैठक लेकर अमृत मिशन के तहत वार्ड 45 उद्यान पद्मनाभपुर,अटल उद्यान में विद्युत व्यवस्था और रंग रोगन समेत चेयर की व्यवस्था किया जाना है।वार्ड 56 एसटीएफ कालोनी व इंद्रिरा कालोनी उपलब्ध स्थान में नगर निगम द्वारा उद्यान हेतु प्रस्तावित, विश्वदीप स्कूल के पीछे गार्डन में रंग रोगनः,दादा दादी,नाना नानी पार्क में संपूर्ण उद्यान का संधारण कार्य साथ ही समितियों के सदस्यों के साथ बैठक में सहमति से कहा गया कि 1 हज़ार नग लोहे का थ्री गार्ड एवं 1 हज़ार बांस के थ्री गार्ड और वार्ड 15 आयुवैदिक अस्पताल के बाजू में फेंसिंग कार्य समेत वृक्षारोपण कर करने के लिए सहमति दी गई है।बैठक में समिति के सदस्य श्रद्धा सोनी,श्रीमती हेमा शर्मा, श्रीमती निर्मला साहू, कुमारी राकेश भारती साहू,श्रीमती उषा ठाकुर, पूर्व महापौर आरएन वर्मा,उद्यान निरीक्षक अनिल सिंह व अनीश रजा मौजूद थे। साथ ही का निर्णय विभागीय समिति द्वारा लिया गया। साथ ही शहर क्षेत्र में वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति लोगों में जनजागरुकता फैलाने पर चर्चा किया गया।

## कुर्की वारन्ट के बाद निगम की राजस्व वसूली में आई तेजी, आज तक 3 लाख 67 हज़ार 1 रुपए वसूली की गई



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम।वसूली के लिए नगर निगम ने बड़े बकायादारों को कुर्की वारंट थमाया। निगम ने कहा है कि अगर ईमानदारी से सभी बकायादार टैक्स जमा कर दे हैं। इससे नागरिक सुविधाओं में और इजाफा होगा। लंबे समय से कर का भुगतान नहीं करने वाले बकायादारों पर निगम ने एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू किया है पिछले दिनों 130 लोगो को कुर्की वारन्ट जारी होने से वारन्ट मिलते ही बकाया दार जमा कर रहे है। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि इन बकायादारों का बकाया कर का भुगतान करने के लिए पहले भी डिमांड नोटिस जारी किया गया था। लेकिन बकाया दार नोटिस को हल्के में ले रहे थे। लेकिन शख्ती दिखाने पर बकायादारो पर इसका असर देखने को मिला। आज निगम राजस्व विभाग के अधिकारी नारायण यादव की टीम और प्रकाशधर दिवान 1 लाख 3 हजार 252 रुपए 77 हजार 703 रुपए, 28196 रुपए 5544 रुपए 10728 रुपये 10200 रुपए 9924 रुपए 35629 रुपये 158 81 रुपए 4155 रुपये 11496 रुपए 10 जनवरी को हितग्राहियो से वसूली की गई और निगम कोष में जमा किया गया। कुर्की वारन्ट मिलते ही लोग बकाया राशि जमा कर रहे है।

## स्लो प्रोग्रेस पर महापौर नीरज पाल ने जताई नाराजगी

**भिलाई नगर।** महापौर नीरज पाल सभी 70 वार्डो के विकास के लिए लगातार अधिकारियों की बैठक ले रहे हैं। विगत 2 दिनों से वह जोन क्रमांक 3, 4 एवं 5 के अधिकारियों की बैठक ले चुके हैं। उन्होंने नेहरू नगर जोन क्रमांक 1 के अधिकारियों की बैठक ली। काफी लंबे समय से सुपेला शीतला तालाब के अटके हुए काम को लेकर नेहरू नगर के कार्यपालन अभियंता पर नाराजगी जताई। महापौर ने कहा कि सुपेला शीतला तालाब शहर का प्रमुख तालाब है। इसके लिए राशि भी स्वीकृत है फिर भी अधिकारी काम नहीं करा रहे हैं, इससे शहर की जनता को मिलने वाले लाभ से उन्हें वंचित होना पड़ रहा है। शहर विकास के लिए इस प्रकार की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने शीघ्र कार्य प्रारंभ कराकर पूर्ण करने के निर्देश दिए। वही हुडको में 17 लाख की लागत से होने वाले डामरीकरण की धीमी गति को लेकर भी नाराज हुए और कार्य जल्द पूर्ण करने कहा।

# ग्राम मानपुर में कृषक आशीष तिवारी के 10 एकड़ गन्ने की फसल खेत में लगी आग

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



ग्राम मानपुर में कृषक आशीष तिवारी के 10 एकड़ गन्ने की फसल में दोपहर 12 बजे आग लग गई। जानकारी मिलने पर ग्रामवासियों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास किया गया। आग लगने की सूचना दोपहर 12.35 को फायर ब्रिगेड टीम को दी गई। घटना स्थल से लगभग 6 किलोमीटर दूर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को ग्राम मानपुर पहुंचने में 2 घंटे बाद 2 बजे पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेट से पहुंचने के चलते किसान की 10 एकड़ में लगी गन्ने की फसल जलकर बर्बाद हो गई। जिसके चलते किसान को लगभग 5 लाख रूपए के गन्ना जलकर नुकसान हो गया। कृषक आशीष तिवारी ने बताया कि वर्तमान में फायर बिग्रेड की व्यवस्था होम गार्ड के पास होने से घटना के समय उन्हें सूचना देने पर पुलिस लाइन लालाकापा ( लगभग 3 किमी.) से फायर ब्रिगेड की गा?ी मुंगेली आती है उसमें पानी भरने के पश्चात डीजल भराने के लिए पुलिस पेट्रोल पंप जाती है तत्पश्चात दुर्घटना स्थल के लिए रवाना होती है जिससे अनावश्यक बहुत से समय लग जाता है और खेत में आग लगने से नुकसान जरूर हुआ लेकिन नगर के ईलाके में घटना होने से इस फायर बिग्रेड के देर से पहुचने पर पड़ोसी घरो को नुकसान पहुच सकता है। इस लिये फायर ब्रिगेड को आपदा की गंभीरता को देखे हुए तत्काल रवाना करने की स्थिति में तैयार रखना चाहिए और पूर्व की व्यवस्था के तहत नगर पालिका/थाने में इसकी तैनाती होनी चाहिए ताकि आपदा के समय में तत्काल बचाव के उपाय हो सके। पूर्व में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नगर पालिका की देखरेख में था। वर्तमान में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था होम गार्ड को दे दी गई है। आवश्यक तैयारियों से लैस नहीं रहने के चलते फायर ब्रिगेड समय पर नहीं पहुंच पाई। जनप्रतिनिधियों ने फायर ब्रिगेड की व्यवस्था को दुरूस्त करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## धान खरीदी 7 फरवरी तक किये जाने पर शकुंतला साहू ने सीएम का जताया आभार

पायनियर संवाददाता < लवन
www.dailypioneer.com

हमारी सरकार किसानों के हित में हमेशा निर्णय लेती हैं÷छत्तीसगढ़ में धान खरीदी की तारीख अब 31 जनवरी के बजाय 07 फरवरी हो गई है । छत्तीसगढ़ में बेमौसम बारिश के बाद सरकार ने निर्णय लिया है कि अब प्रदेश में धान खरीदी की तारीख को बढ़ाया जाए । मुख्यमंत्री के इस निर्णय का संसदीय सचिव और कसडोल की विधायक शकुंतला साहू ने स्वागत करते हुए कहा है कि किसानों के हित में हमारी सरकार शुरू से निर्णय लेती आ रही है और जो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की तारीख बढ़ाने का निर्णय लिया है, उस निर्णय से सभी किसान खुश है । शकुंतला साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहले भी कहा था कि किसान भाइयों को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सरकार पंजीकृत किसानों का धान लेगी ही।



शकुंतला साहू ने कहा कि प्रदेश में बदलते मौसम के बाद भी सरकार ने इतना अच्छा व्यवस्था किया है कि अब बहुत कम किसानों के धान ही बेचने से बचे है । शकुंतला साहू ने कहा कि इस बार रिकॉर्ड धान खरीदी केंद्र प्रदेश में खोली गई है जिससे किसान भाई अपने धान को आसानी से बेच पा रहे हैं । शकुंतला साहू ने कहा कि किसान भाइयों को उनके धान का पैसा भी आसानी से कम समय में मिल जा रहा है जिससे उनके चेहरे भी खुशी से खिल उठे हैं ।आपको बताते चले कि राज्य में समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी के अंतर्गत अब तक 82 लाख 62 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जो धान खरीदी के अनुमानित लक्ष्य का लगभग 78.69 प्रतिशत है। उपार्जन केन्द्रों से डीओ और टीओ के माध्यम से अब तक 43 लाख 79 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान के उठाव के लिए 38 लाख 74 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है।

## 81 लाख पटरीपार के जलभराव क्षेत्र में होगा नाला निर्माण

■ **जनता अवश्य लगाए बुसटर डोज : वोरा**

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

शहर में कोरोना के केस हर रोज बढ़ते ही जा रहे है। बढ़ती तफ्तार की चिंता किए बिना विकास के कार्य सतत् जारी है। हर वर्ष जलभराव की समस्या से निदान हेतु कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए पटरीपार क्षेत्र के वार्ड 19 कैलाश नगर केनाल रोड से मार्कफे ड आदित्य नगर तक एवं हनुमान नगर से शक्तिनगर नाला तक 81 लाख की लागत से पानी निकासी हेतु नाला निर्माण का कार्य का भूमिपूजन विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा किया गया।

साथ ही संबंधित निर्माण एजेंसी को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने निर्देश दिया कि संबंधित क्षेत्र के निवासियों को निर्माण के बाद पानी भराव की शिकायत ना हो इसका ध्यान रखें। निर्माणाधीन साढ़े 6 कि.मी. 12 करोड़ की लागत से बनने वाले शहर के मध्य 11 वार्डो से गुजरने वाले शंकरनाला के स्थल निरीक्षण में शंकरनगर दुर्गा चौक, संतराबाड़ी व उरला में चल रहे कार्यो का अवलोकन किया। आने वाली वर्षा ऋतु के पूर्व इन बड़े नालों के निर्माण कार्य को पूर्ण करने कहा। वोरा ने कहा कि नए वेरिएंट शहर में तेजी से पांव पसार रहा




है। हालाकि नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए लोगों को शहर में आज कोरोना वैक्सीन के बुसटर डोज स्वास्थ्य कर्मियो व फ्रंड लाइन वर्कर जिनको दोनो डोज लगे 9 माह बीते चुके है। स्वास्थ्य विभाग ने निगम क्षेत्र के एसआरएल सेंटर एवं निगम कार्यालय में पहुंचकर वैक्सीन लगाने की अपील की है। साथ ही आने वाले समय में 60 साल या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो को भी जल्द ही डोज लगाया जाएगा। नाला भूमिपूजन एवं वैक्सीन सेंटरो के निरीक्षण में निगम एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी, पार्षद निर्मला साहू, कांशीराम रात्रे, अमित देवांगन, एल्डरमेन राजेश शर्मा, बृजकिशोर शर्मा, हेमंत तिवारी, सोमू मुखर्जी, कार्यपालन अभियंता नेमीचंद जैन, जितेन्द्र समैय्या, शंकर दयाल शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## वन मण्डल का करिश्मा, हो रही वनों को हानिः बृजलाल

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में अन्य प्रांत राजस्थान, गुजरात से ऊंट, भेड़, बकरियों के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध के बावजूद प्रदेश के कुछ वन मंडलों में ( कवर्धा, खैरागढ़ एवं राजनांदगांव ) उनको विधि विपरीत राहदारी पास एवं चराई की अनुमति प्रदाय कर प्रतिवर्ष वन पर्यावरण एवं वन वासियों के हक का वनोपज करोड़ों के आर्थिक क्षति लगातार 30 वर्षो से पहुंचा रहे है। उक्त विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पत्रकार बृजलाल अग्रवाल ने क्षेत्रीय विधायक एवं दबंग प्रदेश मंत्री मो. अकबर भाई वन एवं पर्यावरण विधि एवं विधायी से सम्पूर्ण प्रकरण अवलोकन कर लगभग 20 हजार ऊंट, भेड़, बकरिया एवं 2000 ऊंटों को प्रदेश से बाहर कर वनों एवं आदिवासियों



की वनोपज की सुरक्षा कर सकते है। वर्षा ऋतु में ये ऊंट, भेड़, बकरियों के दल वनों में चराई करते है, बाद मे मैदानी इलाके में आकार वृक्षों को नष्ट करते है इनके साथ शिकारी कुत्ते भी होते है जिससे कि आम लोग डरते है। अग्रवाल ने कहा कि फर्जी अभिवहन अनुज्ञप्ति मध्यप्रदेश चराई अधिनियम 1986 के नियम 8/2 के विपरीत बनवा लेते है एवं एक ही स्थान पर लंबे समय तक चराई करते है, इस चराई हेतु विभाग द्वारा क्क्रकाटा जाता है , वह राशि इतनी कम होती है कि ( ऊंट के मुंह में जीरा ) पशु विभाग की माने तो एक भेड़ की खुराक 24 घंटे में 8 किलो एवं ऊंट की खुराक 30 किलो है इस प्रकार मासिक एवं वार्षिक क्षति की गणना कराई जा सकती है, जो कि करोड़ों में हो सकती है। भेड़, बकरियाँ तो सभी वनोपेज जैसे चरोटा 30 रुपये किलो का वन तुलसा, नहडारा ( चिरायता ), बांस, आंवला आदि को क्षति पहुचाते है।

पर्यावरण को भी इनसे भारी क्षति पहुंची है अतः भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 एवं 37 में ऊंट, भेड़, बकरियाँ जप्त कर राज साथ की कार्यवाही की जा सकती है एवं न्यायालय भी एक वर्ष की कैद ( जेल ) जुर्माना यह दोनों कर सकते है।

# जिले के समस्त उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के पूर्व किसानों के खेतों में होगी गिरदावरी का कार्य : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने समय सीमा के लंबित प्रकरणों के संबंध में अधिकारियों से वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की और निराकरण के संबंध में संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर वसंत ने कहा है कि जिले के समस्त उपार्जन केंद्र में धान खरीदी के पूर्व किसानों के खेतों में गिरदावरी का कार्य किया जाएगा। बिचैलियों द्वारा लगातार अपने धान को किसानों के पंजीयन में खपाने का कार्य किया जा रहा है। इस हेतु धान के अवैध परिवहन और भण्डारण करने वाले कोचियो एवं बिचोलियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने की बात कहीं। उन्होने कहा कि 26 जनवरी गणतंत्र



दिवस के अवसर पर शत् प्रतिशत टीकाकरण वाले दो शासकीय और दो अशासकीय शालाओं को सम्मानित किया जाएगा। इन शालाओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में उन्होने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-2022 हेतु जिले में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि धान खरीदी कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होने धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित रूप से करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर उन्होने बारदानो की उपलब्धता और परिवहन व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने पशु पालक और मत्स्य पालक किसानों के लिए जारी किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। इसी तरह उन्होने बैगा जनजाति किसानों के चिन्हांकन और उन्हे किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने के संबंध में की गई कार्यो के संबंध में जानकारी प्राप्त की और कृषि विभाग के उपसंचालक को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में उन्होने कोविड अनुग्रह सहायता राशि, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लीनिक योजना, जाति प्रमाण पत्र, लोक सेवा गारंटी अधिनियम स्थानीय निर्वाचन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी दशरथ सिंह राजपूत, संयुक्त कलेक्टर द्वय तीर्थ राज अग्रवाल एवं नम्रता आनंद डोगरें सहित सभी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## आंध्रा कलिंगा समाज का हुआ नवगठन ए. गौरीशंकर बने अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कुम्हारी। कुम्हारी, चरोदा एवं भिलाई आंध्रा कलिंगा समाज के नागरिकों द्वारा समिति का गठन किया गया, जिसमे सर्वसम्मति से ए. गौरीशंकर को अध्यक्ष, जी. भास्कर राव को सचिव, बी. श्रीनिवास राव को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी अध्यक्ष कालिदास, उपाध्यक्ष एन. चंद्र राव इसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे। के एस आर मूर्ति, कृष्णा राव, के. सुरेश, पी. गोजेश्वर राव, एच. प्रसाद राव, (संरक्षक) डी. गोविंद राव, एम. रवि, डी. गोपाल राव, डी. एच. नारायण, ए. वेंकटेशम, के. वेंकट राव आदि समाज के सदस्यों की उपस्थिति में नव निर्वाचित अध्यक्ष ए गौरीशंकर ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की प्रगति और विकास के लिए निष्पक्ष कार्य कर समाज में गरीबों का उत्थान करने तथा सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा।



**वार्ड समिति की बैठक में जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी सहित वार्ड पार्षदों ने दी सहमति**

# भिलाई नगर के जोन पांच में नये कार्यालय भवन के लिये सुगबुगाहट तेज

■ **महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप जोन को सशक्त बनाने की कयावद भी शुरू**

पायनियर संवाददाता < भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

जोन 05 में नए कार्यालय भवन के लिये कवायद तेज हो गई है। महापौर नीरज पाल के परिकल्पना पर जोन अध्यक्ष ने काम करना शुरू कर दिया है। जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी सहित अन्य पार्षदो ने नए कार्यालय सहित अन्य प्रमुख मुद्दों को लेकर आज वार्ड समिति की बैठक रखी। नए कार्यालय भवन के लिए जोन अध्यक्ष सहित पार्षदों ने एक राय होकर इस पर सहमति



जताई है। पार्षदो ने बैठक में सुझाव दिये कि जोन 05 कार्यालय के लिये सेक्टर 05 एवं सेक्टर 06 के मध्य में बीएसपी प्रबंधन से रिक्त भवन की मांग की जायेगी। इसके लिये बीएसपी से पत्राचार किया जायेगा।

इस पर जोन 05 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले पार्षदो ने बैठक में अपनी सहमति दी है। जोन आयुक्त प्रीति ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष्य के मुताबिक नवीन कार्यालय भवन की आवश्यकता है ताकि निगम के कार्यो का संचालन सुचारू रूप से हो सके। इस काम को जोन अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया है। इसके अतिरिक्त जोन अध्यक्ष की आहुत बैठक में सफाई, जोन 05 को व्यवस्थित जोन कार्यालय के साथ स्थापित करने, निविदा प्रक्रिया के नियम शर्त, पानी टैंकर, इत्यादि पर चर्चा की गई। महापौर नीरज पाल की मंशा अनुरूप जोन 05 को पूर्ण रूप से स्वतंत्र जोन की तरह स्थापित करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गयी है। इसके लिये कुछ सेटअप की आवश्यकता को देखते हुये कर्मचारियों की मांग भी की जा रही है। वार्ड समिति की बैठक में जोन क्रमांक 5 के जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, महापौर परिषद के सदस्य एवं राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी, महापौर परिषद के सदस्य एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की प्रभारी मालती ठाकुर, पार्षद ईश्वरी नेताम, सेवन कुमार, अभय सोनी, उमेश कुमार साहू एवं कोमल दास टंडन, भिलाई निगम से जोन आयुक्त प्रीति सिंह, प्रभारी सहायक अभियंता वसीम खान एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

संपादकीय

# शिक्षा का माध्यम

## बहुभाषायी दृष्टिकोण

**अंग्रेजी** या मातृभाषा में पढ़ने के सवाल पर बहुभाषाई दृष्टिकोण सही है। तेलंगाना सरकार ने अगले अकादमिक वर्ष से सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने का फैसला किया है, जबकि राज्य की भाषा तेलगू अन्य शिक्षा माध्यम के रूप में बनी रहेगी। इस परिवर्तन के लिए पहले से तैयार तर्क यह है कि तेलंगाना के सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों के मां बाप को लगता है कि कालेज के स्तर पर पहुंचने के समय वे अंग्रेजी माध्यम छात्रों के बराबर नहीं पहुंच पाते हैं। दूसरा, निजी स्कूल अब तक शहरी केन्द्रों में अंग्रेजी माध्यम वाली शिक्षा के साथ सीमित थे, पर अब वे ग्रामीण तेलंगाना में भी फल-फूल रहे हैं और अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दे रहे हैं। इसके कारण तेलगू माध्यम स्कूलों में लगभग भगदड़ वाला माहौल है जिनमें से अनेक बंद हो गए हैं या उनका बड़े स्कूलों के साथ विलय किया गया है या छात्रों की कमी के कारण दूसरे स्थानों पर ले जाया गया है। हालांकि, सरकार पहले से ही राज्य भर में कुछ आवासीय स्कूल अंग्रेजी माध्यम से चला रही थी, लेकिन उस समय यह मुद्दा सामने नहीं आया था। सरकार के सामने अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाने वाले शिक्षकों की कमी है। वे बहुत कम हैं। अधिकांश शिक्षक तेलगू में सिद्धहस्त हैं। सरकार को इन शिक्षकों को पुनः प्रशिक्षित करना होगा जो एक कठिन काम है क्योंकि अंग्रेजी में बीएड पाठ्यक्रमों के लिए नया दृष्टिकोण अपनाना होगा। लेकिन मोटेतौर से तेलंगाना के सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम के प्रवेश पर ज्यादा लोग नाराज नहीं हैं क्योंकि 'अमेरिका जाना' लोकप्रिय धारणा है और तेलगू माध्यम के छात्र निजी अंग्रेजी माध्यम वाले पाठ्यक्रमों के प्रवेश हेतु बड़ी धनराशि खर्च कर रहे हैं।

लेकिन यह मुद्दा एक परेशान करने वाले तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित करता है। स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी हम इसी समस्या में फंसे हैं कि हमारे स्कूलों में शिक्षा का माध्यम क्या होना चाहिए। हम अभी बहस कर रहे हैं कि बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाया जाय या मातृभाषा के माध्यम से। हमें अभी यह विश्वास भी नहीं है कि मातृभाषा में अनेक बोलियां भी हैं। उदाहरणार्थ बहुत से लोग भोजपुरी बोलते हैं, पर इसे हिंदी की एक बोली माना जाता है। पिछले साल ही बिहार के एक मंत्री ने 'क्षेत्र की मातृभाषा' को शिक्षा का माध्यम बनाने का विचार सामने रखा था। इससे स्पष्ट होता है कि भारत में इस विषय पर कभी व्यापक बहस नहीं हुई। संज्ञानात्मक शिक्षा पर जोर देने वाले भाषाविज्ञानियों के अनुसार छात्र मातृभाषा या जिस भाषा के परिवेश में वे बड़े होते हैं वहां से नए कौशल सीखते हैं। सामाजिक सशक्तीकरण तथा महत्वाकांक्षी अधिकार-आधारित तर्क अंग्रेजी के पक्ष में हैं क्योंकि यह भाषा दुनिया भर में कारगर है। इस प्रकार शिक्षा का माध्यम दुनिया के सबसे बड़े बहुभाषीय देश भारत में एक वैचारिक व विशिष्टतावाद के बोझ के साथ सामने आता है। माता-पिता द्वारा अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा दिलाने की इच्छा के उलट केन्द्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी में मोटेतौर से मातृभाषा को प्राथमिकता दी गई है। समस्या का समाधान द्विभाषी या बेहतर तरीके से बहुभाषी दृष्टिकोण में है। ऐसे देश में जहां अधिकांश बच्चे दो या तीन भाषाओं के परिवेश में रहते हैं, बहुभाषीय शिक्षण विधियां भाषाई व सांस्कृतिक विविधताओं को देखते हुए समान आधार प्रदान करती हैं। इससे माता-पिता तथा एनईपी, दोनों की इच्छा पूरी होगी।

# ग्वांतानामो में मानवाधिकार हनन

## अब समय आ गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ग्वांतानामो बे जेल को बंद कर दें, जो निरंतर मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए बदनाम है।



**माखन सैकिया**
(लेखक अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**कुख्यात** ग्वांतानामो बे सैन्य जेल ने 11 जनवरी, 2022 को अपने संचालन के दो दशक पूरे किए। कई लोग कहते हैं कि यह गुप्त जेल वास्तव में अमेरिकी न्याय प्रणाली की नैतिक विफलता है। इसके अलावा, ग्वांतानामो में पिछले बीस वर्षों में एक भयावह कानूनी चूक रही है जो विश्वसनीय समाधानों की तुलना में घर में अधिक समस्याएं और अपमान ला रही है। यह तेजी से यातना का प्रतीक बनता जा रहा है। क्यूबा की सैन्य जेल में अब केवल 39 कैदी रह गए हैं। अपने चरम समय के दौरान, इसमें लगभग 800 कैदी थे। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यह सीआईए द्वारा स्वीकृत टॉर्चर सेल को चुपके से अंजाम दिए जाने का लक्षण है। आज एक और महत्वपूर्ण सवाल बिडेन प्रशासन पर मंडरा रहा है : क्या यह 1,500 कमांडो की सबसे परिष्कृत रिंग में से एक के साथ 39 कैदियों की रखवाली करने लायक है? यह महसूस किया गया है कि कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के समय में करदाताओं के डॉलर को विवेकपूर्ण तरीके से खर्च किया जाना चाहिए।

ग्वांतानामो डिटेंशन कैंप, जिसे ग्वांतानामो बे, ग्वांतानामो या गिट्मो भी कहा जाता है, क्यूबा के दक्षिणपूर्वी हिस्से में है। भयानक जेल अमेरिका के ग्वांतानामो बे नेवल बेस में स्थित है। इसे देश पर 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के बाद साल 2002 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने बनाया था। और जेल को विशेष रूप से उन कैदियों की मेजबानी के लिए डिज़ाइन किया गया था जो आतंक पर वैश्विक युद्ध के एक भाग के रूप में पकड़े गए थे। हालांकि जेल का इस्तेमाल पहली बार 2002 में किया गया था, अमेरिकी सरकार 1903 से वहां एक सैन्य नौसैनिक अड्डे का रखरखाव कर रही है। दिलचस्प बात यह है कि मूल जेल का नाम कैंप एक्स-रे था। दरअसल, 11 सितंबर को हुए आतंकी हमले के बाद महज 96 घंटे में जेल सुविधा को तत्काल इस्तेमाल के लिए तैयार कर लिया गया था. बुश प्रशासन द्वारा अफगानिस्तान में मुल्ला उमर के नेतृत्व वाली तालिबान सरकार को गद्दी से हटाने के कुछ ही समय बाद, यह सुविधा सबसे सुरक्षित जेल के रूप में अस्तित्व में आई। बंदियों के पहले जत्थे को अगले साल 11 जनवरी को जेल लाया गया और उन्हें शत्रु लड़ाकों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ग्वांतानामो बे के अधिकांश कैदी उन देशों से थे जो या तो जीडब्ल्यूओटी का हिस्सा थे या जिन्होंने आतंकवादियों को शरण देने में मदद की थी। संक्षेप में, उनमें से अधिकांश पश्चिम एशिया के देशों के थे। ग्वांतानामो गाथा का सबसे बुरा हिस्सा यह था कि इन कैदियों को विदेशी धरती पर पकड़ लिया गया था, लेकिन उन पर किसी विशेष अपराध का आरोप नहीं लगाया गया था। इसके अलावा, उन्हें अनिश्चित काल के लिए इस एकांत जेल में बंद कर दिया गया और किसी भी कानूनी वकील तक पहुंच से वंचित कर दिया गया। यहां ध्यान देने योग्य एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि [illegible] एक आधिकारिक युद्ध नहीं है क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस द्वारा युद्ध की कोई घोषणा नहीं की गई थी। 13 नवंबर, 2001 को, आतंकवादी हमले के बमुश्किल दो महीने बाद, राष्ट्रपति बुश ने एक सैन्य आदेश की घोषणा की, आधिकारिक तौर पर इन कार्रवाइयों की अनुमति दी : इसने सैन्य आयोग द्वारा अल-कायदा के किसी भी वर्तमान या पूर्व सदस्य और किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेने और परीक्षण को अधिकृत किया। अपने काम में सहायता या प्रोत्साहन देता है या अपने सदस्यों को आश्रय देता है। इस प्रकार, जीउब्लूओटी की कोई निर्धारित समाप्ति तिथि नहीं है, और इसने शक्तिशाली सशस्त्र बलों को ऑपरेशन को अंजाम देने के लिए अनिश्चितकालीन जनादेश दिया है, जब तक कि असली अपराधी पकड़े नहीं जाते। और जब 2011 में ओबामा प्रशासन के दौरान 9/11 के पीछे दिमाग वाले ओसामा बिन लादेन को अमेरिकी सेना ने मार गिराया, तो एक तरह से ऑपरेशन का सबसे बड़ा मील का पत्थर पहले ही हासिल कर लिया गया था। अब, अफगानिस्तान से अमेरिका की वापसी पिछले साल उसी तालिबान को शासन सौंपकर पूरी हुई, जिसके खिलाफ अमेरिका और अन्य उदार देशों ने लगभग दो दशकों तक लड़ाई लड़ी। अब, ग्वांतानामो बे को बनाए रखने का कोई मतलब नहीं है। दरअसल, पूरे रास्ते आतंक घर आ गया है। यह अब सर्वव्यापी है। अब, सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं- ग्वांतानामो को क्यों चुना गया और यह अभी भी खुला क्यों है? सबसे पहले, अमेरिकी रणनीतिक विशेषज्ञ और सुरक्षा एजेंट वैश्विक आतंकी संदिग्धों को जनता के दायरे से बाहर रखना चाहते थे और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लगातार मीडिया की चकाचौंध। साथ ही, जब उन्हें अमेरिका की मुख्य भूमि से बहुत दूर रखा जाता है, तो ये बंदी देश की न्याय प्रणाली के तहत अधिकारों के संरक्षण की मांग और आनंद दोनों नहीं ले पाएंगे। यहां ध्यान देने वाली एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि 117 वर्ग किलोमीटर के आधार में कैदियों को लंबे समय तक रखने के लिए पर्याप्त जगह और सुविधाएं थीं।

कई मानवाधिकार अधिवक्ताओं का कहना है कि यह खाड़ी तकनीकी रूप से अमेरिकी क्षेत्र का हिस्सा नहीं है, बल्कि कानून के बाहर द्वीप है। दूसरा, यह अभी भी खुला है क्योंकि जेल को बंद करने के लिए कांग्रेस की कठिन बाधाएं हैं। वैश्विक विशेषज्ञ ग्वांतानामो बे में लगातार मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करते हैं। डिटेंशन सेंटर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वहां किए गए मानवाधिकारों के उल्लंघन के लिए जाना जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय 2002 से लगातार अमेरिकी सरकार पर दबाव बनाकर या अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों को लागू करके जेल को बंद करने के लिए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में विफल रहा है। अधिकारों के पैरोकारों का कहना है कि जेल में अमेरिकी कार्रवाइयाँ तीसरे जिनेवा कन्वेंशन, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए अंतर्राष्ट्रीय वाचा , कन्वेंशन अगेंस्ट टॉर्चर और प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का उल्लंघन करती हैं। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि ग्वांतानामो बे में उल्लंघन में अवैध और अनिश्चितकालीन हिरासत, अमानवीय स्थिति, यातना, अनुचित परीक्षण (सैन्य आयोग) आदि शामिल हैं। आज यह जेल अमेरिकी अन्याय और यातना का प्रतीक बन गई है। संक्षेप में, ग्वांतानामो को बंदियों को यातना देने के लिए ही तैयार किया गया था, जिनमें ज्यादातर अल-कायदा और तालिबान से संबंधित थे। आज, यह द्वीप जेल इस बात की गवाही देता है कि कई लोग 21वीं सदी का पहला युद्ध कहते हैं। यह युद्ध एक अलग तरह के दुश्मन के खिलाफ एक अलग तरह का युद्ध था। जीडब्लूओटी इस तथ्य पर प्रकाश डालता है कि दुश्मन एक राष्ट्र नहीं है, बल्कि दुश्मन एक विशाल वैश्विक आतंकी नेटवर्क है जो सभी शांतिपूर्ण लोगों के जीवन के लिए खतरा है। सच कहूं तो अब यह स्पष्ट हो गया है कि जेल परिसर के अंदर बंदियों के अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का घोर उल्लंघन हुआ है और होता भी है। चूंकि जेल को पूरी तरह से वैश्विक मीडिया की चकाचौंध से बाहर रखा गया है, इसलिए अंदर हुई कुछ दुखद घटनाओं को बाहरी दुनिया के ध्यान में लाया गया। ग्वांतानामो बे जेल का रखरखाव अमेरिकी लोकतंत्र और उदारवादी लोकाचार का अपमान है जिसका प्रचार वाशिंगटन दशकों से करता आ रहा है। राष्ट्रपति बाइडेन आखिरकार पिछले बीस वर्षों से ग्वांतानामो में मौजूद अतिरिक्त न्यायिक और घृणित व्यवस्था को समाप्त कर सकते हैं। क्या इस बात की कोई उम्मीद है कि बाइडेन जेल को बंद कर पाएंगे? वर्तमान में, डेमोक्रेट्स के पास कांग्रेस में बहुत कम बहुमत है। और गिट्मो को समाप्त करने का यह एकमात्र सुनहरा मौका है, जो ओबामा अपने लंबे वादों के बावजूद बुरी तरह विफल रहे। यदि बिडेन इस मुद्दे पर कुछ करना चाहते हैं, तो पहले उन्हें जेल को बंद करने पर लंबे समय से लगे प्रतिबंधों को निरस्त करना होगा क्योंकि अमेरिकी कांग्रेस हर साल दो कानून लाती है, अर्थात् एक वार्षिक रक्षा प्राधिकरण बिल और एक सरकारी खर्च बिल। ये कानूनी अड़चनें हैं जिन्हें इस समय बाइडेन को दूर करने की जरूरत है। रिकॉर्ड पर, बिडेन ने ग्वांतानामो को बंद करने का भी वादा किया है। लेकिन विडंबना यह है कि ओबामा को रोकने वाली कांग्रेस की बाधाएं अब भी विद्यमान हैं।

# अधिकारों से वंचित अफ़गान महिलाएं

> यह बयान तालिबान द्वारा वैश्विक राजनयिक पहचान प्राप्त करने में चीन की सहायता मांगने के बाद आया था। स्पष्ट रूप से इसमें संकेत किया गया है कि सरकार को 'समावेशी' बनाने के बारे में दुनिया क्या सोचती है।

**हिरण्मय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



**दिनांक** 20 जनवरी, 2022 को अखबारों में प्रकाशित दो खबरें ध्यान आकर्षित करती हैं। पहला, एक प्रमुख दैनिक के दिल्ली संस्करण में एएफपी के हवाले से बताया गया है कि कार्यकारी अफगान प्रधानमंत्री मुहम्मद हसन अखुंद ने 19 जनवरी को मुस्लिम देशों से अपील की थी कि 'वे हमें आधिकारिक रूप से मान्यता देने में नेतृत्व करें।' वे अफगानिस्तान की व्यापक आर्थिक समस्याओं से निपटने के लिए आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दूसरी खबर का संबंध द पायनियर के दिल्ली संस्करण में पीटीआई की खबर से है। इसके अनुसार चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शियाओ लिजान ने 18 जनवरी को मीडिया को संबोधित करते हुए आशा प्रकट की थी कि अफगान पक्ष अंतरराष्ट्रीय समुदाय की उम्मीदें पूरी करने हुए आगे बढ़ेगा। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि वह 'एक खुला व समावेशी राजनीतिक ढांचा स्थापित करेगा, मध्यमार्गी व व्यावहारिक घरेलू एवं विदेश नीतियां लागू करेगा, सभी प्रकार के आंतकी बलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करेगा तथा अन्य देशों, खासकर अपने पड़ोसियों के साथ मित्रतापूर्ण संबंध स्थापित करेगा और जल्द ही अंतरराष्ट्रीय परिवार के साथ जुड़ जाएगा।' यह बयान तालिबान द्वारा वैश्विक राजनयिक पहचान प्राप्त करने में चीन की सहायता मांगने के बाद आया था। स्पष्ट रूप से इसमें संकेत किया गया है कि सरकार को 'समावेशी' बनाने के बारे में दुनिया क्या सोचती है। इनमें महिलाओं के प्रति नीतियां भी शामिल हैं जो लगातार उत्पीड़न और दमन का शिकार बन रही हैं जिससे तालिबान के 1996 से 2001 में सत्ता की याद आ जाती है। ऐसा तालिबान के इस आश्वासन के बावजूद हो रहा है कि महिलाओं को शरीया कानून के अंतर्गत उपलब्ध शिक्षा और काम के अधिकार प्राप्त होंगे। वास्तव में संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा उसकी संस्थाओं ने अनेक अवसरों पर तालिबान से अपने द्वारा किए वादे पूरे करने को कहा है तथा उसकी कार्रवाइयों की आलोचना की है। संरा. महासचिव अंटोनियो गुटरेस ने पिछले साल 7 अक्टूबर को रिपोर्टरों को बताया था, 'मुझे खासकर इसलिए चिन्ता है कि तालिबान द्वारा अफगान महिलाओं और लड़कियों से किए वादे तोड़े जा रहे हैं।' उन्होंने यह भी कहा था कि 'मैं तालिबान से अपील करता हूं कि वे महिलाओं और लड़कियों से किए अपने वादे पूरे करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों और मानवतावादी कानूनों के अंतर्गत दायित्व निभाएं।' संरा. व्यवस्था में मानवाधिकारों को प्रोत्साहित करने व उनकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार अंतर-सरकारी संस्था मानवाधिकार परिषद में बोलते हुए मानवाधिकारों के संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त माइकेल बेचलेट ने 13 सितंबर, 2021 को कहा था, 'मेरे कार्यालय को अनेक विश्वसीनय आरोप प्राप्त हुए हैं कि पूर्व अफगान नेशनल सिक्यूरिटी फोर्सेज़-एएनएसएफ कर्मियों ने दंड स्वरूप हत्यायें की हैं। इसके साथ ही पूर्व प्रशासनों में काम कर चुके अधिकारियों से खबरें मिली हैं कि उनके परिवारी सदस्यों को मनमाने ढंग से हिरासत में लिया गया है। कुछ मामलों में अधिकारियों को रिहा किया गया, जबकि दूसरों में उनको मरा पाया गया।' बैचलेट ने यह भी कहा कि कुछ एडवोकेसी समूहों के कार्यालयों पर तालिबानी हमले की 'अत्यधिक चिन्ताजनक सूचनायें' प्राप्त हुई हैं। इन मामलों में संरा. संस्थाओं ने कार्रवाई भी की। 17 सितंबर को सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव स्वीकार कर कहा कि तालिबान को एक समावेशी सरकार बनानी चाहिए तथा उसे 'महिलाओं की पूर्ण, समतापूर्ण व सार्थक सहभागिता' सुनिश्चित करते हुए मानवाधिकारों का पालन करना चाहिए। मानवाधिकार परिषद ने 7 अक्टूबर को एक प्रस्ताव स्वीकार कर मार्च, 2022 से संरा. विशेषज्ञों द्वारा समर्थित एक विशेष रेपोंट्योर नियुक्त करने की घोषणा की जो अफगानिस्तान में जमीनी स्तर पर मानवाधिकार की स्थिति की निगरानी करेगा। इस बात के कुछ संकेत हैं कि तालिबान समुचित प्रतिक्रिया कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री अब्दुल बाकी हक्कानी ने 12 जनवरी को काबुल में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि सरकार जल्द ही पुरुष व महिला छात्रों के लिए सार्वजनिक विश्वविद्यालय जल्द खोलेगी। उन्होंने यह घोषणा भी की कि इन छात्रों को अलग-अलग रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के आर्थिक संकट तथा पुरुष व महिला छात्रों के लिए अलग-अलग कक्षायें न होने के कारण इसमें विलंब हुआ है। इसके पहले 3 दिसंबर को कार्यकारी प्रधानमंत्री के नाम से जारी आदेश में तालिबान ने कहा था कि 'महिलायें संपत्ति नहीं हैं, बल्कि वे आदर्श व स्वतंत्र मनुष्य हैं तथा कोई उनको शांति के बदले या दुश्मनी समाप्त करने के लिए किसी और को नहीं सौंप सकता है।' इस आदेश में कहा गया था कि महिलायें और पुरुष 'समान होने चाहिए' तथा 'किसी को दबाव में महिलाओं को विवाह के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए।' इस आदेश में अपने पति की मृत्यु के 17 सप्ताह बाद विधवा को पुनर्विवाह की अनुमति दी गई है, जबकि लंबे समय से अफगान कबीलाई परंपराओं के अनुसार उसे पति की मृत्यु के बाद उसके भाइयों या रिश्तेदारों में से एक से विवाह करना पड़ता है। तालिबान नेतृत्व ने बार-बार अफगान अदालतों से कहा है कि वे महिलाओं के प्रति न्यायोचित व्यवहार करें तथा खासकर विधवाओं द्वारा विरासत पाने के मामलों में सक्रियता दिखायें।



## फरमाया



मुंबई की एक ऊंची इमारत में आग लगने की दुखद खबर विचलित करने वाली है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**आप** सभी के प्रयास से आज आकांक्षी जिले देश की प्रगति में आने वाली बाधाओं को दूर कर रहे हैं। वे बाधाओं के बजाय विकास के त्वरक बन रहे हैं

**- नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**इस** महामारी के लगभग दो वर्षों के शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक प्रभाव के बाद, हम में से कई लोगों के लिए, यह सहन करने के लिए बहुत अधिक है।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

www.dailypioneer.com

## स्वार्थी हैं अमीर देश

**विश्व** के अमीर देश बड़ा मतलबी एवं पक्षपाती हैं। निष्पक्षता इनमे लेस मात्र भी नहीं है। अब देखिये न, पिछले सोमबार को, यूएेई के राजधानी अबू धाबी पर हवाई हमलों की, बढ़चढ़कर निंदा की जा रही है, जिसमें तीन लोग मारे गए थे। हमला यमन स्थित हुथी विरोधियों ने की थी। उसके बाद सऊदी अरब ने यमन में बदला लेते हुए हवाई हमला किये, जिनसे 70 लोग मारे गए। 150 घायल हैं। मगर पूरी दुनिया को यह ज्यादिति नहीं दिख रहा है। इसमें किसी प्रकार का, मानवाधिकार का हनन भी नहीं दिख रहा है। मानेगा भी कैसे सन 2015 से अबतक सऊदी एवं उसके मित्र देशो ने मिलकर, यमन पर 20,100 से अधिक हवाई हमले किए हैं, एक दिन में औसतन 12 हमले। अगर एक हमले में औसतन पांच लोगों की मृत्यु भी हुई होगी तो कुल 1 लाख 500 सौ के करीब लोग मारे गए होंगे। क्या यह यूएेई एवं सऊदी अरब का यमनी लोगों का कत्लेआम नहीं है? क्या यह नरसंहार नहीं है? अगर इन नरसंहारों के बदला लेने की कोशिश होती है तो दुनिया आग बबूला क्यों हो जाती है? आखिर इस ऐसे अन्यायपूर्ण विश्वव्यवस्था कब तक चलता रहेगा?

**- जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

## लघुकथा : मच्छरदानी



विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्व अति महाप्रबंधक (जन.)
छग पावर कम्पनी,

**गां**व के सामान्य किसानों में प्रदीप भोले की गिनती होती थी।जमीन कम थी मगर उसका हौसला गज़ब का था। थोड़ी सी खेती में कुछ अच्छा उपजा लेने की आस लिए बैंक से लोन लेने शहर के बैंक में भोले पहुंचा था। दो तीन महीने तक वह बैंक के चक्कर काट चुका था, पर फायदा ढेले भर का नहीं हुआ था।आखिर में बैंक के बड़े बाबू ने कुछ ले देकर भोले को लोन दिलाना पक्का कर दिया।

लोन देने के पहले उसके खेत जमीन का प्रत्यक्ष मुआईना करने बड़े बाबू लोन के कागजात लेकर भोले के गांव पहुंचा। वह रात की पार्टी के बहाने भोले के घर रुका। आधी रात तक मुर्गा शराब खाने पीने के बाद मुंह फाड़ते हुए बाबू सोने के लिए पलंग के करीब पहुंचा। पलंग में मछरदानी नहीं लगा था। इसे देखकर बौखलाए सांड़ की तरह वह भड़क उठाऔर बोला-बिना मच्छरदानी के मैं सो नहीं पाऊंगा। साले मच्छर तो रात भर में मेरे शरीर का पूरा खून चूस डालेंगे।

बाबू की बातें सुनकर भोले सकपकाया हुआ दौड़ते गया और अपने बच्चे की खाट पर लगे मछरदानी को निकाल कर बैंक बाबू के पलंग में लगा दिया। बैंक बाबू अपने रूदबे के असर में डुबा बेखबर शीघ्र ही चैन की नींद सो गया। यह सब देखकर भोले का बच्चा पूछ पड़ा- बाबूजी, बैंक बाबू जैसे मच्छर हमें ना चूस सकें इसके लिए कोई मछरदानी नहीं बनी है क्या ? बच्चे के इस प्रश्न से भोले की सोई आत्मा जाग उठी। उसका स्वाभिमान उसे ललकारते हुए धिक्कारने लगा।

भोले तमतमा उठाऔर सोते हुए बैंक बाबू के पलंग के करीब जा पहुंचा। उसने पलंग में लगे मछरदानी को झटके से निकाल कर वापस अपने बच्चे की पलंग पर लगा दिया। भोले का ऐसा भयानक रूप देखते ही बैंक बाबू सहम गया। थूक निगलते हुए वह उठा और साथ में लाए लोन के कागज पर कांपते हाथों से धड़ल्ले से हस्ताक्षर करता चला गया।

हस्ताक्षर करने के उपरांत वह गिड़गिड़ाते हुए बोला -भोले, मुझे अभीआधी रात को घर से मत भगाना। इस वक्त शहर जाना माने अपनी जिंदगी को खतरे में डालना है। दया करना मेरे छोटे छोटे बच्चे हैं। भोले ने हंसते हुए कहा-चिंता मत करो साहेब। हम मच्छर नहीं किसान हैं। अपना पेट भरने के लिए हम दूसरों का खून नहीं चूसते, बल्कि दूसरों का पेट पालने के लिए अपना खून-पसीना बहाते हैं। इसीलिए शोषक नहीं पालनहार पोषक कहलाते हैं। भोले की बातें सुनकर बैंक बाबू की आंखें शर्म से झुकी जा रही थीं।

# जनभागीदारी समिति के फंड में गड़बड़ी के लगे आरोप, छात्रों को नहीं मिल रही अपेक्षित सुविधाएं

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्थानीय पीजी कॉलेज की जनभागीदारी समिति पर वित्तीय अनियमितता के आरोप लगे हैं। कॉलेज में छात्रों को विभिन्न सुविधाएं देने के नाम पर जनभागीदारी शुल्क वसूला जाता है। हर छात्रों से 45 लाख रुपए से अधिक जनभागीदारी शुल्क लिया जाता है। बावजूद छात्रों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिलने की शिकायत मिलने पर किसान नेता योगेश तिवारी कॉलेज पहुंचकर छात्रों से रूबरू हुए।

यहां छात्रों ने किसान नेता को जनभागीदारी समिति और कालेज प्रबंधन के बेपरवाह रवैया से अवगत कराया। किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि सम्बंधित मद की जांच करने पर बड़े खुलासा होंगे। जनभागीदारी समिति फण्ड में बड़ी गड़बड़ी की शिकायत मिल रही है। समिति के अंतर्गत हर सामग्री की खरीदी में कमीशनखोरी की जा रही है। सुविधाओं के नाम पर छात्रों से लाखों रूपए वसूल किया जाता है, बावजूद हर कार्य के लिए छात्रों को भटकना पड़ रहा है।



## 8 हजार से अधिक छात्रों के लिया जाता है, जनभागीदारी शुल्क

परीक्षा फार्म जमा करने पहुच रहे हर छात्र से जनभागीदारी शुल्क वसूला जा रहा है। जिसमे छात्रों से 330 से 500 रुपए लिया जा रहा है। इस सत्र में रेगुलर और प्राइवेट छात्रों की संख्या 8 हजार से अधिक है। किसान नेता को छात्रों ने बताया कि जनभागीदारी शुल्क के नाम पर अनाप शनाप वसूली की जा रही है। लेकिन सुविधा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है। कोई ना कोई बहाना कर छात्रों को बैरंग लौटा दिया जाता है।

## बिना सामग्री क्रय किए राशि आहरण, कमीशन खोरी के आरोप

योगेश तिवारी ने बताया कि जनभागीदारी समिति के अंतर्गत हर सामान की खरीदी में कमीशनखोरी की जा रही है। बिना सामग्री क्रय किए राशि आहरण कर लिया जाता है। छात्रो से इस सम्बंध में लगातार शिकायत मिल रही है। दुर्ग यूनिवर्सिटी से उत्तरपुस्तिका भेजे जाने के बावजूद, कोविड गाइड लाइन का बहाना कर छात्रो को उत्तरपुस्तिका नही दी जा रही है।

## सभी नगरीय निकायों में धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का संचालन शीघ्र शुरू कराने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले के सभी नगरीय निकायों में श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का संचालन शीघ्र शुरू कराए। श्री महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजना श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में आमजनों को अधिकतम खुदरा बि ी मूल्य (एमआरपी) में 50 प्रतिशत से अधिक छूट पर उच्च गुणवत्तायुक्त जेनेरिक दवा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने जिले के नगरीय निकायों में श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स का बेहतर संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन के लिए की जा रही कार्यवाही की प्रगति की जानकारी ली। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित कुमार साहू ने बताया कि जिले में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत् मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन हेतु जिले में तीन कलस्टर बनाए गए हैं। जिसमें तीन मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहन के माध्यम से वार्डों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर आमजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाएगी।

# धान खरीदी की तिथि बढ़ाने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार : पीतांबर वर्मा

पायनियर संवाददाता < बोड़ला
www.dailypioneer.com



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बोड़ला के अध्यक्ष पीताम्बर वर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवम कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर भाई द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की मियाद एक सप्ताह बढ़ाने की घोषणा किये जाने का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार किसानों की सरकार है। किसानों का हित कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता है। किसानों के हित में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लिये गए निर्णय से किसानों में हर्ष है। पहले 31 जनवरी तक धान ख़रीदी की तारीख़ तय की गई थी जो अब एक सप्ताह और बड़ा कर 7 फरवरी तक किया गया है। बोड़ला जनपद अध्यक्ष अमिता प्रभाती मरकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवम कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर भाई के राज में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस की सरकार चौबीसों घंटे, हर स्थिति में किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केंद्र सरकार ने अड़ंगे के बावजूद किसानों का धान 2500 रुपये की दर से खरीद रहे हैं। सरकार बनते ही किसानों का कर्जा माफ किया गया। केंद्र सरकार प्रायोजित बारदाना संकट से मुकाबला करते हुए किसानों का दाना-दाना ख़रीद रहे हैं। बेमौसम बरसात के कारण धान खरीदी प्रभावित हुई तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की समय सीमा बड़ा दी। बोड़ला मिडिया प्रभारी गोरेलाल चंद्रवंशी ने कहा कि गोधन न्याय योजना के तहत किसानों, पशुपालकों को अतिरिक्त आर्थिक स्रोत उपलब्ध कराया गया है। जिसकी किश्त हर पंद्रह रोज में जारी की जा रही है। आज भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 2.76 करोड़ भुगतान की किश्त जारी की है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर रहे हैं जिससे किसानों के जीवन में खुशहाली आ रही है। अब किसान हित में धान खरीदी की समय सीमा बढ़ाकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों की चिंता दूर कर दी है। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी के बारे में कोरी बयानबाजी करना बंद करे। भाजपा ने 15 सालों तक जितना खरीदी करती थी उससे ज्यादा खरीदी भूपेश बघेल सरकार अभी तक कर चुकी है। अभी तक 81 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। किसानों के नाम पर राजनीतिक नौटंकी करने वाली भाजपा अब प्रधानमंत्री से कहे कि छत्तीसगढ़ का उसना चावल खरीदने तैयार हो ताकि प्राकृतिक विपदा के कारण भीगा हमारे किसानों का धान खरीदा जा सके। भीगे धान से उसना चावल आसानी से बन सकता है। यहां किसानों से झूठी हमदर्दी दिखाने वाले भाजपा नेता अपनी किसान विरोधी मोदी सरकार से छत्तीसगढ़ का उसना चावल ख़रीदवायें अन्यथा राजनीतिक स्वांग दिखाना बंद करें। इसी कड़ी बोड़ला के समस्त किसान भाई एवम सभी कांग्रेस कार्यकर्ता गण एवम अमर सिंह वर्मा, सनत जयसवाल, मुखीराम मरकाम, मन्नू चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, डाकोर चंद्रवंशी, सावित्री साहू, छबि वर्मा, अमित वर्मा, दूरपत सिंग, परमेश्वर मानिकपुरी सभी लोगों ने 31 जनवरी से बढ़ाकर धान खरीदी 7 फरवरी तक किया गया है।

## बोड़ला पुलिस ने सड़क दुर्घटना रोकने ग्रामीण जनों से मिलकर चलाया संयुक्त अभियान



पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनिषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके के मार्ग दर्शन मे थाना प्रभारी बोड़ला रमाकांत तिवारी के नेतृत्व मे तरेगाव मुख्यमार्ग पर अनेक स्थान जिसमे अनेक कारणों से विजिबिलिटी नही होने से सड़क दुर्घटना की स्थिति बनी हुई थी। इन दुर्घटनाओं को रोकने, आम रास्तो, सड़क पर विजिबिलिटी बढ़ाने, दुर्घटना जन्य स्थानों की पहचान कर थाना स्टाफ व ग्रामीण जनों द्वारा सुरक्षित सड़क परिवहन को प्रभावित कर रहे झाड़ियों को ग्रामीणों क्षेत्रो में सड़क पर फैले मिट्टी को हटाने, पेड़ो की छटाई हेतु डोजर व बोड़ला पुलिस के जवान व ग्रामीण जनों के माध्यम से कराई जा रही है। साथ ही पुलिया का रंगाई पुताई का कार्य भी पुलिस जवान एवं ग्रामीण जनों के द्वारा किया गया। इस दौरान खरिया, खदौड़ा, बैजलपुर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे। जिन्हें थाना बोड़ला स्टाप के द्वारा यातायात नियमो के पालन के साथ सड़क परिवहन के दौरान बरतने वाले सावधानियों से जागरूक किया गया।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के रिनोवेशन कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराएं : कलेक्टर

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि जिले के स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के रिनोवेशन कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराएं। महोबे संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरुर, डौंण्डी, डौण्डीलोहारा, अर्जुंदा और स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम स्कूल बालोद के रिनोवेशन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल गुरुर, डौंडी, डौण्डीलोहारा व स्वामी आत्मानंद शासकीय हिंदी माध्यम स्कूल बालोद में रिनोवेशन कार्य शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को रिनोवेशन कार्य का समय समय पर निरीक्षण कर अद्यतन स्थिति से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

# जिले के शतप्रतिशत हेल्थकेयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्करों को प्रीकॉशन डोज लगाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर महोबे

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने कहा कि कोविड-19 के सं मण से बचाव व रोकथाम हेतु प्लानिंग करके जिले के शतप्रतिशत हेल्थकेयर वर्कर और फ्रंटलाइन वर्करों को प्रीकॉशन डोज लगाना सुनिश्चित करें। महोबे सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कोमार्बिड व्यक्ति यों को भी अभियान चलाकर प्रीकॉशन डोज लगाने का लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में अब तक हुए कोविड-19 वैक्सीनेशन की प्रगति की जानकारी ली और निर्देशित किया कि शेष बचे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर वैक्सीनेशन करें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी ने बताया कि जिले के 7 हजार 54 हेल्थकेयर वर्करों का प्रथम डोज के लक्ष्य के विरूद्ध 7 हजार 886 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है, जो कि लक्ष्य का 112 प्रतिशत है। हेल्थकेयर वर्करों का द्वितीय डोज के लक्ष्य 7 हजार 54 के विरूद्ध 7 हजार 285 लोगों का टीकाकरण किया गया, जो कि लक्ष्य का 103 प्रतिशत है। हेल्थकेयर वर्करों का प्रीकॉशन डोज के लक्ष्य 7 हजार 285 के विरूद्ध अब तक 3 हजार 771 लोगों का टीकाकरण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 52 प्रतिशत है। इसी प्रकार फंटलाइन वर्करों का प्रथम डोज के लक्ष्य 4 हजार 670 के विरूद्ध 6 हजार 581 लोगों का टीकाकरण किया गया, जो कि लक्ष्य का 141 प्रतिशत है। फंटलाइन वर्करों का द्वितीय डोज के लक्ष्य 4 हजार 670 के विरूद्ध 5 हजार 854 लोगों का टीकाकरण किया गया, जो कि लक्ष्य का 125 प्रतिशत है। फंटलाइन वर्करों का प्रीकॉशन डोज के लक्ष्य 5 हजार 854 के विरूद्ध अब तक 2 हजार 94 लोगों का टीकाकरण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 36 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति यों का प्रथम डोज के लक्ष्य 2 लाख 7 हजार 616 के विरूद्ध 2 लाख 43 हजार 404 लोगों का टीकाकरण किया गया, जो कि लक्ष्य का 117 प्रतिशत है। 45 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति यों का द्वितीय डोज के लक्ष्य 2 लाख 7 हजार 616 के विरूद्ध अब तक 1 लाख 87 हजार 681 लोगों का टीकाकरण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 90 प्रतिशत है। 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कोमार्बिड व्यक्ति यों का प्रीकॉशन डोज के लक्ष्य 15 हजार 419 के विरूद्ध अब तक 1 हजार 132 लोगों का टीकाकरण किया गया है। 15 वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों का प्रथम डोज के लक्ष्य 48 हजार 934 के विरूद्ध अब तक 44 हजार 630 लोगों का टीकाकरण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 91 प्रतिशत है। 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के लोगों का प्रथम डोज के लक्ष्य 3 लाख 78 हजार 797 के विरूद्ध अब तक 3 लाख 75 हजार 851 लोगों का टीकाकरण किया गया है, जो कि लक्ष्य का 99 प्रतिशत है।

## 13 जुआ एक्ट के तहत खम्हरिया पुलिस की कार्यवाही-01 प्रकरण में 8 जुआरियों से नगदी रकम 1,510 रूपये व ताश जब्त

**बेमेतरा।** थाना खम्हरिया पुलिस को जरिये मुखबीर के सुचना मिली कि कईहा तालाब पार बरगद पेड़ के नीचे आम जगह में कुछ लोग रूपया - पैसो का हार-जीत का दाव लगाकर तास पत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ द्वारा गवाहो के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां पुलिस को आते देखकर कुछ जुआडियान भाग निकले तथा आम जगह पर रूपये-पैसो का हार-जीत दांव लगाकर जुंआ खेलते जुआडियान रंगे हाथो पकडें गये। जिसमें 01 प्रकरण में 08 जुआडियानो 01. रसीद खान उम्र 52 साल 02. अर्जुन सिन्हा उम्र 35 साल 03. सुखराम पटेल उम्र 38 साल 04. रामकुमार निर्मलकर उम्र 60 साल 05. बिहारी नाई उम्र 55 साल 06. जगमोहन लाल उम्र 59 साल 07. संतोष सिन्हा उम्र 42 साल सभी साकिनान थानखम्हरिया, थाना थानखम्हरिया जिला बेमेतरा, 08. ठाकुर राम पाटिल उम्र 36 साल सा. गोरखपुर थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम के पास एवं फण्ड से कुल जुमला नगदी रकम 1,510/- रूपये व 52 पत्ती तास को 13 जुआ एक्ट के तहत जप्त कर कार्यवाही किया गया।

# लेंजवारा किराना दुकान में चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार, 2,300 रूपये बरामद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



खुबीराम साहू पिता केशवराम साहू उम्र 43 साल साकिन लेंजवारा थाना बेरला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 20.01.2022 के रात्रि में अपना दुकान बंदकर घर आ गया था दिनांक 21.01.2022 को सुबह दुकान खोलकर देखा तो दुकान में समान बिखरा पडा था तब दुकान में रखे गल्ला को खोलकर देखा तो उसमें रखा कुल नगदी रकम 5000/- रूपये नही था तब अपने घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किया तो दिनांक 21.01.2022 के रात्रि में इसके गांव के ज्ञानु साहू, राहुल साहू, खेमसिंह ऊर्फ छोटू साहू इसके घर के पीछे तरफ से कुदकर पिछला दरवाजा का सिटकनी खोलकर अंदर प्रवेश कर किराना दुकान के अंदर रखे गल्ला से करीबन 5000/- रूपये को चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना बेरला में अपराध क्रमांक 19/2022 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक राजेश मिश्रा एवं थाना स्टाफ को आरोपियो के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान तत्काल कार्यवाही करते हुए दिनांक 21.01.2022 को ज्ञानु साहू, राहुल साहू, खेमसिंह ऊर्फ छोटू साहू को हिरासत में लेकर उक्त चोरी के संबंध में पुछताछ करने पर जिन्होने अपराध घटित करना स्वीकार किये। आरोपियो के कब्जे से नगदी रकम 2300/- रूपये बरामद किया गया। आरोपियो का कृत्य धारा 457,380,34 भादवि का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण 1. राहूल साहू पिता रामकुमार साहू उम्र 22 साल 2. ज्ञानू साहू पिता ईश्वर साहू उम्र 25 साल 3. छोटू साहू पिता चतुर साहू उम्र 21 साल सभी साकिनान लेंजवारा थाना बेरला जिला बेमेतरा दिनांक 21.01.2022 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेरला प्रभारी निरीक्षक राजेश मिश्रा, सउनि डी.एल. सोना, प्रधान आर. लोकेश गौसेवक, आर. रामकुमार भारती, भूषण मारकंडे एवं अन्य थाना बेरला स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## सटोरिया चढा पुलिस के हत्थे 450रु, नगदी रकम एवं 1000रु का सटटा पटटी जब्त



**कवर्धा।** जिले में जुआ, सट्टा, आबकारी एवं गाँजा तस्करी पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ.लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंन्द्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी दामापुर स.उ.नि. रघुवंश पाटिल के नेतृत्व में आज दिनांक- 24/01/2022 को जुर्म जरायम पतासाजी हेतु पुलिस टीम टाउन/देहात रवाना किया गया था, दौरान पेट्रोलिंग के मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम डोंगरियाखुर्द में आरोपी राज पिता हीरासिंह कुर्रे उम्र 20 साल सा. डोंगरियाखुर्द चौकी दामापुर थाना कुण्डा जिला कबीरधाम जो पानी टंकी के पास सटटा पटटी लिखकर अवैध धन अर्जित कर रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल चौकी टीम के द्वारा रेट कार्यवाही किया गया तथा आरोपी को रंगे हाथों सटटा खेलाते पकड़ा गया जिसके कब्जे से 450/रु कुल नगदी रकम एवं 01 नग सट्टा पट्टी, 01 नग डाटपेन जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उचित वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी दामापुर, सउनि रघुवंश पाटिल, प्र. आर. 355 रघुनंदन चंद्रवंशी, आर. 493 हिरेश सिंह ठाकुर, सैनिक 75 खगेश्वर साहु का सराहनीय योगदान रहा है।

# शिक्षकों की लेट लतीफ आने से परेशान होकर गाड़ाडीह प्राथमिक शाला में पालकों ने जड़ा ताला

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षकों के द्वारा आए दिन स्कूल आने में लापरवाही करते हुए लेट लतीफ होने से पालक परेशान हो कर गाड़ाडीह प्राथमिक शाला के मेन गेट पर ताला जड़ दिया बाद में एबीओ मौके पर पहुंचा और लेट लतीफ करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने का आश्वासन देने के बाद स्कूल का मेन गेट का दरवाजा खोला गया, जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गाड़ाडीह जहाँ पर संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में विगत कई दिनों से शिक्षक स्टॉप के द्वारा लेट से स्कूल आने व स्कूल में बच्चों को नहीं पढ़ाने यहाँ तक की स्कूल में प्रार्थना नही कराने के विरोध में आज जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हीरा साहू व क्षेत्र क्रमांक 22 के जनपद सदस्य गौतम वर्मा के नेतृत्व पालकों द्वारा एकमत होकर स्कूल के मेन गेट में ताला जड़ दिया व जमकर नारेबाजी की गई। जानकारी होने पर साजा विकास खंड में पदस्थ एबीओ एल आर सिन्हा मौके पर पहुंचे और पालकों को संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की बात कही गई तब जाकर पालकों ने गेट का ताला खोला जिसके बाद एबीओ की उपस्थिति में स्कूल परिसर में बच्चों का प्रार्थना कराया गया।

### पहले भी इस शिक्षकों के लेट लतीफ की शिकायत हो चुकी है

इस स्कूल के बारे में जानकारी मिली है उसके मुताबिक करीब 1 साल पहले भी यहां के शिक्षकों के लेट लतीफ आने से आने की शिकायत पहले भी संबंधित शिक्षा विभाग में किया जा चुका है जहां पर उस समय भी शिक्षा विभाग के द्वारा कार्यवाही करने की बात कही गई थी परन्तु मामला जहां के तहां रह गया और किसी खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे इन शिक्षकों का हौसला बुलंद हो गया है बताया जाता है इस स्कूल में 3 शिक्षक है जो महिलाएं हैं जो बाहर से आते हैं जिसके कारण आने में लेट हो जाता है परिणाम स्वरूप कई बार बच्चों से प्रार्थना नहीं कराया जाता सीधा स्कूल कक्षा में बैठा दिया जाता है।

**विंटर चैलेंज ट्रेकिंग में देशभर से मात्र 02 लोगों ने किया टास्क पूरा**

# महिला आरक्षक ने लेह लद्दाख के UT KANGRI की 6080 मीटर की ऊंची चढ़ाई चढ़कर कबीरधाम पुलिस का गाड़ा झंडा

## कबीरधाम पुलिस कप्तान ने किया महिला आरक्षक को सम्मानित

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर शहरी एवं वनांचल ग्रामवासी छात्र/छात्राओं तथा युवा अभ्यर्थियों को पुलिस भर्ती, आर्मी भर्ती, बी.एस.एफ, आई.टी.बी.पी. एवं अन्य थल सेना भर्ती रैली की निशुल्क तैयारी पुलिस फोर्स अकैडमी कबीरधाम के माध्यम से कराया जा रहा है, साथ ही खिलाड़ी छात्र/छात्राओं को खेल के क्षेत्र में आगे बड़ा कर अपना तथा जिले का नाम रोशन करने तैयारी कराया जा रहा है। इसी तारतम्य में कबीरधाम पुलिस के नक्सल सेल में पदस्थ महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता के द्वारा कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे तथा उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे के दिशा निर्देश पर बूस्ट एंड कैम्प्रोन कंपनी के माध्यम से लेह लद्दाख में आयोजित विंटर चैलेंज कंपटीशन 11 जनवरी से 19 जनवरी 2022 का आयोजन किया गया था। जो युठी कांगरी लेह की बर्फ से ढके चोटियों पर 6080 मीटर 19914 फीट की ऊंची चोटी की चढ़ाई का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें पूरे भारत के 09 अलग-अलग राज्यों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 02 प्रतिभागियों के द्वारा उक्त लक्ष्य को पूरा किया गया।

जिसमें से 01 कबीरधाम पुलिस की महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता है। जिन्होंने दिनांक 17 जनवरी 2022 को चढ़ाई प्रारंभ किया था, और 18 जनवरी को रात 10=18 बजे निर्धारित लक्ष्य तक पहुंच कर कबीरधाम पुलिस का झंडा लगाकर कबीरधाम पुलिस एवं कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया है। चढ़ाई के दौरान टेंपरेचर-39 तक पहुंच गया था, बर्फ से ढके चट्टान चढ़ाई के दौरान सरक रहे थे जिससे कई चोटें भी लगी जिसके बावजूद अंकिता के बुलंद हौसले और कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह एवं वन मंडल अधिकारी दिलराज प्रभाकर के बढ़ाए गए हौसले का मान बनाए रखने हेतु चढ़ाई पूरा कर एक नई मिसाल जिले के सामने प्रस्तुत किया गया है। जिस पर आज दिनांक-24/01/2022 को पुलिस अधीक्षक के द्वारा महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल अजीत ओगरे, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल संजय धुर्वे एवं कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहकर महिला आरक्षक अंकिता गुप्ता को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## सेल स्थापना दिवस के अवसर पर लौह अयस्क खदान समूह में 2000 पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



सेल स्थापना दिवस के अवसर पर लौह अयस्क खदान समूह में 2000 पौधे लगाए जाने हैं, जिसकी राजहरा यंत्रीकृत खदान में पौधे लगाकर शुरुआत की गई। जिसमें अनेक प्रजाति के पौधों का रोपण किया जाएगा। अब तक वर्ष 2021-22 में लौह अयस्क खदान के विभिन्न क्षेत्रों में कुल 47200 पौधों का रोपण किया जा चुका है। इस अवसर पर सुनाराम बासके, महाप्रबंधक-राजहरा, संतोष गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक-राजहरा क्रशिंग प्लांट, ए.के. सार्वे, सहायक प्रबंधक (पर्यावरण), छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास के अधिकारीगण एम.के. खटकर, एस.डी.ओ.पानाबरस प्रोजेक्ट व गोपाल सिंह राजपूत, डिप्टी रेंजर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण विभाग तथा इंडस्ट्रियल सिविल विभाग के कर्मचारियों ने सहयोग प्रदान किया।

## पीएससी में चयनित होकर खरसिया की बिटिया डिंपल बनी शासकीय महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक



**सक्ती।** खरसिया शहर की मेधावी बिटिया डिंपल अग्रवाल विगत वर्ष छत्तीसगढ़ शासन लोक सेवा आयोग पीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर की परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चयनित हुईं थी, तथा डिंपल के चयन के बाद अब छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग ने डिंपल की प्रथम पदस्थापना रायगढ़ जिले के खरसिया विकासखंड के ग्राम- चपले में शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक के पद पर कर दी है,तथा डिंपल अग्रवाल 27 जनवरी को सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी प्रथम पदस्थापना का पदभार ग्रहण करेंगी, डिंपल की इस सफलता पर जहां शहर वासियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, तो वहीं डिंपल अग्रवाल भी प्रारंभ से ही काफी मेधावी एवं शिक्षा की ओर गंभीर रही है, एवं डिंपल का कहना है कि वे सहायक प्राध्यापक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का सजगता के साथ निर्वहन करेंगी, तथा छात्र- छात्राओं को उनके सुनहरे भविष्य के निर्माण के लिए भी प्रयास करेंगी,डिंपल की इस सफलता पर जहां उनके परिवार जनों एवं उनके सहपाठियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है, तो वहीं डिंपल बाबा खाटू वाले श्याम की भी अनन्य भक्त हैं एवं डिंपल ने खाटू वाले श्याम जी के चरणों में वंदन करते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय खाटू नरेश को समर्पित किया है, वहीं डिंपल अग्रवाल की बहन टिनी अग्रवाल ने भी अपनी बहन की सफलता पर कहा है कि वह शुरू से ही पढ़ाई की ओर काफी मेहनत कर आगे बढ़ना चाहती थी, तथा उनकी इस सफ्लता से उनका पूरा परिवार उत्साहित है, एवं उन्हें सदैव पूरे परिवार जनों ने सहयोग करते हुए उन्हें शिक्षा की ओर प्रेरित किया है, डिंपल अपने माता-पिता की भी प्रतिदिन सेवा करते हुए उनकी देखभाल करती है।

## रेलवे ने की मासिक सीजन टिकट सुविधा की शुरुआत



**सक्ती।** रेल्वे ने दैनिक रेलयात्रियों के लिए 23 जनवरी 2022 से एम.एस. टी. मासिक सीजन टिकट की सुविधा प्रारंभ कर दी है, जिससे हजारों रेलयात्रियों को इसकी सुविधा का लाभ मिलेगा, इस आदेश के मुताबिक जोन के तीनों रेल मंडल रायपुर, बिलासपुर और नागपुर रेल मंडल के यात्रियों को यह सुविधा मिलेगी। मासिक सीजन टिकट की यह सुविधा अनरिजर्व कोच पर मिलेगी। उक्ताशय की जानकारी जोनल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य कुलवंत सिंह सलुजा चाम्पा ने दी जिन्होंने पिछले बैठक में भी इस मुद्दे को रखा था और मांग की थी।

## बिलासपुर के गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी में संपन्न हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता



**सक्ती।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर शहर के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा 23 जनवरी को राष्ट्रीय युवा संसद 2022 प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया,इस आयोजन में जहां देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से करीब 68 प्रतियोगियों ने सहभागिता की तो वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अभ्यागत के रूप में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण साव, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आलोक कुमार चक्रवाल, भारतीय जनता पार्टी जांजगीर-चांपा जिले के अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, सी व्ही रमन यूनिवर्सिटी के कुलपति आर पी दुबे प्रमुख रूप से मौजूद रहे, इस प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती तथा भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन माल्यार्पण एवं स्वागत गीत के साथ हुआ।

## गणतंत्र दिवस पर उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज मंडावी करेंगे ध्वजारोहण

**रायगढ़।** जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय रायगढ़ के मिनी स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगे एवं संयुक्त परेड की सलामी लेंगे। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे मिनी स्टेडियम में शुरू होगा। ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मंडावी राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देंगे। इसके पश्चात वे कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के साथ संयुक्त परेड का निरीक्षण करेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा एवं मार्च पास्ट की सलामी ली जाएगी। गणतंत्र दिवस समारोह में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा मनोज सिंह मंडावी विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं शासकीय अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित करेंगे।

## महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग की टीम ने बगीचा विकासखंड के गांव भडिया पहुंचकर 15 वर्ष की बालिका का बाल विवाह रूकवाया

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के बगीचा विकास खंड में महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के टीम के संयुक्त प्रयास से बगीचा के ग्राम भड़िया सरधापाठ पहुंच कर नाबालिग लड़की का बाल विवाह रूकवाया गया है और परिवार के परिजनों उनके माता-पिता को समझाइश दी गई कि लड़की का विवाह 18 वर्ष होने पर ही करें टीम ने जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह अपराध की श्रेणी में आता है। महिला बाल विकास विभाग के जानकारी अनुसार बालिका की उम्र 15 साल बताया गया है। और बालिका का विवाह सरगुजा जिले के ग्राम चित्र पुर के लड़के के साथ शादी तय किया गया था जिसकी सूचना महिला बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग को मिलने पर बाल विवाह रूकवाया गया है। साथ ही गांव की सरपंच और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को निगरानी रखने के लिए कहा गया है। बालिका के माता-पिता ने अपनी बेटी की शादी 18 वर्ष पूरा होने के बाद ही शादी करने सहमति दी है।

## गृहमंत्री की पहल पर रिसाली व भिलाई निगम को बीएसपी से मिली जमीन

**दुर्ग।** ग्रामीण विधयक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पहल पर 32 साल बाद रिसाली और भिलाई नगर पालिक निगम को 290.26 एकड़ जमीन बीएसपी से मिला। कई दौर से चली आ रही संयंत्र प्रबंधन और जिला प्रशासन की बैठकों पर गृहमंत्री ने विराम लगाया। जमीन हस्तांतरण के एवज में गृहमंत्री की उपस्थिति में रिसाली नगर पालिक निगम ने 215539.00 रूपए का चेक भिलाई इस्पात संयंत्र को सौपा। साथ ही 151 एकड़ जमीन हस्तांतरण के लिए जल्द ओएमयू किया जाएगा। खास बात यह है कि साडा कार्यकाल के समय से वर्तमान भिलाई नगर पालिक सीमा क्षेत्र के 136.56 सकड़ जमीन और नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम के सीमा में आने वाले 153.70 एकड़ जमीन का हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। हस्तांतरण की राशि जमा करने 19 सितंबर 1990 को बीएसपी ने तत्कालीन कलेक्टर को पत्र लिखा था। इसके बाद आगे की प्रक्रिया पर विराम लग गया था। रिसाली नगर पालिक निगम के गठन पश्चात गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भूमि हस्तांतरण के लिए लगातार बैठक करते रहे। परिणाम स्वरूप शनिवार को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे बीएसपी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिर्बान दास गुप्ता, रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन, भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में राशि हस्तांतरण कर 290 एकड़ भूमि रिसाली व भिलाई निगम के अभिलेख में दर्ज करने सहमति बनी।

# सरपंच की निष्क्रियता से पुल निर्माण कार्य अधर में लटका, मामला कोतरा पंचायत का

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com





ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोतरा स्थित बाजार चैक स्थित स्टेट हाईवे से सीसी रोड को जोड़ने वाली सड़क को पुल निर्माण के मकसद से खोदा था लेकिन ग्राम पंचायत कोतरा के सरपंच शायद भूल चुके हैं कि उन्होंने पुल निर्माण हेतु मुख्य सड़क से गांव को जोड़ने वाली सड़क को महीनों पहले खोदा था जिसका निर्माण कराना आवश्यक हैं।

दरअसल कोतरा बाजार में बरसाती पानी के जमाव को रोकने के लिए व उसके निकासीकरण के लिए नाली व पुल का निर्माण कराया जा रहा हैं जिससे पानी बेहतर तरीके से बाजार से बाहर निकल जाए लेकिन जिस धीमी गति से कार्य कराया जा रहा हैं वह समझ से परे हैं क्योंकि नाली निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है लेकिन पुल निर्माण कार्य के लिए पुल को खोदा तो गया हैं लेकिन उस पुल को वैसे ही छोड़ दिया गया हैं जिससे रात्रि कालीन किसी बड़े दुर्घटना का भी अंदेशा जताया जा रहा हैं। उक्त निर्माण कार्य को जिस कछुआ गति से कराया जा रहा उससे पूरे गांव में किरकिरी हो रही हैं क्योंकि कोतरा बाजार चैक पूरे गांव का हृदयस्थल हैं इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र व गांवों के लिए एक मुख्य बाजार हैं जहां आसपास के क्षेत्र के लोग अपने जरूरत के विभिन्न सामानों के लिए कोतरा बाजार चैक पर निर्भर रहते हैं।

## धान खरीदी की तिथि बढाने से किसानों को एक बड़ी राहतः उत्तरी जांगडे



**मौसम हुआ फिर बेईमान, हुई बारिश**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

प्रदेश में बे मौसम बरसात से कई किसानों जिन्होंने अभी तक मिसाई नहीं किया था तथा कई किसान जो कि अपने अपने आस-पास के समितियों में धान खरीदी के लिए पहुंचे ही थे कि अचानक हुयी बरसात से इनमें से कई किसानों के धान भीगकर खराब हो गए या तो उनकी पूरी फसल ही खराब हो गयी थी तथा ऐसे में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तिथि को बढाने के लिए अलग-अलग संगठनों द्वारा लगातार मांग चल रही थी तथा ऐसे में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी की तिथि एक सप्ताह बढाने की घोषणा ने प्रदेश के किसानों को एक बड़ी राहत पहुंचाई है।

इस सम्बंध में विधायक उत्तरी जांगडे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार किसानों से किया हर वादा निभाते हुए आयी है जिसमें समर्थन मूल्य में वृद्धि, राजीव किसान सम्मान निधी इत्यादि प्रमुख हैं, क्योंकि हमारे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल स्वयं ही एक किसान हैं वे किसानों का सारा दुख दर्द समझते हैं जो कि आगे भी किसानों को कोई भी समस्या नहीं होने देने के लिए हर संभव प्रयास करते रहेंगे।वहीं दूसरी ओर सारंगढ़ नगर में आज सुबह से फ़िर से बारिश शुरू हो गई थी जो कि लगभग एकाध घण्टे तक हुयी उसके बाद थोडी देर के लिए सूर्य देव के दर्शन हुए तथा समाचार लिखे जाने तक फ़िर से बदली छायी हुई है।

## खेत काम करने गई महिला को हाथी ने उतारा मौत के घाट

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ में रविवार सुबह हाथियों ने एक महिला को पटक कर मार डाला। महिला अपने खेत में काम करने के लिए गई थी। इसी दौरान हाथियों ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि हाथियों ने कुछ समय तक महिला के शव को भी घेर कर रखा था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक, धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र की बोरो रेंज में चापकछार गांव निवासी देवकुमारी अहीर (50) साल अपने खेत में गई थी। इसी दौरान वहां मौजूद हाथियों ने उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला की मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने शव को घेर रखा है। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर उन्हें हटाने का प्रयास किया, वन कर्मियों के काफी मशक्कत के बाद गजराज वहां से हटे। बताया जा रहा है कि सरगुजा बार्डर से लगी बोरो रेंज में हाथियों ने कई दिनों से उत्पात मचा रखा है। भोजन की तलाश में हाथी कई दिनों से वहां डेरा डाले हुए हैं। वन विभाग की ओर से अलर्ट भी कराया गया है। ग्रामीणों को वहां से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में लगाम लगाये जिला प्रशासन : सुभाष पाण्डेय

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

नगर निगम के पूर्व सभापति व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुभाष पाण्डेय ने रायगढ़ जिले में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि एवं मृत्यु के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की उदासीनता को कारण बताया है। जिले में सड़क सुरक्षा समिति एवं यातायात समितियों की बैठकें नियमित रूप से न होना एवं सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय के संबंध में कारगर प्रयास न किये जाने का कारण बताया है।

सुभाष पाण्डेय ने वर्तमान वर्ष में पिछले वर्षों की अपेक्षा सड़क दर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है। जो कि छत्तीसगढ़ में रायगढ़ का स्थान प्रथम रहा है। इसके लिए न केवल प्रशासन के अधिकारी वरण सत्ता रूट दल के जनप्रतिनिधि मंत्री, विधायक गण भी जिम्मेदार है। रायगढ़ जिला मुख्यालय से सारंगढ़ मार्ग, बिलासपुर मार्ग, घरघोड़ा जशपुर मार्ग एवं ओडिशा मार्ग में आये दिन सड़क दुर्घटनाओं से लगातार जनहानि हो रही है। भारी वाहनों के गति में लगाम लगाने का काम यातायात विभाग के द्वारा नही किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टस एवं परिचालकों (ड्राइवर) के ऊपर भी समुचित कार्यवाही का अभाव है। राष्ट्रीय राज्यमार्ग एवं राज्य मार्ग में सड़कों के निर्माण के समय दो पहिया, चार पहिया वाहनों के लिए सर्विस रोड का निर्माण किया जावें तो लगातार दुर्घटनाओं के वृद्धि को रोका जा सकता है। जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही सड़क दुर्घटनाओं की गंभीरता को समझते हुए आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

## भगवती सुपर मार्केट का रायपुर शहर के कबीर नगर में हुआ उद्घाटन

**सक्ती।** भगवती सुपरमार्केट के संचालक नितिन अग्रवाल ने बताया कि कबीर नगर रायपुर में सुपर मार्केट की शुरुआत 23 जनवरी को हुई है, पिछले 7 सालों से वे कबीर नगर में ही किराना व्यवसाय में संचालित कर रहे थे, लोगों के प्रेम और विश्वास के साथ उन्होंने अपने नए प्रतिष्ठान की शुरुआत की, उन्होंने बताया कि कबीर नगर एक अच्छा मार्केट है छत्तीसगढ़ में हाउसिंग बोर्ड की सबसे बड़ी कॉलोनी होने के साथ-साथ प्राइवेट कॉलोनियों का विस्तार हो रहा है जिसको देखते हुए यहां पर सुपर बाजार की आवश्यकता थी और समय अनुसार बदलाव भी बहुत जरूरी होता है।

अभी मॉडर्न ट्रेड का जमाना है लोगों को एक ही जगह पर सारी जरूरतों की वस्तुएं प्राप्त हो लोग समय के वैल्यू को समझ रहे हैं, इसीलिए इस प्रकार के व्यवसाय का विस्तार जगह-जगह हो रहा है। भगवती सुपर मार्केट में आप फोन के माध्यम से घर पहुंच सेवा उपलब्ध प्राप्त कर सकते हैं अपने 5 किलोमीटर के क्षेत्र में उन्होंने घर पहुंच सेवा की शुरुआत भी की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर विवादों में डॉक्टर का फर्जी हस्ताक्षर का मामला




पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर में सीमा श्रीकांत ग्राम पेंड्री विकासखंड नवागढ़ जो कोविड-19 जाँच के लिए 15 जनवरी 22 को आई थी जिसका कोविड 19 पॉजिटिव पाया गया जहां पर स्वास्थ्य केंद्र के ओपीडी की पर्ची में एक ही व्यक्तियों के हस्ताक्षर देखने को मिल रहा है। जिसमें ग्राम पेंड्री विकासखंड नवागढ़ में पंचों के द्वारा अविश्वास प्रस्ताव सीमा श्रीकांत पर लाया गया था लेकिन कोविड 19 होने के वजह से अविश्वास प्रस्ताव को स्थगित किया गया। देखने वाली बात यह है कि सरपंच सीमा श्रीकांत का कोविड-19 पाया गया लेकिन इसमें यह देखने को मिल रहा है कि लैब टेक्नीशियन इंद्रेश कुरैशी ने अपना हस्ताक्षर स्वीकार किया वहीं पर मेडिकल ऑफिसर जैजैपुर का जो सील लगा है वहां पर डॉ उमाशंकर साहू ने अपने हस्ताक्षर को नकार दिया।

उन्होंने साफबताया कि जहां पर डॉक्टर लिखा जाता है वहां पर मेरे द्वारा हस्ताक्षर करना रहता है लेकिन वहां पर जो सील के ऊपर में मेरा हस्ताक्षर किया गया है वह फर्जी है लेकिन इस हस्ताक्षर को किसने किया है मैं नहीं जानता 15 जनवरी 2022 को मैं ड्यूटी में जरूर था लेकिन मैंने कोविड-19 के पंजी में हस्ताक्षर नहीं किया है जब सीमा श्रीकांत से मोबाइल से संपर्क करना

### एक ही व्यक्ति द्वारा ओपीडी पर्ची में लिखावट

यदि जांच किया जाए ओपीडी पर्ची जैजैपुर का तो उसमें एक ही व्यक्ति के द्वारा लिखा होना महसूस हो रहा है जहां पर लैब टेक्नीशियन इंद्रेश कुरैशी ने कहा है कि मैंने तो इसमें हस्ताक्षर किया है लेकिन किस डॉक्टर से वह हस्ताक्षर आई है उसके बारे में मैं नहीं जानता।

### डॉक्टर ने हस्ताक्षर से किया इनकार

डॉ उमाशंकर साहू से जब हमारे संवाददाता ने हस्ताक्षर के बारे में जानकारी चाहा तो उन्होंने कहा कि मैंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी पर्ची में हस्ताक्षर उस रोज नहीं किया हूं कौन मेरे हस्ताक्षर का उपयोग किया है मैं वह नहीं जानता क्योंकि मेरा हस्ताक्षर इस तरह से नहीं बनता है।

हमारे संवाददाता ने चाहा तो सीमा श्रीकांत मोबाइल को रिसीव करना उचित नहीं समझी।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा की बैठक



**प्रांतीय आह्वान को सफल बनाने का लिया गया निर्णय**

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा के कार्यकारी संयोजक शेख कलीमुल्लाह सचिव अनिल यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा रायगढ़ की बैठक आज अभियंता भवन रायगढ़ में संपन्न हुई।

बैठक में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा रायगढ़ के कार्यकारी संयोजक शेख कलीमुल्लाह, सचिव अनिल यादव ,छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष रति दास महंत, तहसील शाखा पुसौर के अध्यक्ष अरविंद पटेल, छत्तीसगढ़ कर्मचारी संघ जिला शाखा रायगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष भुनेश्वर पटेल, छत्तीसगढ़ लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ तहसील शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष नुकूल सीन, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला शाखा उपाध्यक्ष आई सी मालाकार आदि उपस्थित रहे। बिगड़े मौसम के कारण बाकी संगठनों के अध्यक्षों ने सूचित कर बैठक के निर्णय पर अपने सहमति व्यक्त किया। बैठक में रायगढ़ जिले में काली पट्टी अभियान एवं ट्विटर महा अभियान को शत प्रतिशत सफ्ल बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में उपस्थित साथियों का आभार प्रदर्शन सचिव अनिल यादव द्वारा किया गया।

# नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा'

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के नेतृत्व कर्ता, भारतरत्न नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को जिला कांग्रेस कमेटी में रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक, रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू, और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर अनिल शुक्ला की अगुवाई में मनाया गया। सर्वप्रथम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने मिलकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने भी एक-एक कर अपनी-अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उसके पश्चात छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र, जन-जन में लोकप्रिय, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के उद्धारक, छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष, छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी के जन हितैषी कार्यों से प्रभावित होकर और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत, रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक के विकास कार्यों से प्रभावित एवं रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू के द्वारा रायगढ़ नगर निगम में किए गए जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित एवं रायगढ़ शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला के संगठनात्मक क्षमता के परिणाम स्वरूप सैकड़ों युवाओं ने आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर कांग्रेस का दामन थामा। सभी युवाओं को रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शहर दीपक पांडेय, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि अशरफखान सब ने मिलकर कांग्रेस का गमछा पहनाकर सभी युवाओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

**युवा शक्ति अदम्य शक्ति का परिचायक है- प्रकाश नायक**

सभा को रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि, सर्वप्रथम मैं महान क्रांतिकारी, युवाओं में जोश भरने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर सादर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उसके बाद मैं कहना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ में हमारे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है सभी लोग खुशहाल हैं और प्रदेश को लगातार देश स्तर में पुरस्कृत भी किया जा रहा है जो साक्षात प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। इन सभी से प्रभावित होकर लगातार आम जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता ही जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण आज के इन युवाओं द्वारा किया जा रहा कॉंग्रेस प्रवेश है। इस क्रम को हमें बरकरार रखना है। मैं सभी को कॉंग्रेस पार्टी में स्वागत करता हूँ और आशा करता हूँ कि, आप सभी युवा मिलकर कॉंग्रेस पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपनी उर्जा का इस्तेमाल करेंगे। जिससे पार्टी और संगठन मजबूत बने। युवा ही ऐसी शक्ति है जो जिस तरफहोती है उसका पलड़ा हमेशा भारी होता है। मुझे खुशी है कि आप युवाओं ने हमारी पार्टी को चुना।

**देश को अगर कोई बचा सकता है तो वह है देश के युवा- अनिल शुक्ला**

सभा को जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने संबोधित करते हुए कहा कि, बड़ा ही शुभ दिन है क्योंकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती है। सबसे पहले मैं उन्हें नमन करता हूँ और ही सैकड़ों युवाओं ने हमारे छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री के विकास कार्यों, रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक के युवाओं प्रति अच्छी सोच और रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू के द्वारा निगम स्तर में किए गए विकास कार्यों से प्रभावित होकर इन युवाओं ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा है।

# पुराने बस स्टैंड में नगर पालिका की दुकान को लेकर नगरी प्रशासन सवालों के घेरे में

पायनियर संवाददाता । बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com



बस स्टैंड में पुराने यात्री प्रतीक्षालय को तोड़ कर नगरपालिका के द्वारा 6 दुकानों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसमें भूतल की दुकानों की ढलाई हो गई है और ऊपर की दुकानों में सेंट्रिंग डली हुई है दुकान बन कर पूरी भी नहीं हो पाई है लेकिन नगर पालिका प्रशासन को बेचने की इतनी हड़बड़ी है कि बिना प्रक्रिया से गुजरे ही दुकानों को बेच रहे है। यहां एक ही दुकान की नीलामी हो पाई है बाकी दो दुकानों को गुपचुप तरीके से बेचने की शिकायत गौ रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष अनुराग दुबे व स्थानीय व्यापारियों के द्वारा कलेक्टर कोरिया से कर दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग किये है। जुलाई माह में नगर पालिका के द्वारा इन्ही दुकानों की नीलामी प्रक्रिया की गई थी। जिसमें से बोली लगाने वाले व्यक्तियों के द्वारा पांच दुकान की बोली लगाई गई थी नीचे की तीन दुकान और ऊपर की दो दुकानो का लेकिन बोली लगाने वाले लोगों के द्वारा दो दुकान ही ली गई थी, बोली के बाद 50 परसेंट की राशि नहीं जमा करने पर अमानत राशि राजसात की गई थी। बैकुंठपुर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा जो बची हुई नीचे की दो दुकानें हैं उन्हें दिसंबर माह में गुपचुप तरीके से बिना किसी मुनादी या बिना किसी की जानकारी के चुपचाप बाहर के अखबार में इश्तिहार देकर नीचे की दो दुकान क्रमांक 1 एवं दुकान क्रमांक 3 को दुकान की कीमत से लगभग 4 गुना कम कीमत पर लागत रेट से 15 परसेंट ऊपर में करके लगभग 16 लाख व 17 लाख रुपए में इन दुकानों को दे दिया गया। जबकि इन दुकानों की बोली 65 से 75 लाख तक गई थी लेने वाले बहुत लोगों ने 45 से 55 लाख तक की बोली लगाई थी। नगर पालिका प्रशासन के द्वारा नियम विरुद्ध इन दुकानों का आवंटन कर दिया गया है जबकि इन दुकानों की नीलामी तीन चार बार करने के बाद जब कोई ऑप्शन नहीं बचता है तब लिफाफा पद्धति से मुनादी करवाने के पश्चात दुकानें देने का प्रावधान है। पर सब नियम कानून कायदे किनारे रखकर नगर पालिका प्रशासन के द्वारा दुकानों आवंटन कर दिया।

जिसकी शिकायत कोरिया कलेक्टर से की गई उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी उचित कार्रवाई होगी की जाएगी और इन चार दुकानें जो बची हुई है इन दुकानों का ऑप्शन नीलामी प्रक्रिया से नए सिरे से की जाएगी। हो हल्ला मचने के बाद नगर पालिका सीएमओ अलग ही राग अलाप रही हैं। गुपचुप तरीके से दुकान देने की बात जब सोशल मीडिया में फैली तो लोगों के कान खड़े हो गए। सीएमओ मुक्ता सिंह चौहान यह प्रतिक्रिया देते नजर आई थी कि कुछ लोग झूठी अफवाह फैला रहे हैं जिसकी शिकायत मै पुलिस अधीक्षक से कर कार्यवाही की मांग कर रही हु। लेकिन जब लोगों के द्वारा यह पूछा जा रहा है कि दुकान एक ही नीलाम हुई है तो इसमें वो कोई भी प्रतिक्रिया देने से बच रही है। खैर मामला कलेक्टर कोरिया के संज्ञान में पहुंच गया है।

## गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन का अंतिम अभ्यास, संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे करेंगे ध्वजारोहण



**बालोद।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन कलेक्टोरेट के समीप न्यू पुलिस लाईन, सिवनी, बालोद में गरिमापूर्वक मनाने सोमवार को अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। कलेक्टर जनमेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.रेणुका श्रीवास्तव, एसडीएम जीडी वाहिले, डिप्टी कलेक्टर अमित श्रीवास्तव, सुब्रत प्रधान सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। वही इस राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर छग शासन के संसदीय सचिव गुरूदयाल सिंह बंजारे 26 जनवरी 2022 को प्रातः 9 बजे न्यू पुलिस लाईन, सिवनी बालोद में ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस समारोह के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि का न्यू पुलिस लाईन सिवनी, बालोद आगमन, ध्वजारोहण, गार्ड ऑफ ऑनर एवं राष्ट्रगान, 9 बजकर 5 मिनट को मुख्य अतिथि द्वारा माननीय मुख्यमंत्री का संदेश का वाचन एवं उद्बोधन होगा।

# बालिका दिवस पर जागृति महिला समूह ने बालिकाओं का किया सम्मान




पायनियर संवाददाता । बैकुंठपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ग्राम भांडी में जागृति महिला समूह के सदस्यों के द्वारा बालिकाओं को चंदन टीका लगाकर सम्मानित किया गया और समूह के सदस्यों के द्वारा गांव की 5 बालिकाओं को गोद लेकर लालन पालन करने का भी संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर जागृति महिला समूह की अध्यक्ष संगीता सिंह ने बताया कि भारत में हर साल 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है. 2008 में यूपीए सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसकी शुरुआत की थी। 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के लिए इसलिए चुना गया, क्योंकि इसी तारीख को 1966 में इंदिरा गांधी ने भारत की पहली महिला पीएम के तौर पर शपथ ली थी। एक तरफ हमारे देश में जहां महिलाओं को देवियों का दर्जा दिया जाता है. वहीं कहीं ना कहीं लड़कियों के साथ भेदभाव और मूलभूत अधिकारों से वंचित भी रखा जाता रहा है. चाहे वो शिक्षा का अधिकार हो या फिर सुरक्षा या सम्मान. हालांकि मौजूदा समय में हालात और लोगों की सोच बदली है। आज बेटियां और महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। भारत सरकार ने समाज में समानता लाने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की शुरुआत की है।

इस अभियान का उद्देश्य देशभर की लड़कियों को जागरूक करना है. साथ ही लोगों को यह बताना है कि समाज के निर्माण में महिलाओं का समान योगदान है. इसमें सभी क्षेत्रों के लोगों को शामिल किया गया है. उन्हें जागरुक किया गया है कि लड़कियों को भी निर्णय लेने का अधिकार होना चाहिए।

# नेताजी सुभाष चंद्रबोस की 125 जयंती स्टेशन चौक में मनाई गई



**रायपुर।** भारत आजादी के नायक आजाद हिन्दफौज के संस्थापक ICS इंडियन कौंसिल सर्विस आज के IAS के अधिकारी सुभाष चंद्रबोस जी के 125 वा जन्म जयंती के अवसर पर रायपुर राजधानी के स्टेशन चौक में विराजमान आजादी समय के सुभाष चंद्रबोस जी के मूर्ति को फूलों मालावों से अलंकरण किया हैं सुभाष चंद्रबोस जी के इस 125वा जन्म जयंती के अवसर पर विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक संगठनों के प्रमुखु लोग पत्रकार एवं बुद्धिजीवी वर्ग के जनमन अंगारिक गण उपथिति रहे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिधी के रूप में भारत केसरी बॉडी बिल्डर दिनेश मिश्र के साथ-साथ अखिलभारतीय पत्रकार एवं संपादक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष टी. एस. राव, पत्रकार हरीश रामटेके, पत्रकार अंकित शर्मा, पत्रकार ओमप्रकाश सिंह ठाकुर, पत्रकार राठौर, पत्रकार A1 भारती, कांग्रेस नेता छत्तीसगढ़ युवा सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सोनू शर्मा, भाजपा नेता व्यापार प्रकोष्ट के अध्यक्ष राज कुमार राठी, हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष कमल पांडे, स्टेशन वार्ड के पूर्व पार्षद सुभाष अग्रवाल, राष्ट्रीय हिन्दू सेना से राजकुमार विश्वकर्मा, के. के तिवारी, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र कोडियार, समाज सेवी अनिता महानंद, गुड्डा स्वर्णकार, निशा स्वर्णकार, अस्लाम खान, सत्यम कंसल्टेंसी के सत्यम, सत्यम, भाजपा के नेता संदीप जंघेल अन्य जनमन नागरिक गण संबोधित कर सुभाष चंद्रबोस मूर्ति पर फूल मालावों से अलंकरण किया हैं। मुख्य अतिधी भारत केसरी बॉडी बिल्डर दिनेश मिश्र ने कहा हैं की भारत मे युवा 80ट्ट हैं युवा पीढ़ी कसरत करने से मजबूत भारत बनेगे एक सही दिशा में मन लगेंगे।

# ओमिक्रोन ने बढ़ाई स्वास्थ बीमा की मांग

**रायपुर।** देश भर में कोविड-19 के केस तेजी से बढ़ रहे हैं जिसके साथ ही एक बार फिर स्वास्थ्य बीमा की मांग तेज हो गई है। जहां एक तरफ बीमा कंपनियों में पूछताछ बढ़ गई है तो वहीं दूसरी ओर बीमा प्रीमियम पर कई सेगमेंट में अंडरराइटिंग देखने को मिल रही है। अमित छाबड़ा, हेड-हेल्थ इंश्योरेंस, पॉलिसी बाजार डॉट कॉम ने कहा, पिछले कुछ दिनों में हमने स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी की मांग में जबरदस्त वृद्धि देखी है क्योंकि देश भर में कोविड के मामले एक बार फिर बढ़ गए हैं। हेल्थ पॉलिसी की बिक्री में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और दैनिक प्रीमियम 45 प्रतिशत तक बढ़ा है। अब तक की तुलना में हेल्थ इंश्योरेंस की मांग सबसे अधिक है। कोविड कवरेज देने वाली पॉलिसियों की मांग के साथ-साथ उपभोक्ता ऐसी पॉलिसी की भी तलाश कर रहे हैं, जो उपभोग्य वस्तुओं को कवर करती हैं या राइडर का ऑप्शन देती हैं। यहां तक कि स्वास्थ्य बीमा के नवीनीकरण में भी लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा महामारी की शुरुआत के बाद से ही जोखिमों को लेकर जागरूक हो चुके उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य बीमा की मांग तेजी से बढ़ गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार देश भर में पिछले सप्ताह में 600,000 से अधिक कोविड-19 मामले दर्ज किए गए हैं, जो बीते सप्ताह की तुलना में लगभग छह गुना ज्यादा है। जिस कारण स्वास्थ्य बीमा की मांग में बढ़ोतरी होना जरूरी है। लेकिन इस बार अजीबो गरीब अंतर यह है कि ग्राहक सामान्य मेडिक्लेम पॉलिसी के बजाय अधिक समग्र स्वास्थ्य बीमा प्लान की तलाश कर रहे हैं।

## आईओसी राजहरा अंतर्गत जर्जर क्वाटर्स को गिराने पश्चात रिक्त भूमि को लीज पर दिया जाए

**दल्लीराजहरा।** विदित हो की भिलाई इस्पात संयंत्र को लौह अयस्क की पूर्ति करने हेतु राजहरा माइंस आरंभ किये जाने पर माइंस में कार्यरत नियमित कर्मचारियों के निवास के लिए तीन मंजिला क्वाटर्स का निर्माण किया गया था। उसमें से बहुतायत क्वाटर्स को जर्जर स्थिति में होने के कारण प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से ढहा दिया गया है। जर्जर क्वाटर्स को ढहाने से बहुत बड़ी मात्रा में भूमि रिक्त हुई है जो कि माइंस प्रबंधन के लिए अनुपयोगी है। अब उन रिक्त पड़े जगह पर पुनः कर्मचारियों के लिए क्वाटर्स का निर्माण नही किया जायेगा। क्योंकि अब माइंस पूर्व की भांति नियमित कर्मचारी नही है और ना ही प्रबंधन भविष्य में उतनी संख्या में नई भर्ती करने वाली है। इस संबंध में नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रवि जायसवाल ने कहा कि ऐसे में खाली पड़े जगह झाड़ियों का जंगल बनते जा रहा है। जहां पर असमाजिक तत्वों का डेरा तो बना हुआ रहता ही, नगर से लगे जंगल के हिसंक जीवों का भी पनाह स्थल बनता जा रहा है जिसके कारण आस-पास रहने वाले बीएसपी कर्मचारियों के परिवार व अन्य लोगो के जीवन पर भी खतरा मंडराते रहता है। जायसवाल ने कहा कि जिस तरह भिलाई में संयंत्र प्रबंधन द्वारा अपनी जमीन लोगो को लीज पर दिया गया है उसी तरह बीएसपी के लिए अनुपयोगी आईओसी राजहरा के इन खाली पड़े भूमि को बीएसपी द्वारा आम जरुरतमंदो को लीज पर दिया जाए। क्योंकि दल्ली राजहरा स्थाई बसाहट का नगर नही है, मांइस में रोजगार के अवसर सिमटते जा रहे हैं। माइंस से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकांश लोग यहां से वापस अपने पुश्तैनी जगहों पर चले जाते है। क्योंकि यहां पर वर्षो से निवासरत लोगो के पास आज भी अपने मकान का मालिकाना हक नहीं है ऐसे में यहां पर से लोगो का धीरे-धीरे पलायन हो रहा है। किन्तु इसके साथ-साथ पिछले तीन वर्षो से कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में डौण्डी लोहारा विधानसभा की विधायक व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री छ.ग. शासन अनिला भेड़िया के लगातार प्रयासों से शासकीय व अर्धशासकीय क्षेत्रो में लगातार रोजगार उत्पन्न हुआ है।



## अपग्रेड का छोटे शहरों में बड़े पैमाने पर विस्तार जारी, रायपुर में नया कार्यालय खोला




**रायपुर।** उच्चतर शिक्षा में एशिया के एडटेक प्रमुख अपग्रेड ने छत्तीसगढ़ के टियर 2 और टियर 3 शहरों के शिक्षार्थियों के बीच बढ़ रही ऑनलाइन कोर्सेस की मांग को देखते हुए रायपुर में अपना नया कार्यालय खोलने की घोषणा की है, जिससे कि अपग्रेड ऑनलाइन शिक्षार्थियों को बड़े पैमाने पर स्वीकृति को बढ़ावा देने के लिए भौतिक रुप से संपर्क में रहे और शिक्षार्थियों को उपयुक्त पाठ्यक्रमों के लिए व्यक्ति गत रुप से सहायता और कैरियर परामर्श प्रदान करना जारी रख सके। इस तरह के विस्तार से देश के अंदर रोजगार निर्माण को महत्वपूर्ण बल मिल सकता है। जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में, नया कार्यालय 5,6 दूसरी मंजिल, उषा प्राइड, विधान सभा रोड, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर 492001 में स्थित है। इस कार्यालय को अपग्रैड के अब्बास साजिद-क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक और शाहनवाज अहमद-राष्ट्रीय प्रमुख के नेतृत्व में एक क्वालिफाइड प्रोफेशनल्स की टीम द्वारा संचालित किया जाएगा। अपग्रैड के बिजनेस हेड जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमें देश भर के छोटे शहरों और कस्बों से लगातार मांग आ रही है। इसे देखते हुए हमारे लिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि हम अपनी सेवाओं को और बढ़ाएं और उभरती मांग को पूरा करने में भरसक प्रयास करें। आज जिस तीव्र गति से डिज़िटाइज़ेशन हो रहा है, उसके लिए पेशेवरों और फ्रेशर्स दोनों को वर्तमान जॉब मार्केट को समझना होगा और उसके अनुसार खुद को आगे बढ़ाना होगा, ताकि आने वाली व्यावसायिक चुनौतियों का भी समाधान किया जा सके। इसलिए, भारत के दूरस्थ स्थानों पर पहुँचने के लिए हमारे खोले गए नए कार्यालय से अपग्रैड अब लाखों शिक्षार्थियों को वैश्विक और परिणाम-संचालित शिक्षा के करीब लाने में मदद करेगा ताकि शिक्षार्थी अपने करियर को तेजी से बढ़ा सकें।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वी जयंती मनाई




### नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर रायपुर रेल मंडल में उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता,अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) लोकेश विश्नोई, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) आशीष मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों ,कर्मचारियों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्याम सुंदर गुप्ता द्वारा उनके जीवन से संबंधित विषयों आज़ादी दिलवाने में उनकी भूमिका, उनका स्वतंत्रता संग्राम में प्रवेश और आज़ाद हिंद फौज का गठन, उनके लेखन कार्य एवं उनकी प्रखर मेघा, दूरदर्शिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में भारत सरकार द्वारा जारी कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की रूप रेखा एवं समाप्ति की घोषणा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी उदय कुमार भारती द्वारा कि गई।

## छत्तीसगढ़ में 5 साल में 15 लाख लोगों को नौकरी : 'छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन' की संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने की तारीफ



**लवन।** संसदीय सचिव एवं प्रवक्ता प्रदेश कांग्रेस कमिटी शकुन्तला साहू बोली : हमारी सरकार युवाओं को नौकरी के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना चाहती है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा शुरू किए गए 'छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन' की तारीफ करते हुए संसदीय सचिव शकुन्तला साहू ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय को ऐतिहासिक बताया है एवं हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने चाहती है । साहू ने कहा कि 05 साल में 12 से 15 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा जिसमें नारी शक्ति की बढ़ी भागीदारी रहेगी। शकुन्तला साहू ने कहा कि प्रदेश के युवकों के साथ युवतियों को भी बढ़ी संख्या में रोजगार मिलेगा और सभी युवतियां समाज में आगे बढ़ेगी, ऐसी हमारी सरकार को सोच हैं। शकुन्तला साहू ने कहा कि जब से हमारी सरकार बनी हैं ,तब से ही युवाओं में नई उम्मीद का संचार हुआ हैं कि अब उन्हें भी नौकरी मिल सकती है और आगे यह भी कहा कि हमारी सरकार बनी हैं तब से पुलिस भर्ती, शिक्षक भर्ती,सहायक प्राध्यापक भर्ती, पीएससी में भर्ती के साथ आंगनबाड़ी में सुपर वाईजर की भर्ती के साथ लगभग सभी क्षेत्रों में युवाओं को मौका मिला रहा है ।जो काम बीजेपी की 15 साल की सरकार ने युवा वर्ग के लिए नहीं किया वह काम हमारी सरकार ने महज 03 साल के कार्यकाल में करके दिखा दिया हैआपको बताते चले कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार उच्च शिक्षा, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल को नवगठित छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए हैं । गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में 15 लाख नये रोजगार के अवसरों का सृजन करने के लिए राज्य शासन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता वाले छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है शकुन्तला साहू ने कहा कि राज्य में लोगों को आर्थिक क्रियाकलापों से जोड़ने और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संभवतः देश में पहली बार रोजगार मिशन की परिकल्पना छत्तीसगढ़ में की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
1) ई-निविदा सूचना क्रमांक :- डब्लू.आर.एस.-आर-06-बीओबीआरन डोर दिनांक 17.01.2022
कार्य का नाम- बीओबीआरन वैगन के डोर असेंबली के रिकनडीशनींग के कार्य हेतु। अनुमानित निविदा मूल्य- रूपये 50,85,262.08(रूपये पचास लाख पचयासी हजार दो सौ बैसठ और आठ पैसा मात्र) जीएसटी सहित। मात्रा और सविदात्मक अवधि- संलग्नक के अनुसार ,24(चौबीस) माह की अवधि के लिए। बयाना राशि(रू.)- 1,01,700/-(रूपये एक लाख एक हजार सात सौ मात्र) निविदा प्रपत्रों की लागत (रू.)- शून्य । निविदा समाप्ति तिथि और समय - 18/02/2022 को 12:00 बजे। बिड प्रारंभ की तारीख- 04/02/2022 पात्रता मापदंड- वेबसाइट पर देखा जा सकते हैं।
इस निवदा के विरूद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा । निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in- पर उपलब्ध है। उप.मुख्य यांत्रिकी अभियंता /वैरिश
पीआर /आर/ डब्ल्यू आर एस/ वीआर/ 134 द.पू.म.रे. रायपुर
South East Central Railway @ secrail

pnb Housing Finance Limited
पंजी. कार्यालय : 9वां तल, अंतरिक्ष भवन, 22, के.जी. मार्ग, नई दिल्ली–110001, फोन : 011–23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
शाखा पता : कार्यालय सं. 111, 112, प्रथम तल, प्लॉट नंबर 1, ब्लॉक नंबर 9, डी बी कार्पोरेट पार्क, राजबंध मैदान, छत्तीसगढ़–492001 ई–मेल : raipur@pnbhousing.com

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण तथा पुनरनिर्माण के अधीन तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के नियम 8(1) के अनुपालन में और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचना/एं प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को जारी की थीं, जिसमें/जिनमें संबंधित कर्जदार/रों से प्रत्येक खाते के सामने वर्णित बकाया राशि उक्त मांग सूचना/ओं की तिथि/ मांग सूचना/ओं की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि कर्जदार बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतः कर्जदार/रों तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति/यों का कब्जा प्रत्येक खाते के सामने वर्णित तिथि को को प्राप्त कर लिया है।
एतद्द्वारा, विशेष रूप से कर्जदार/रों को तथा सर्वसाधारण को सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति/यों के संबंध में संव्यवहार नहीं करें तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की बकाया राशि तथा ऋण अनुबंध के अनुसार उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान, प्रत्याभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | कर्जदार/सह–कर्जदार/ गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि | बकाया राशि | कब्जा लेने की तिथि | बंधक अचल सम्पत्ति का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | एचओयू/आरएआई/0516/284600 एवं एनएचएल/आरएआई/0616/292633 | जैराम दास जैसिंघानी और संदीप जैसिंघानी | 22–06–2021 | रू. 26,21,609.56 (रूपए छब्बीस लाख इक्कीस हजार छह सौ नौ तथा पैसे छप्पन मात्र) 22–06–2021 तक | 21–01–2021 (सांकेतिक) | खसरा नंबर 209 बाई 1 का पार्ट, पीएच नंबर 113/67/68, ग्राम पुरेना, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत – 492 001 |

स्थान : रायपुर तिथि : 24–01–2022
प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

### पत्रकार के ऊपर हुए हमले को लेकर वेलफेयर जनर्लिस्ट यूनियन ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन



**बागबाहरा।** नगर में चल रहे कबाड़ व्यापार के गोरख धंधे के खिलाफ खबर बनाने गए पत्रकार साथी सोमनाथ तोंडेकर के ऊपर हुए प्राण घातक हमले पर निष्पक्ष जांच कर कड़ी कार्यवाही को लेकर महासमुंद जनर्लिस्ट वेलफेयर यूनियन के सदस्यों द्वारा महासमुंद पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला को ज्ञापन सौंप कबाड़ी व्यापारी सुबोध गुप्ता के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए अवैध रूप से संचालित इस व्यापार को बंद करवाने की मांग किया गया। पत्रकारों से चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने कहा कि इस घटना की जानकारी मुझे है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रं.-1, रायपुर
// मैनुअल पद्धति से प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना //
विज्ञप्ति क्रमांक 492/एन.आई.टी.-45/टी.सी./21-22/ रायपुर, दिनांक 21.01.2022

| कार्य का विवरण | अनुमानित राशि (लाखों में) |
|---|---|
| S/R, MOW, Deposit & Other Work at VIP Bunglow of Head Quarter Section No.-1 under Sub Division No.-1, Raipur (shankar Nagar) | 19.75 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 11.02.2022
2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ यह जानकारी विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध। इनका अवलोकन संबंधित कार्यालय में किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्रं.-1
रायपुर
G- 67087/2

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/क/वा-अति.तह./20.. बिलासपुर, दिनांक 18.01.2022
मौजा पेंडरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा पेंडरवा प.ह.नं. 20 तहसील जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 371/1, 371/2 372, 374 कुल रकबा 1.58 ए. (0.640 हे.) वर्गफीट/एकड़ हेतु आवेदक/आवेदिका रविशंकर शुक्ला पिता रामनयन शुक्ला निवासी राजकिशोर नगर तहसील बिलासपुर व जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत फौती नामांतरण/बैनामा रजिस्ट्री नामांतरण/ वसीयत नामांतरण/ दानपत्र नामांतरण/पंजीकृत हकत्याग नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 29.01.2022 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेंगे।
आज दिनांक 18.01.2022 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार मर्दापाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202112200800024/अ-6"अ"/2021-22
मौजा-परोदा
// ईश्तहार //
एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजमन पिता मिल्कु, जाति-मुरिया, निवासी ग्राम-छोटेकुरूषनार, तहसील-कोण्डगांव, जिला-कोण्डगांव द्वारा ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटि सुधार बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है। ग्राम छोटेकुरूषनार प.ह.नं.-49, राजस्व निरीक्षक मंडल-मर्दापाल, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खं.नं. 18/4, 18/5, 25/31, 34/18 रकबा 1.6590, 0.6070, 1.0110, 2.6300 हेक्टेयर की भूमि राजस्व अभिलेख में शामिलात नाम से दर्ज है। आवेदक के पिता का नाम उक्त भूमि के ऋण पुस्तिका एवं बी-1 में त्रुटिवश पीलसाय दर्ज हो गया है। आवेदक के पिता का वास्तविक एवं सहीं नाम मिल्कु है। आवेदक द्वारा राजस्व अभिलेख में अपने पिता का वास्तविक नाम दर्ज किये जाने हेतु तलवाना, बी-1, नक्शा एवं खसरा सहित आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
आज दिनांक 20.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर
नायब तहसीलदार
मर्दापाल
जिला-कोण्डगांव

कार्यालय नगर पालिक निगम
जोन क्र. 5, रायपुर
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com
-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 439/2021-2022
दिनांक 19.01.2022
वार्ड का नाम-डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-68
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-68** वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR568A 00756** जो कि निगम अभिलेख में **श्री कु. पदमीनी थारवानी D/o स्व. लक्ष्मीचंद थारवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री 1. रमेश जैठानी 2. महेश जैठानी दोनों पिता स्व. कन्हैयालाल** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
जोन क्र. 5, रायपुर
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com
-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 440/2021-2022
दिनांक 20.01.2022
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड-67
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **भक्त माता कर्मा वार्ड-68** वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR663G 00023** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती 1. प्रिती गर्ग W/o अतुल गर्ग 2. सुमिता गर्ग W/o भुषण गर्ग** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री 1. अनिल बंछोर स्व. S/o बृजलाल बंछोर 2. श्रीमती रत्ना बंछोर W/o अनिल बंछोर** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम
जोन क्र. 5, रायपुर
ईदगाह भाटा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4045819, E-MAIL :- rmczone5@gmail.com
-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्र.क्र. 441/2021-2022
दिनांक 20.01.2022
वार्ड का नाम-भक्त माता कर्मा वार्ड-67
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **भक्त माता कर्मा वार्ड-68** वार्ड स्थित भवन/भूमि **RPR663F वालफोर्ट हाईटस फलैट E-903** जो कि निगम अभिलेख में श्री/**श्रीमती यशस्वी पारख S/o श्री कांतिलाल पारख** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती शिवकुमारी बैहार W/o श्री रामकृष्ण बैहार** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
जोन कमिश्नर
जोन क्र. 5
नगर पालिक निगम, रायपुर

# कोचियों के मददगार : जांच में जुटी पुलिस, शराब दुकानों से आखिर किसके शह पर पार हो रही शराब

## दुकान कर्मियों और लोकेशन ऑफिसर पर संदेह, एसपी ने कहा कुछ नाम मिले हैं... जांच जारी, जल्द होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



अवैध शराब के खिलाफ छिड़ी मुहिम के बीच अब शराब दुकान के कर्मी और लोकेशन ऑफिसर भी अब पुलिस के राडार पर हैं। जिले में लगातार जारी कार्रवाई के दौरान पुलिस के हाथ ऐसे सुराग लगे हैं जो शराब दुकान में तैनात प्लेजसमेंट सर्विस के कर्मियों और अधिकारियों की कोचियों से मिलीभगत का संदेह पैदा करते हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने कहा, जिले में दर्जनों कार्रवाई की गई है और ये जारी है। कई नाम सामने आए हैं। पुलिस इन सभी मामलों की गंभीरता से पड़ताल कर रही है।

जनवरी के पहले सप्तांह में कार्यभार संभालते ही एसपी संतोष सिंह ने जिलेभर में अवैध शराब के मामलों पर बड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने शराब कोचियों पर कार्रवाई को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने का भी अल्टीमेटम दे दिया। नतीजतन जिले के शराब कोचियों में हड़कंप की स्थिति है। रोजाना शराब तस्कटर और कोचिए पकड़े जा रहे हैं। अब तक दर्जनों कार्रवाईयां हो चुकी है और यह सिलसिला जारी है। इस स्थिति को देखते हुए पुलिस इस मामले पर भी विवेचना कर रही है कि आखिर कोचियों तक शराब इतनी आसानी से पहुंचती कैसी रही ? सीमा पार से आने वाली दूसरे राज्योंा और सरकारी शराब दुकानों की शराब की खेप कोचियों तक पहुंचने के मसले को लेकर छानबीन जारी है।

### सोर्स पर भी निगाह

एसपी संतोष सिंह ने कहा,कोचिए शराब बेच पा रहे हैं क्यूंखकि उन्हें। शराब मिल रही है। इनके सोर्स पर भी जांच जारी है। कई तथ्यर, कई नाम सामने आएं हैं। उन्हों।ने कहा कि, सीमापार से शराब तस्क री हो या जिले की दुकानों से जिस किसी की भी इसमें मिलीभगत सामने आएगी उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि जिले भर में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र की शराब तो जब्त हो ही रही है इसके अलावा सरकारी शराब दुकानों की भी बड़ी खेप कोचियों से जब्त हो रही है।

### काऊंटर में जो ब्रांड नहीं, वो कोचियों के पास

जिले की कई शराब दुकानों के काऊंटर में शौकिनों को ब्रांड नहीं मिल पाते। आए-दिन प्रचलित ब्रांड की शराब का स्टॉ क खत्मय होने की बात लोगों से कही जाती है। इसके उलट कोचियों के पास बढ़ी हुई दर पर हर तरह के ब्रांड उपलब्धि होते हैं। यही नहीं इनके पास बीयर की भी वैरायटी मौजूद होती है जो कि शराब दुकान के काउंटर में भी नहीं मिल पाती। यह भी साबित करने के लिए काफी है कि शराब दुकानों से ही कोचियों को बड़ी मदद मिल रही है।

### बड़ा रैकेटकाम कर रहा

सरकारी शराब दुकानों से बड़ी खेप पार करवाने की खबरें लगातार सामने आती है। बताया जाता है कि इसे लेकर एक बड़ा रैकेट काम कर रहा है। प्लेससमेंट कर्मियों की भूमिका भी संदिग्धट है। बताया जाता है कि इसके लिए प्रति बॉटल पर अतिरिक्त रकम वसूली जाती है। कोचिए मनमानी तादाद में अपनी सहूलियत के हिसाब से शराब लेकर निकल जाते हैं। कोचियों की मांग का भी ख्याालि रखा जाता है। भले ही पुलिस इस मामले में अभी जांच कर रही है हो लेकिन कोचियों के पास से बरामद हो रही शराब से साफ है कि जिले की शराब दुकान में सब कुछ सही नहीं चल रहा है।

# माईक्रो डोनेशन अभियान से लोगों को जोड़ने की मुहिम, भाजयुमो चलाएगी अभियान

## वर्चुअल मिटिंग का हुआ प्रसारण, सभी मंडल हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान एवं प्रदेश भाजयुमो के निदेर्शानुसार भारतीय जनता युवा मोर्चा राजनांदगाँव द्वारा माइक्रो डोनेशन की वर्चुअल मिटिंग का जिला भाजपा कार्यालय व जिले के सभी 20 मंडलों में प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में जिले भर के भाजयुमो पदाधिकारियों व समर्थकों ने हिस्साइ लिया। भाजयुमो जिला अध्य क्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि विभिन्ने कार्यक्रमों को लेकर भाजपा की इस मुहिम से बड़ी तादाद में लोग जुड़े हैं और जुड़ रहे हैं। उन्हों्ने बताया कि भाजपा के राष्ट्री य अध्य क्ष जेपी नड्डा व भाजयुमो के राष्ट्री य अध्यदक्ष तेजस्वीन सूर्या के संबोधन को कार्यकताओं ने गंभीरता से सूना और इस कार्यक्रम की महत्वाता समझी है। उन्होंडने बताया कि पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने डोनेशन दिया है। यह भी बताया गया कि यह कार्यक्रम आगामी 11 फरवरी तक पूरे जिले में चलाया जाएगा और लोगों को इससे जोड़ा जाएगा।

इस पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादूर सिंह सहित महामंत्री आकाश चोपड़ा, उपाध्यक्ष देवआशीष झा, जिला मंत्री पिंटू वर्मा, शिवम यादव, दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव, उत्तर मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर, संयम शर्मा, अंकित खंडेलवाल, जय शर्मा, महामंत्री आशीष जैन, कमलेश लहरे, साहिल गोलछा, साकेत वैष्णव, नितेश नायक, सुवितेस श्रीवास्तव, दीपक त्रिपाठी, टिकेश्वर सिंह, आशु डहरियया, गोपाल सोनकर, कृष्णा निषाद, सोहन साहू, आदित्य साहू, पंकज वर्मा, अमन, हिमांशु सिंह, संयम जैन, आशु कसार, संस्कार झा, प्रदीप दास, चेतन यादव, हिमांशु पात्रे, अभिषेक सेन, अमन जयसवाल, करण बग्गा, जसवीर सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, दामन पदम, भूपेश पराते, रवि बंजारे, राहुल साहूसहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नागरकोहरा में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ◀ छुरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम नागरकोहरा में सोमवार को एक युवकका फंदे पर झूलता शव बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम नागरकोहरा में जेठमल साहू के खेत में मौजूद एक पेड़ पर अपने कमीज़ के सहारे हरीश साहू (27) ने फांसी लगाकर आत्ममहत्याी कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चिचोला पुलिस ने पंचनामा कर शव को फंदे से उतरवा पीएम के लिए छुरिया भेजा। मृतक ने गांव के समीप पेड़ में रात को ही फांसी लगाया था। सुबह ग्रामीणों को जानकारी लगी जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है मृतक हरीश साहू की पिछले साल ही शादी हुई थी। वह दो बहन में अकेला भाई था। वहीं सूत्रों के मुताबिक मृतक हरीश साहू पिछले कुछ दिनों से बहुत परेशान रहता था। अकेला पुत्र होने के बाद भी अपने घर को छोड़ ग्राम नागरकोहरा में किराए के मकान में पति-पत्नी निवास कर रहे थे। बीती रात मृतक का माता पिता से झगड़ा होने की बात सामने आ रही है जिससे लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि मृतक हरिश साहू ने पारिवारिक विवाद के चलते यह कदम को उठाया होगा। बरहाल चिचोला पुलिस मर्ग कायम कर आत्महत्या करने के कारणों की जांच में जुटी है।

# आश्वासन से पलटे प्राचार्य, एबीवीपी ने दोबारा प्रबंधन को घेरा

■ शुल्का वापस न लेने की सूरत में रोजाना प्रदर्शन करने की तैयारी

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



दिग्विजय कालेज में सोमवार को दोबारा जनभागीदारी शुल्क वसूलने को लेकर एबीवीपी के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के दरवाजे पर बैठकर छात्र नेताओं ने नारेबाजी करते हुए जनभागीदारी शुल्कि वसूलने का विरोध किया। बसंतपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को हटाने की कोशिश की, बावजूद प्रदर्शन जारी रहा। एबीवीपी के छात्र नेताओं ने आरोप लगाया कि प्राचार्य अपने आश्वा सन से पलट गए हैं और अब पुलिसिया दबाव बनाकर, एफआईआर का डर दिखा कर हमे छात्रहित के लिए की जा रही मांग से पीछे हटाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले बीते शनिवार को भी एबीवीपी ने इस विषय को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया था। तब प्राचार्य के आश्वोसन के बाद प्रदर्शन समाप्तल हुआ था।

छात्र नेता चिंटू सोनकर ने बताया कि, सोमवार को हमने लंबे समय तक प्रदर्शन किया। अब भी प्राईवेट छात्रों से अतिरिक्त 4 सौ रुपए का शुल्की वसूलना जारी है। उन्होंछने कहा कि, जब तक प्रबंधन इस शुल्कर को वापस नहीं लेता तब तक हम रोजाना प्रदर्शन करते रहेंगे। वहीं सोमवार को छात्रों के प्रदर्शन के बीच नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे भी यहां पहुंचे थे। उन्होंने भी प्रदर्शन को अपना समर्थन देते हुए शुल्कन वापस लिए जाने की मांग की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सहमंत्री चिंटू सोनकर ने बताया आभविप के प्रतिनिधि मण्डल ने शुक्रवार को बातचीत करने का प्रयास किया किंतु इसके पश्चात भी कोई सार्थक निर्णय नही निकला। इसके पश्चात शनिवार को एबीवीपीके कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया। प्राचार्य के आश्वासन पर कि सोमवार को नया निर्णय लिया जाएगा जो विद्यार्थियों के हित में होगा तब जाकर प्रदर्शन शांत हुआ। जब विद्यार्थी सोमवार को कॉलेज फार्म जमा करने आये तो उनसे कहा गया कि 400 रुपए जनभागीदारी के लिए देना पड़ेगा। तब विद्यार्थी दूसरी बार धरने पर बैठ गए और जनभागीदारी अध्यक्ष के विरोध में नारेबाजी की।

**बगैर बैठक के निर्णय :** प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जनभागीदारी के लिए जब भी कोई शुल्क लिया जाता है इससे पहले जनभागीदारी की बैठक में होती है। उसमें तय किया जाता है। किंतु जनभागीदारी बैठक के बिना अचानक 22 जनवरी को निर्णय लिया जाता है कि जनभागीदारी शुल्क 400 रुपये दिया जाना है तो इस प्रकार के अनैतिक एवं असंवैधानिक निर्णय का अभाविप विरोध करती है।

# डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर को मिला नेहरू महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य का दायित्व



पायनियर संवाददाता ◀ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में विगत तीन माह पूर्व प्राचार्य डॉ. केएलटाण्डेकर के दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में स्थानांतरण होने के बाद से नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य का पद रिक्त था। 22 जनवरी को आयुक्त , उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर ने आदेश जारी कर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर को महाविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपते हुए उन्हें प्रभारी प्राचार्य के पद पर नियुक्त किया। आदेश के परिपालन में डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्रभारी प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नवाज खान सहित जनभागीदारी समिति के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर को प्रभारी प्राचार्य बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# अनाथ लड़की की ग्रामीणों की मदद से सरपंच ने करायी शादी

पायनियर संवाददाता ◀ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



कहते हैं मानवता से बड़ा कोई दूसरा चीज नहीं होता। मानवता का एक ताजा उदाहरण गंडई नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत जगमड़वा में बीते दिवस देखने को मिला है। जहां ग्रामीणों की मदद से ग्राम सरपंच ने एक अनाथ लड़की की शादी कराकर समाज में मानवता की मिशाल पेश की है। कोरोनो महामारी ने युवती से मां का छाया साल भर पहले ही छीन ली है। मां के देहांत के बाद उसके आगे-पीछे कोई नही है। युवती खुद एक प्राइवेट स्कूल में जॉब कर अपना भरण पोषण करती थी। लेकिन शादी की उम्र होने पर ग्रामीणों ने युवती के हाथों में मेहंदी सजाकर ससुराल विदा कर एक मां बाप का फर्ज अदा किये हैं।

ग्राम पंचायत जगमड़वा के सरपंच व छुईखदान सरपंच संघ के अध्यक्ष टीकम साहू ने बताया कि तेजेश्वरी साहू अपनी माता मोंगरा बाई साहू के साथ दो कमरे के छोटे से मकान में निवास करती थी। वर्ष 2021 में कोरोना से उनकी माता मोंगरा बाई का देहांत हो गया है। मां के देहांत के बाद तेजेश्वरी अकेले ही घर में रहती थी और खुद का भरण पोषण करती थी। तेजेश्वरी की बालिग होने पर शादी के लिए रिश्ता आना भी शुरु हो गया था। जिसको देखकर सरपंच टीकम साहू के मन मे विचार आया कि बेटी तेजेश्वरी का विवाह किया जाये। सरपंच ने गाँव के प्रमुखों से सहमति लेकर विवाह की तैयारी की। समस्त ग्रामीणों के सहयोग से बीते शुक्रवार को शादी सम्पन्न किया गया है और बेटी की बिदाई की गई। तेजेश्वरी साहू की शादी ग्राम हनईबन निवासी निरंजन पिता डोमार साहू से पूरे रीति रिवाज से किया गया। सरपंच और ग्रामीणों ने अनाथ लड़की की शादी करा कर समाज मे एकता और मानवता का परिचय दिया है जो वास्तव में एक सराहनीय कार्य है।

### ग्रामीणों ने लिया फैसला नहीं होने देंगे खनन

**राजनांदगांव।** पनेका-बांकल स्थित रेत खदान बंद करवाने को लेकर ग्रामीण लामबंद हो गए हैं। सोमवार को ग्रामीणों ने ग्राम में ही बैठक कर खदान बंद करने को लेकर प्रस्ताााव पारित किया। यह प्रस्तागव जिला प्रशासन तक पहुंचाया गया है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि अब शिवनाथ से रेत नहीं निकलेगी। हम इसका पूरजोर विरोध कर रहे हैं। इस दौरान शिवसेना जिला प्रमुख कमल सोनी, जिला उपाध्यक्ष मोहन सिन्हा ने ग्राम बांकल का समर्थन करते हुए कहा कि अगर इस विरोध के बावजूद रेत खदान बंद नहीं की जाती है तो आने वाले दिनों में इसे लेकर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। ग्राम पंचायत बांकल के सरपंच भारत पटेल, ईश्वर सिन्हा समेत ग्रामीणों ने बीते दिनों ठेकेदार द्वारा लगाए गए आरोप को निराधार बताया। ग्रामीणों ने कहा कि ठेकेदार खुद ग्रामीणों को धमकाता रहा है। अब जब ग्रामीण विरोध में उतर आए हैं तब ठेकेदार उल्टा आरोप लगाने पर तुला हुआ है।

# बसन्तपुर थाना का निगरानी बदमाश घुमका में बेच रहा था शराब

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



बसन्तपुर थाना क्षेत्र के निगरानी बदमाश समेत तीन आरोपियों को घुमका पुलिस ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। खबर है कि उक्त निगरानी बदमाश का मूल निवास भटगांव थाना घुमका है और विगत तीन चार साल से भटगांव में अवैध कारोबार से जुड़ा हुआ था। जिले में नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक के अवैध कारोबार पर तत्काल रोक लगाने तमाम थाना प्रभारियों को फटकार लगते ही लम्बे समय बाद जागी घुमका पुलिस ने थाना क्षेत्र के दो गांवों के तीन शराब तस्करों से अवैध शराब जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किये जाने की खबर है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी के निर्देश पर थाना क्षेत्र के अवैध शराब तस्करों के यहाँ दबिश दी गई।खबरों के अनुसार आरोपी दामोदर सतनामी (27) के कब्जे से दो बोरियों में रखे 96 पाव देशी प्लेन शराब 12 बोतल गोवा अंग्रेजी शराब, आरोपी दीपक मरार (44)के घर से 48 पाव प्लेन शराब दोनो आरोपी निवासी भटगांव थाना घुमका और तीसरे आरोपी अरमान खान (37) साकिन कलेवा थाना घुमका के घर से 6 बोतल गोवा और 10 पाव गोवा शराब बिक्री करते पकड़े जाने पर मामला अवैध शराब का होने से मौके पर जप्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

## अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की ओर क्रांतिकारी कदम होगा यह कम्युनिटी रेडियो

# जिले का पहला कम्युनिटी रेडियो 26 को श्रोताओं को समर्पित होगा

पायनियर संवाददाता ◀ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिले का पहला एफएम रेडियो स्टेशन संगवारी रेडियो के नाम से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को होगा शुभारंभ। सरकार की मंशा अनुरूप समता जन कल्याण समिति द्वारा कम्युनिटी रेडियो स्टेशन की स्थापना की गई है जिसको स्थापित करने में राजनांदगांव के कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा का पूर्ण रूपेण योगदान रहा है। उनके मार्गदर्शन व निर्देशन पर संगवारी रेडियो श्रोताओं व नागरिकों को समर्पित होने जा रहा है। इस रेडियो स्टेशन के प्रारंभ होने से शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत् स्थानीय लोक कलाकारों की प्रतिभाओं को सशक्त माध्यम उपलब्ध हो सकेगा। स्थानीय कला एवं संस्कृति तथा किसानों को फसलों से संबंधित उन्नत तकनीकी जानकारी से कम्युनिटी रेडियो अवगत करा बढ़ावा देगा। साथ ही मौसम से संबंधित नवीनतम जानकारी पहुंचाने में आसानी होगी। किसानो को कृषि संबंधित विषयों पर सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

**संगवारी रेडियो सामुदायिक प्रतिभा को देगा मंच :** कम्युनिटी रेडियो, ग्रामीणों इलाकों के लोगों से जुड़ने, उनके लोक संस्कृति को जानने का उत्तम माध्यम है। कम्युनिटी रेडियो से धीरे-धीरे क्षेत्र में बदलाव आएगा और विकास में स्थानीय लोगों की विकास में भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा वैश्विक महामारी के इस दौर में




प्रशासन की पहल पर लोगों तक जानकारी पहुंचाने में कम्युनिटी रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। मुख्यधारा से ओझल लोगों के लिए यह क्रांति से कम नहीं। कम्युनिटी रेडियो सूक्ष्म स्तर पर अहम भूमिका निभाएगी। इसके लिए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से 90.8 की फिक्वेंसी प्राप्त हुई है। सामुदायिक रेडियो समुदायों को सशक्त बनाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसकी क्रिएटिव टीम में स्थानीय स्तर पर वरिष्ठ विषय विशेषज्ञ चिकित्सक, विषयों का प्रसारण किया जाएगा। कृषि वैज्ञानिकों और पत्रकार, साहित्यकार, किसान लोक कलाकार तथा किसानों का आपसी संपर्क बहुत ही कम हो पाता है, स्थानीय पुरातत्व संस्कृति से जुड़े लोग शामिल होंगे। जिसका सीधा लाभ जनता को होगा।

**रेडियो का स्टूडियो तैयार :** राजनांदगांव जिले का प्रथम रेडियो स्टेशन एफएम संगवारी रेडियो का स्टूडियो बनकर तैयार है जो शांति विजय रेजीडेंसी सृष्टि कॉलोनी में स्थित है। रेडियो का रेंज क्षेत्र 25 किलोमीटर डायमीटर और फ्रीकवेंसी 90.8 है। रेडियो स्टेशन में टावर व एसी स्टूडियो बनकर तैयार है। कलाकार के सीधे प्रसारण के लिए भी पृथक से लाइव रूम भी बनाया गया है जहां से कलाकार या अपने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ सीधे प्रसारण पर आ सकेंगे।

**26 को होगा शुभारंभ :** गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश के कृषि, जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे के मुख्य आतिथ्य छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहूकि उपस्थिति में शांति विजय रेजीडेंसी सृष्टि कॉलोनी के संगवारी रेडियो स्टेशन का शुभारंभ करेंगे। वैश्विक महामारी कोरोना की तीसरी लहर को देखते प्रशासन के समस्त प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कार्यक्रम आहूत किया जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**राजनांदगांव।** घुमका कांग्रेस कमेटी ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव व जनपद सभापति व किसान कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ओमप्रकाश साहू ने रेंगाकठेरा के धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही किसानों से मुलाकात भी की। ब्लॉक अध्यक्ष रतन यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकार किसानों की सरकार है, हमेशा किसानों की बात करती है। जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने किसानों को अच्छी सुविधा उपलब्ध कराने प्रबंधक को कहा। उन्हौंने किसानों की हर संभव मदद करने की बात कही व धान खरीदी 7 दिवस बढ़ाये जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया। रेंगाकठेरा धान खरीदी केंद्र में 80 प्रतिशत धान खरीदी किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान किसान नेता भागवत वर्मा, अजय वर्मा, प्रमोद वर्मा, शैलेन्द्र साहू सहित आसपास के किसान उपस्थित रहे।

# आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर दपूमरे में 60 बालिकाओं का सम्मान

## बालिकाओं के लिए ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन भी किया गया

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com






बालिकाओं के सशक्तिकरण तथा प्रत्येक क्षेत्र में उनके लिए समानता का पृष्ठभूमि तैयार कर उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु प्रत्येक वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है । इसी संदर्भ में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बालिकाओं के प्रोत्साहन हेतु आज 24 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए । आज प्रातः नए भारत के निर्माण में बालिकाओं का योगदान विषय पर ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया । इस सेमिनार में रेलवे स्कूल बिलासपुर, शहडोल, भिलाई, नैनपुर एवं डोंगरगढ़ की बालिकाओं एवं स्काउट एंड गाइड की बालिकाएं शामिल हुईं । सभी बालिकाओं ने इस विषय पर बहुत ही प्रभावी ढंग से अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए । बिलासपुर में बालिका सम्मान समारोह के आयोजन के लिए बिलासपुर रेल मण्डल को नामित किया गया था, जिसके अंतर्गत आज शाम 04 बजे मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर सभा-कक्ष में आयोजित सादे समारोह में मंडल रेल प्रबंधक श्री आलोक सहाय द्वारा शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक, आर्ट एवं क्राफ्ट सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न रेलवे स्कूलों, स्काउट-गाइड तथा एनसीसी के 33 बालिकाओं को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी प्रदीप मिश्रा सहित रेलवे स्कूलों के शिक्षक तथा कार्मिक विभाग के कर्मचारी-गण उपस्थित थे । इसके साथ तीनों रेल मंडलो बिलासपुर, रायपुर एवं नागपूर में आयोजित समारोह में आज 40 स्कूली छात्राओं एवं 20 स्काउट एंड गाइड की वालिन्टीयर सहित कुल 60 बालिकाओं को सम्मानित किया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में समय-समय पर बालिकाओं के प्रोत्साहन एवं कल्याण के लिए अनेक कार्य किये गए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से स्टाफ बेनिफिट फंड से रेलवे स्कूलों में पढ़ाई करने वाली रेलकर्मियों के आश्रित बालिकाओं को टैबलेट का वितरण, तकनीकी शिक्षा के लिए रेलकर्मियों के आश्रित बालिकाओं को स्कॉलरशिप, अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मान, खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान तथा रेलवे स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं को सायकिल का वितरण शामिल है ।

# शांता फाउंडेशन ने बालिकाओं को बांटे पुस्तक सामग्री



पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर शांता फाउंडेशन द्वारा सकरी में स्थित कन्या शाला के आसपास के बालिकाओं को पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरण किया गया। इस अवसर पर शांता फाउंडेशन के सुश्री रुपाली पाण्डेय का कहना है कि राष्ट्रीय बालिका दिवस देश में लड़कियों को समर्थन, नए अवसर प्रदान करता है. यह समाज में लड़कियों के साथ होने वाली असमानता जैसे भेदभाव, शोषण के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। वही शांता फाउंडेशन के अंजलि श्रीवास्तव का कहना है कि असमानता, शिक्षा, पोषण, कानूनी अधिकार, चिकित्सा देखभाल, संरक्षण, बाल विवाह, स्वतंत्रता, इत्यादि के संदर्भ में हो सकती है. इसमें कोई संदेह नहीं, राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के पीछे भारत सरकार का यह कदम युवा लड़कियों और बच्चों के रूप में लड़कियों के महत्व को बढ़ावा देना है।

शांता फाउंडेशन के संस्थापक समाजसेवी नीरज गेमनानी संबोधित करते हुए कहा कि आजकल बालिकाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं चाहे वो राजनीती, खेल, साइंस, इत्यादि कुछ भी हो. ऐसे में समाज को बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनकी शिक्षा के प्रति ध्यान देना अनिवार्य है. भ्रूण हत्या भी भारत में ऐसी समस्या है जिसके कारण लड़कियों के अनुपात में काफी कमी आयी है। इस दौरान नेहा तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, दानेश राजपूत,प्रशांत रॉव, प्राची ठाकुर उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय मंत्री को खाद्य मंत्री ने दिया क्लीन चिट

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने कहा है कि मैं नगरीय निकाय मंत्री डा शिवकुमार डहरिया को जानता हूं वे थप्पड़ मारने जैसा काम नही कर सकते ।उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनने को लेकर कहा कि मैं पार्टी का आम कार्यकर्ता हूँ अगर पार्टी आदेश करेगी तो मुझे कोई आपत्ति नही है। , नगरी प्रशासन मंत्री को क्लीनचिट देते हुए कहा कि मैं जानता हूँ मंत्री शिव डहरिया ऐसा नही कर सकते ,मैं रायपुर जाकर अभी मामले की और जानकारी लूंगा। अकलतरा में सड़ा धान जमा किये जाने के फर्जीवाड़े के मामले में गोलमोल जवाब देते हुए खाद्य मंत्री ने जानकारी से इंकार करते हुए कहा कि कंही का भी चावल कंही भी जमा हो सकता है इस मामले में सीधे ठोस बात कहने की बजाय मंत्री स्पष्ट जानकारी देने से कतराते रहे। राशन कार्ड नही बनने के मामले में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देने की बजाय मीडिया से ही शिकायत मांगी और कहा कि आप लोग शिकायत करें फिर बात करूंगा। खाद्य मंत्री से मिलने शहर अध्यक्ष विजय पांडे, महापौर रामशरण यादव, सहकारी बैंक के अध्यक्ष ,शिल्पी तिवारी, अजय सिंह , लक्की यादव सहित कई कांग्रेसी पहुँचे ।

# सेवा भारती द्वारा मंगला, लालखदान में निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की शुरुआत




**बिलासपुर।** सेवा भारती द्वारा निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन धुरी पारा मंगला एवं लाल खदान में किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के उपाध्यक्ष लता गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा महिलाओं की उन्नति के लिए एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए सेवा बस्तियों में निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र खोला जा रहा है। जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर रोजी रोटी चला सके। सेवा भारती द्वारा समय-समय पर सामाजिक उन्नति के लिए कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं। उक्त कार्यक्रम में उपाध्यक्ष लता गुप्ता अध्यक्ष शांतनु सचिव रोहित भांगे हर्षवर्धन भास्कर वर्तक छेदु सिंह हर्षवर्धन अरोरा संगीता अग्रवाल आशा आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

# रासेयो ने ऑनलाइन मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com







राष्ट्रीय सेवा योजना, डी.पी.विप्र महाविद्यालय, द्वारा सोमवार को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। कोरोना महामारी के संक्रमण से सुरक्षित रहकर ऑनलाइन मोड पर इस दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई) प्रो.रीना ताम्रकार द्वारा महिला इकाई की स्वयमसेविकाओं के लिए ऑनलाइन रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत घर पर रहकर स्वयंसेविकाओं ने बालिकाओं से सम्बंधित विभिन्न विषयों पर चित्रकारी तथा रंगोली बनाकर सोशल मीडिया के माध्यम से राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर बालिकाओं की सुरक्षा तथा उनकी शिक्षा के लिए जनमानस को जागरुक किया।इस प्रतियोगिता में समस्त स्वयंसेविकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बालिका दिवस के उपलक्ष्य में अपनी भावनाओं को रंगोली तथा चित्रकला के माध्यम से प्रदर्शित किया। इस प्रतियोगिता में स्वयंसेविका कु.सी.भवानी ने प्रथम, कु.आफरीन फातिमा ने द्वितीय तथा कु.चांद घृतलहरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय बालिका दिवस के इस आयोजन को फलीभूत करने के लिए कार्यक्रम अधिकारी ने डी. पी.विप्र महाविद्यालय, राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त स्वयंसेविकाओं को हार्दिक साधुवाद प्रदान किया है। इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु डॉ. अंजू शुक्ला (प्राचार्या), डॉ. मनोज सिन्हा (रासेयो समन्वयक), डॉ. मनीष तिवारी, डॉ. एम.एस. तम्बोली, डॉ. आभा तिवारी, प्रो.किरण दुबे,डॉ. ऋचा हांडा, प्रो.विश्वास विक्टर, प्रो.रूपेंद्र शर्मा, प्रो.गेंदलाल बंजारे आदि का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# पुलिस परेड ग्राउंड में किया गया गणतंत्र दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी के गरिमामय आयोजन के लिए आज स्थानीय पुलिस ग्राउंड में जिला स्तरीय समारोह के कार्यक्रमों का अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस आयोजन में पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर, एडीएम जयश्री जैन, एसडीएम पुलक भट्टाचार्य एवं अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। पूर्वाभ्यास में एसडीएम पुलक भट्टाचार्य ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। समारोह में ध्वजा रोहण, परेड की सलामी, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, रंग बिरंगे गुब्बारो और कबूतरो को आकाश में छोड़ने, परेड, शहीदो के परिजनो का सम्मान, उत्कृष्ट कार्य करने वाजे अधिकारियों-कर्मचारियों का सम्मान आदि कार्यक्रमों का अंतिम रिहर्सल किया गया। अतिरिक्त कलेक्टर जयश्री जैन ने समारोह स्थल पर की गयी तैयारियों का जायजा लेकर कार्यक्रम के गरिमापूर्ण आयोजन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए समारोह में विभागीय झांकियों का प्रदर्शन, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, पीटी का आयोजन नही किया जायेगा साथ ही कोविड के गाईडलाइन का पालन करते हुए समारोह का आयोजन होगा।

**संसदीय सचिव विकास उपाध्याय करेंगे ध्वजारोहण**

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को पुलिस ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय संसदीय सचिव लोक निर्माण, गृह जेल, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, पर्यटन विभाग ध्वजारोहण करेंगे। मुख्य समारोह में प्रातः 8:59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण, प्रातः 9.02 बजे राष्ट्रगान, प्रातः 9.05 बजे पुलिस, नगर सेना द्वारा राष्ट्रध्वज की सलामी, प्रातः 9:15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री जी का संदेश वाचन एवं उद्बोधन और प्रातः 9:35 बजे प्रशस्ति पत्र का वितरण होगा।

# ब्राउन शुगर के साथ आरोपी पकड़ाया

**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को 50 हजार रुपए मूल्य का ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर व अति. पुलिस अधीक्षक शहर ऊमेश कश्यप द्वारा नशा के विरूध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश प्राप्त हुआ था कि अति.पुलिस अधीक्षक गरिमा द्विवेदी के मार्गदर्शन पर क्षेत्र में मुखबीर तैनात कर थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील तिर्की द्वारा गठित टीम को मुखबीर से सूचना मिली कि चकरभाठा में एक व्यक्ति अवैध रूप से नशीला पदार्थ रखा है। मुखबीर के बताये स्थल में जाकर घेराबंदी कर पकडे आरोपी से पुछताछ करने पर अपना नाम लोकेश पाल ऊर्फ लल्ला पितापाल उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 11 विकास नगर थाना चकरभाटा रहना बताया। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से पेन्ट की जेब से तीन नग सफेद कागज के पैकेट में भूरा पाउडर जैसा पदार्थ (नशीला ब्राउन शुगर) करीबन 09-10 ग्राम ,कीमती करीब 50,000 रूपये एवं नगदी रकम 1100 रूपये तथा एक नग सेमसंग कंपनी का स्क्रीनटच मोबाईल मिला जिसे मौके पर जप्ती तथा अन्य कार्यवाही की गयी। आरोपी का यह कृत्य धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के अतर्गत दण्डनीय अपराध होना पाये जाने से आरोपी को हिरासत में लेकर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है



# जी पी सिंह ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में लगाई याचिका

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति के केस में गिरफ्तार निलंबित एडीजी और आई पी एस जीपी सिंह ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में सोमवार को याचिका दायर की है। इसमें बताया गया है कि पुलिस रिमांड में उनसे 200 से अधिक सवाल पूछे गए, जिसका उन्होंने जवाब दिया है।

पूछताछ पूरी होने के बाद ही उन्हें न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। इससे स्पष्ट है कि ई ओ डब्ल्यू को उनके सवालों के जवाब मिल गए हैं। अब उन्हें सुनवाई का मौका देना चाहिए। इन सबके लिए उनका जेल से बाहर आना जरूरी है। हालांकि, उनकी याचिका पर अभी सुनवाई की तिथि तय नहीं हुई है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने उन्हें 11 जनवरी को नोएडा से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें 7 दिन के लिए पुलिस रिमांड पर रखा गया था। 18 जनवरी को उन्हें विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से जीपी सिंह को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। इस दौरान उनके वकील ने कोर्ट से जमानत देने की मांग की, जिसे खारिज कर दिया गया। इधर निचली अदालत से जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उनके वकील आशुतोष पांडेय ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की है। इसमें बताया गया है कि आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की जांच पूरी हो गई है। यही वजह है कि पुलिस रिमांड लेकर उनसे पूछताछ की गई। याचिका में कहा गया है कि जीपी सिंह अपनी गिरफ्तारी से पूर्व ही सभी नोटिस का जवाब दे चुके हैं।

# कर्मचारी संघ ने की पदोन्ति आदेश निरस्त करने की मांग

**बिलासपुर ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बिलासपुर से मिलकर डीईओ द्वारा सहायक ग्रेड-तीन से सहायक ग्रेड-दो पर की गई पदोन्नति को निरस्त करने की मांग की है। संघ के प्रांतीय सचिव पवन शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया है कि संचालक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर के द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को विभागीय कौशल परीक्षा समयावधि में आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। किंतु डीईओ ने निर्देशों का पालन नहीं करते हुए भर्ती तथा पदोन्नति नियमों के विरुद्ध मनमाने तरीके से सहायक ग्रेड-तीन से सहायक ग्रेड- दो के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया है, इसके कारण कई वरिष्ठ कर्मचारी पदोन्नति से वंचित होकर कनिष्ठ हो गए हैं। जो नैसर्गिक न्याय के सिद्धांत के सर्वथा विरुद्ध है। वरिष्ठता सूची में नाम नहीं होते हुए मोहम्मद शारिक को नियम विरुद्ध पदोन्नति दी गई है। कर्मचारी ना तो जिले में पदस्थ है और ना ही उसका नाम वरिष्ठता सूची में है। पदोन्नति आदेश में मनीष तिवारी और राजेश सोनी का नाम भी नहीं है जबकि इनका नाम भी पदोन्नति सूची में होना चाहिए। इससे यह स्पष्ट है कि डीईओ द्वारा पदोन्नति के लिए अपनाई गई समस्त प्रक्रिया त्रुटिपूर्ण है।

# लुटेरे वाहन में भरे 8 लाख रुपए का राजश्री गुटका लूट ले गए

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



407 वाहन में सिरगिट्टी से राजश्री गुटखा भरकर कोरबा ले जा रहे वाहन चालक को रोककर लुटेरी ने उससे नकदी और मोबाइल लूट लेने के बाद मारपीट करते हुए गुटखे से भरी वाहन को भी साथ ले गए लेकिन पुलिस के दबाव के चलते लुटेरों ने 407 वहन को बीच रास्ते में छोड़ उसमे से से करीब 8 लाख रुपए मूल्य का गुटखा पान मसाला दूसरे वाहन में भर कर ले भागे। मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह सिरगिट्टी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पान मसाला की फैक्ट्री से राजश्री गुटखा पाउच भरकर 407 वाहन का चालक मूलतः इलाहाबाद और वर्तमान में कोरमी निवासी विजय करण कोरबा जा रहा था। सुबह करीब 6ः00 बजे वह धूमा चौक के पास पहुंचा था। उसी दौरान स्लेटी रंग के छोटे कार में सवार कुछ बदमाश पहुंचे, जिन्होंने उसका रास्ता रोककर पहले तो उसकी पिटाई की। फिर ड्राइवर के पास मौजूद करीब हजार रुपए और उसका मोबाइल लूट लिया। इतना ही नहीं विजय करण को मारपीट कर लुटेरे उसे दूसरे स्थान पर ले गए और फिर उसका वाहन लेकर भाग खड़े हुए। वाहन चालक किसी तरह विजय करण ने इसकी सूचना अन्य लोगों को दी। तोरवा थाने में सूचना होते ही पुलिस ने नाकेबंदी कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी। इधर पुलिस के चौकन्ना होने के बाद लुटेरों के लिए अधिक दूर तक भागना संभव नहीं हुआ और वे जयराम नगर के पास बोरसी गांव में 407 वाहन छोड़कर भाग गए। भागने से पहले वे काफी पान मसाला दूसरे वाहन में भरकर ले जाने में कामयाब रहे। 407 वाहन पान मसाला से भरा हुआ था। पुलिस का अनुमान है कि भागने से पहले लुटेरे अपने साथ करीब 75 फीसदी पान मसाला ले जाने में कामयाब हुए हैं, जिसकी कीमत 7 से 8 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। अब रास्ते में मौजूद सीसीटीवी की मदद से लुटेरों की तलाश की जा रही है पुलिस लुटेरों की तलाश करने के लिए साइबर सेल की भी मदद ले रही है। घटना से घबराए 407 चालक लुटेरों के बारे में कुछ खास जानकारी नहीं दे पा रहा है लेकिन पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लुटेरे पुलिस के शिकंजे में होंगे।

# 'अवैध उत्खनन करते हुए 1 नग हाईवा एवं 11 नग ट्रैक्टर जब्त'

पायनियर संवाददाता ◂ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के घूटकू, लमेर, तथा सेंदरी के आस-पास के क्षेत्रों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन संबंधी शिकायतें मिल रही थी। प्रशासन ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए राजस्व, परिवहन, पुलिस तथा खनिज विभाग की संयुक्त टीम को जांच के लिये भेजा। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर जाँच किया गया। जाँच के दौरान ग्राम घुटकू, लमेर, सेन्दरी एवं आसपास क्षेत्र में खनिज रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते हुए 1 नग हाईवा एवं 11 नग ट्रैक्टर को पाया गया है। मौके पर उक्त उत्खनन से संबंधित व्यक्तियों ने कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। इस कारण अवैध उत्खनन में संलग्न वाहनों को जप्तकर थाना प्रभारी कोनी एवं खनिज जांच चौकी कोनी की सुपुर्दगी में रखा गया है। संयुक्त टीम द्वारा जांच में ग्राम सेन्दरी स्थित अरपा नदी में कछार निवासी राहुल साहू द्वारा उत्खनन में संलग्न वाहन चालकों से अवैध वसूली करते हुये भी पाया गया तथा मौके पर कच्चा पर्ची भी जप्त किया गया। जांच के दौरान राहुल साहू का बयान दर्ज किया गया। उसने बताया कि यह कार्य रणविजय सिंह के कहने पर कर रहा है। गौरतलब है कि खनिज अमले द्वारा जिले में लगातार खनिजों के उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण की जांच एवं कार्यवाही की जा रही है। इस महीने में अवैध खनिज परिवहन के लगभग 55 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। दर्ज प्रकरणों में 45 प्रकरणों का निराकरण कर 7 लाख 37 हजार से अधिक की समझौता राशि वसूल की गयी है। खनिज रेत के कुल 40 प्रकरण अरपा नदी के ग्राम सेन्दरी, लोखण्डी, मंगला, कोनी, लमेर, घुटकू, दयालबंद, गड़वट, जोगीपुर, कोटा, रतनपुर एवं आसपास क्षेत्रों में दर्ज किये है। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि जप्त किये गये वाहन के मालिकों के विरूद्ध खनिज, राजस्व एवं परिवहन विभाग के नियमों के तहत् कार्यवाही की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह स्थल पर कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

**बिलासपुर।** हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 26 जनवरी 2022 को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था एवं कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस ग्राउण्ड बिलासपुर में कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जारी आदेश के अनुसार सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक वीआईपी प्रवेश द्वार पर सिटी मजिस्ट्रेट बिलासपुर हरिओम द्विवेदी, अतिरिक्त तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी ऋचा सिंह की ड्यटी लगाई गई है। इसी प्रकार मंच पर उचित व्यवस्था के लिए तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी रमेश कुमार मोर और नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी राजकुमार साहू की ड्यूटी लगाई गई है।

# किडनी बीमारी के प्रमुख कारणों में अनुवांशिक और आधुनिक खानपान : डॉ. रवि धर

## अनियमित दिनचर्या बिगड़ने और प्रारंभिक तौर पर नजरअंदाज करने से बढ़ रहे रोगी



**डाक्टर का नाम :-** रवि धर
**प्रारंभिक शिक्षाः-** प्रायमरी से 10वीं-12 वीं वाराणसी (यूपी)
**एमबीबीएस :-** राजीव गांधी हेल्थ साइंस विवि बैंगलुरु बीजापुर विजयनगर
**एमडी मेडिसीन :-** राजीव गांधी हेल्थ साइंस विवि बैंगलुरु बीजापुर विजयनगर
**नेफ्रोलाजीः-** कोलकोता डीएनबी डाक्टर विशेषज्ञ दिलीप कुमार पहाड़ी के मार्गदर्शन में
**वर्तमान में :-** श्री बालाजी मेडिकल इंस्टीट्यूट आफ साइंस में एसोसिएट कंसटेंट

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com


किडनी संबंधी बीमारी आजकल आम बात हो गई है। किडनी डेमेज होने के क्या कारण हो सकते है और उसे कैसे ठीक किया जा सकता है, इस संबंध में नेफ्रोलाजी विशेषज्ञ डाक्टर रविधर से पायनियर संवाददाता की विशेष बातचीत।

**सवालः-** किडनी रोग होने के क्या कारण है। क्या ये अनुवांशिक है, ऐसे सिमटम नवजात बच्चों में भी हो सकते है क्या।

**जवाबः-** किडनी रोग कैकट नामक बीमारी है जो बच्चे के जन्म के साथ हो सकता है जो बाद में बढ़ भी सकता है। जिसका पता जांच से लगाया जा सकता है। किडनी डेमेड की आजकल जो शिकायत सामने आ रही है, वह अनियमित दिनचर्या के कारण है। जिसे प्रारंभिक तौर पर नजरअंदाज करने से रोग बढ़ जाता है। किडनी संबंधी बीमारी शरीर के नसों से संबंधित है, किडनी के सिकुड़ने से मूत्र त्याग के समय पीड़ा होना या छन्नी डेमेज होने से मूत्र ब्लेडर से बराबर नहीं निकलना है। किडनी भी शरीर की नस कोशिकाओं का हिस्सा है जो मूत्र को फिल्टर कर बाहर निकालता है।

**सवालः-** किडनी के सिकुड़ने का पता जन्म के समय नहीं लगाया जा सकता?

**जवाब :-** जन्म के समय बच्चे को मूत्र त्याग में यदि परेशानी हो रही है तो बच्चे के किडनी की जांच कर पता लगाया जा सकता है कि रुक-रुक कर या लगातार मूत्र विसर्जन करने का क्या कारण है। यदि जन्म के समय बच्चे के किडनी में सिकुड़न का पता चल जाता है तो उसे आसानी से ठीक किया जा सकता है। डिलीवरी के समय बच्चे को जो मेटेरनिटी उपचार किया जाता है उसके अलावा भी उसके व्यवहार का आब्र्जवेशन करना चाहिए जिससे पतचा लगे कि बच्चे को कोई पीड़ा तो नहीं है। बच्चों में जन्मजात किडनी सिकुड़ने के मामले बहुत कम मिलते है, एक हजार में एक दो प्रतिशत हो सकते है। बाकी तो बच्चे के मामले में पूरी तरह स्वस्थ होते है। किडनी सिकुड़ने की जानकारी होने पर उसे सही समय में ठीक कर बच्चे को पूरी तरह ठीक किया जा सकता है।



**सवाल :** आजकल शराब पीने वालों के सबसे ज्यादा किड़नी खराब होने की शिकायत सामने आ रही सच क्या है।

**जवाब :-** यह सौ फिसद सच नहीं है, किडनी डेमेज होने के कारणों में अकेले शराब दोषी नहीं है। उसके भी कई कारण है। किडनी डेमेज के मरीज जब डाक्टर के पास जाते है तो शराब से संबंधित सवाल पूछने के पीछ एक ही कारण होता है कि बीमारी का पता जल्दी से लगाया जा सके। मरीज शराब कब से पी रहा, तंबाखू कब से खा रहा है। हाईपर टेंशन, बीपी, शुगर है तो उसकी जांच प्रारंभिक तौर पर किया जा सके। शराब पीना ही किडनी डेमेज होने का कारण नहीं है और भी उसके कारण हो सकते है जो किडनी को डेमेज करने के सहभागी है।

**सवालः-** किडनी अनुवांशिक हो सकते है।

**जवाबः-** हां किडनी की बीमारी अनुवांशिक हो सकते है। जो बचपन में तो पता नहीं चलता लेकिन उम्र बढ़ने के साथ किडनी से संबंधित बीमारी के लक्षण सामने आने लगते है। 18 वर्ष के उपर वाले लोगों को किडनी डायग्नोस किया जा सकता है। बीमारी ज्यादा घातक होने की स्थिति में डायलिसिस कराना अनिवार्य हो जाता है।

**सवालः-** किडनी डेमेज के कितने स्टेच हो सकते है।

**जवाबः-** किडनी की बीमारी बढ़ने की स्थिति में रिवर्स एक्यू डिसिज, क्रोनिक डिसिज में 1-5 स्टेच में डायलिसिस की जरुरत पड़ती है।


**सवालः-**डायलिसिस नहीं कराने पर क्या करना पड़ता है।

**जवाबः-** डोयलेसिस नहीं कराने पर मरीज को ट्रांसप्लाट या खून की सप्लाई किडनी फिल्टर, खानपान, लाइफ स्टाइल, शुगर,बीपी जैसे रिस्क फैक्टर को कंट्रोल कर किडनी को बेहतर रखा जा सकता है।

**सवालः-** किडनी किस उम्र के लोगों को हो सकता है।

**जवाब :-** किडनी की बीमारी किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। शराब नहीं पीने वाले को भी किडनी संबंधी बीमारी हो सकता है। आजकल के मिलवटी खानपान, गुणवत्ता युक्त पानी नहीं पीने से भी मूत्र छन्नी डेमेज हो सकता है। जिसे ग्लोमर डिसिज कहते है। हर उम्र में शुगर, बीपी से छन्नी खराब होने के ज्यादा चांसेस रहते है।

**सवाल :-** गांव में चिकित्सा की आधुनिक सुविधा नहीं पहुंचने से किडनी के रोगी बढ़ रहे है, उन्हें कैसे रोके।



**जवाबः-** दूर दराज के गांव में चिकित्सा सुविधा के साथ आधुनिक उपकरण नहीं होने से ग्रामीणों की जांच नहीं हो पाती जिसके कराण किडनी संबंधी बीमारी का पता ही नहीं चल पाता है। जिन अस्पतालों में यह सुविधा है वहां सभी टेस्ट कराना चाहिए जिससे किडनी संबंधी यदि कोई बीमारी हो तो उसे ठीक किया जा सके। आजकल तो गांव और शहर में चिकित्सा के मामले में ज्यादा अंतर नहीं है। गांव-गांव में मरीजों के लिए एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है। उसका उपयोग कर पास के चिकित्सालय में जाकर जांच कराकर रोग से मुक्त हो सकते है।

**सवालः-** किडनी की कितने तरह की जांच होती है।

**जवाबः-** सिरम, ब्लक्रियाटिनिन एलवोनिन क्रियाटिनिन की की जांच करने पर डायग्नोस कर सकते है।

**सवालः-** किडनी ट्रांसप्लाट कितना जरूरी है।

**जवाबः-** यह मरीज के स्थिति पर निर्भर करता है। प्रारंभिक तौर पर यदि किडनी ज्यादा नहीं सिकुड़ा है तो उसे दिनचर्या में बदलाव लाकर मेडिसीन से ठीक किया जा सकता है। यदि सेकंड स्टेच में है तो इंजियोप्लास्टी कर किडनी को मजबूत किया जा सकता है। यदि ज्यादा डेमेज है तो उसे ट्रांसप्लाट की सलाह दी जा सकती है।

**सवाल :-** नेफ्रोलाजी क्या है और किडनी के मरीज के लिए कितना फायदेमंद है?

**जवाबः-** नेफ्र ोलाजी शरीर के नसों से संबंधित बीमारियों का पता लगाया जाता है। शरीर को चलायमान रखने के लिए नसों के जरिए खून का संचार होता है। शरीर के हर हिस्से को नसों के जरिए ही चलायमान रखा जाता है। शरीर में होने वाले ब्लाकेज का पता लगाने में नेफ्रोलाजी बहुत ही अचूक कारगर उपाय है। जिसके माध्यम से किडनी को डेमेज करने वाले नसों के माध्यम से ठीक करने में मदद मिलती है। नेफ्रोलाजी से किडनी संबंधी सभी बीमारियों का पता लगाया जा सकता है।

# अजय चंद्राकर ने षडयंत्र कर छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया : डॉ. डहरिया

## नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया की पत्रकार वार्ता

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि विगत दिनों एक पुराने वीडियो को सोशल मीडिया में प्रकाशित कर जन सामान्य के बीच एक झूठी खबर प्रकाशित की जा रही है, खबर में सोशल मीडिया और एक समाचार पत्र में बताया गया कि मंत्री जी द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया गया एवं थप्पड़ मारा गया जो सरासर आधारहीन एवं बेबुनियाद है ।

वास्तव में यह वीडियो 9-जनवरी ग्राम रीवां में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम का है, जिसमें भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र के साहू समाज सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित थे एवं मंच पर ही स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से गांव में पानी पहुंचाने को लेकर सौहाद्रपूर्ण चर्चा हो रही थी। तभी अचानक असामाजिक तत्वों द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया गया । वीडियो में यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि मंच से उतरने के बाद मंत्री जी पर अपशब्द कहे जाने पर उन्हीं असामाजिक तत्वों को सुरक्षाकर्मी द्वारा हटाया जा रहा है । इसी वीडियो में संलिप्त असामाजिक तत्वों पर स्थानीय पुलिस द्वारा उसी रात तत्काल कार्रवाही की गई थी ।

सरकार की छवि धूमिल करने का सबसे प्रथम प्रयास- इस वीडियो का उपयोग सामाजिक सौहाद्र को बिगाड़ने के लिए भाजपा के कुछ कार्यकर्ताओं द्वारा व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से आरंग विधानसभा क्षेत्र में जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवनाथ साहू का अपमान करके प्रसारित किया गया । इस घटना की जानकारी होने पर तुरंत ही स्वयं जिला साहू समाज के अध्यक्ष देवनाथ साहू द्वारा इस समाचार का खंडन किया गया ।

सरकार की छवि धूमिल करने का सबसे दूसरा प्रयास एक प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र द्वारा बिना किसी आधार एवं तथ्य के हेड लाइन मांगा पानी, डहरिया ने मारा झापड़ प्रकाशित किया गया है, जबकि वीडियो में स्पष्ट प्रदर्शित हो रहा है कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा असामाजिक तत्वों को पीछे हटाया जा रहा है। इस आधारहीन समाचार को ही आधार मानकर भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री एवं कार्यकर्ताओं द्वारा षडयंत्र कर राजनीतिवश सरकार की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। ये निंदनीय है। इस घटना को भारतीय जनता पार्टी के नेता विशेषकर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, अजय चंद्राकर आदि जिस प्रकार से ट्वीटर पर प्रचारित कर रहे उससे स्पष्ट हो रहा है कि इस घटना को भारतीय जनता पार्टी ने जानबूझकर कुछ लोगों को भेजकर कारित करवाया ताकि मंत्री की छवि को खराब किया जा सके। जो लोग समस्या लेकर आये थे वे चले गये तथा जो लोग हल्ला मचा रहे थे वे दूसरे थे। पुलिस जांच कर रही है वस्तुस्थिति सामने आयेगी। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज्य सरकार की छवि धूमिल करने मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के ऊपर मनगढ़ंत झूठे आरोप लगा रही है। भाजपा का चरित्र अफवाह फैलाकर राजनीति करना है। इसके पहले भी इस प्रकार षड्यंत्र कूटरचना भाजपा के द्वारा की गयी थी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह एक वीडियो के तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत कर मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे है। रमन सिंह को याद रखना चाहिये कि प्रशासनिक आतंक का दौर उनकी सरकार के साथ दिसंबर 2018 को ही चला गया। आज आम आदमी बिना खौफ के अपनी बात मुख्यमंत्री, मंत्रियों के सामने कर सकता है रमन सिंह को नहीं भूलना चाहिये उनके मुख्यमंत्री के समय इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में किसान सम्मेलन में अपनी बात रखने वाले युवा को किस प्रकार रमन सिंह ने पीटवाया था।

## विधायक छाबड़ा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




विधायक आशीष छाबड़ा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा धान खरीदी हेतु 07 दिन बढ़ाए जाने पर राज्य सरकार का बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों को देखते हुए यह ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है राज्य के पूरे किसान खुशहाल हो रहे हैं मौसम खराबी के कारण किसानों के धान सोसाइटी में तौलय नहीं जा सके जिस कारण किसानों को धान विक्रय में परेशानी आने लगी किसानों के हितेषी राज्य कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने 2500 क्विंटल में जो धान खरीदी का अब तक का सर्वाधिक धान खरीदी का नया रिकॉर्ड बनाया है विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि विधानसभा वासियों की मांग पर राज्य सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बेमेतरा विधानसभा में वर्ष से तीन नया धान खरीदी केंद्र प्रारंभ किए हैं जिसमें कुम्ही(भी) बसनी एवं परपोडा है जहां धान विक्रय में किसानों को अब सुलभता मिल रही है।

## कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण के सभी डोज़ निश्चित तिथि पर लगवाएं : सौरभ कुमार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर सौरभ कुमार ने सीनियर सिटीजन वेलफेयर फेरम के पदाधिकारियों से मिलकर अपने कक्ष में विस्तृत चर्चा की एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र और समस्त नागरिकों के टीकाकरण के लिए सुलभ कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया। उन्होनें यह भी कहा हैं कि वरिष्ठ नागरिक यदि किसी विशेष स्थल पर सामूहिक रूप से एकत्र होकर टीकाकरण कराना चाहें, तो जिला प्रशासन उनके लिए पृथक टीकाकरण सत्र भी आयोजित करेगा। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक भूपेंद्र पांडेय भी मौजूद थे।सीनियर सिटीज़न फोरम ने इस दौरान अवगत कराया कि वरिष्ठ नागरिक स्वस्फूर्त टीकाकरण करा रहे हैं एवं अब प्रीकॉशन डोज़ के लिए निश्चित तिथि को ही टीकाकरण केंद्रों में पहुंच रहे हैं। सभी ने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है, इसलिए पूरे परिवार को टीकाकरण के सुरक्षा च में लाने सभी सीनियर सिटीजन अपने दायित्वों का निर्वहन भी कर रहे हैं।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403